श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 334, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बजट 2024

48.21 लाख करोड़ रुपये का बजट

निर्मल बजट

बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत, रोजगार सृजन, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन पर जोर

सीतारमण ने अपना सातवां और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया

मंगलवार को पेश आम बजट में आयकर मोर्चे पर मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत देने और अगले पांच साल में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपये के आवंटन किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव हो गया है।

32.07
लाख करोड़ रुपये बजट अनुमान, ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियां

4.9%
जीडीपी का वित्तीय घाटा

4.5%
से घाटे को अगले साल तक नीचे लाने का लक्ष्य

25.83
लाख करोड़ रुपये सकल कर प्राप्ति

12
लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3 .4 प्रतिशत) का प्रावधान पूंजीगत व्यय के लिए

बजट की प्राथमिकताएं

- खेती में उत्पादकता
- रोजगार और क्षमता विकास
- समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय
- विनिर्माण और सेवाएं
- शहरी विकास
- ऊर्जा सुरक्षा
- अधोसंरचना
- नवाचार, शोध और विकास
- अगली पीढ़ी के सुधार

स्टार्टअप में निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी/ ब्यूरो

आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के शासन वाले राज्यों- बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कई परियोजनाओं का भी ऐलान किया। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया। वहीं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है।

सीतारमण ने अपना सातवां और नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए स्टार्टअप में सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त करने की घोषणा की। जब कोई गैर-सूचीबद्ध या स्टार्टअप कंपनी शेयर जारी कर पूंजी जुटाती है और उसका मूल्य कंपनी के उपयुक्त बाजार मूल्य से अधिक होता है, तब उस पर एंजल कर लगाया जाता है। बजट में मोबाइल फोन एवं सोने पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है और पूंजीगत लाभ कर को सरल बनाया गया है। हालांकि, वित्त मंत्री ने प्रतिभूतियों के वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को बढ़ा दिया। बिहार के लिए एक्सप्रेसवे, बिजलीघर, हेरिटेज कॉरिडोर और नए हवाई अड्डों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन करने की घोषणा की। बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू राज्य के लिए आर्थिक पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सहायता के रूप में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) हाल ही में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुई है। सीतारमण ने कहा इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग और पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का निर्धारण किया गया है। उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव किया। मानक कटौती के तहत आयकर की गणना करने से पहले वर्ष में अर्जित कुल वेतन में से निश्चित राशि घाटा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। नई व्यवस्था में कर की दरें कम हैं। हालांकि, इसमें मिलने वाली छूट भी न के बराबर है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट में कंपनियों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इसमें पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक महीने के वेतन का भुगतान और रोजगार के पहले चार वर्षों में उनके सेवानिवृत्ति निधि अंशदान के संबंध में नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल के लिए 3,000 रुपये प्रति माह तक का 'रिम्बर्समेंट' शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि कौशल में सुधार के साथ छात्रों के लिए इंटर्नशिप के लिए एक कार्यक्रम चलाया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए रियायती कर्ज भी प्रदान किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में भारत की आधिकारिक बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत आंकी गई है, लेकिन निजी एजेंसियों के मुताबिक इसका स्तर कहीं अधिक है। सीतारमण ने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024-25 के लिए फरवरी में पेश अंतरिम बजट में अनुमानित 5.1 प्रतिशत से कम है। इसका कारण मजबूत कर संग्रह और भारतीय रिजर्व बैंक से अपेक्षा से अधिक लाभांश प्राप्ति है। उन्होंने सकल बाजार उधारी को मामूली रूप से घटाकर 14.01 लाख करोड़ रुपये कर दिया। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ किफायती आवासों के निर्माण के लिए सहायता, छोटे और मझोले उद्यमों को कर्ज सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये, 12 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में उधारियों को छोड़कर कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ और व्यय 48.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया है। शुद्ध कर प्राप्ति 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है।

केन्द्रीय बजट 2024-25 (पैसे में)



4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार

15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रोत्साहन राशि

32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी किसानों की खेतीबाड़ी के लिए

1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए

15,000 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता आंध्र प्रदेश को मौजूदा वित्त वर्ष में मिलेगी

3 लाख करोड़ का आवंटन महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए

15,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती पर

1,000 करोड़ की उद्यम पूंजी निधि मिलेगी अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को पांच गुणा बढ़ेगी

6% सीमा शुल्क घटा सोने और चांदी पर, प्लेटिनम पर 6 .4 प्रतिशत

3 दवाइयां कैंसर की ट्रेस्टूजुमाब डिरूक्सटीकेन, ओसिमर्टिनिब और डुर्वालुमैब को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट

01 करोड़ किसानों को प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग के साथ दो वर्षों में देश में प्राकृतिक कृषि से जोड़ा जाएगा

10,000 आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे प्राकृतिक खेती के लिए

21,400 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं

500 करोड़ से घटाकर 250 करोड़ की गई खरीददारों को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा

50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक छूट करने का प्रस्ताव

40% से घटाकर 35% होगी विदेशी कंपनियों पर कारपोरेट कर दर

30 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी

15% मूलभूत सीमा शुल्क घटाया मोबाइल फोन, मोबाइल प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बली (पीसीबीए) और मोबाइल चार्जर पर

5% टीडीएस दर घट कर 2 प्रतिशत टीडीएस दर विभिन्न भुगतानों पर

20% प्रतिशत टीडीएस दर को समाप्त करने का प्रस्ताव म्युचुअल फंडों या यूटीआई द्वारा यूनिटों की पुन : खरीद पर

सीतारमण ने रिकॉर्ड सातवीं बार लगातार पेश किया बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को देश का आम बजट पेश कर दिया है। यह उनका रिकॉर्ड 7वां बजट था। वह लगातार 7 बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन गई हैं। उन्होंने मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं कीं। सफेद सिल्क साड़ी में वित्त मंत्री का बजट भाषण 1 घंटा और 25 मिनट तक चला। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी बनाया था। आइए एक नजर उनके सभी बजट भाषणों समेत अन्य रिकॉर्ड पर डाल लेते हैं।

पहला पेपरलेस बजट भी पेश कर चुकी हैं सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पहला बजट साल 2019 में दिया था। उनका यह बजट भाषण पूरे 2 घंटे और 15 मिनट तक चला था। उसके अगले साल ही 2020 में बजट पेश करते हुए उन्होंने भारत के सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड बना दिया था। उस दौरान वित्त मंत्री 2 घंटे 42 मिनट तक बोली थीं। साल 2021 का बजट भाषण 1.40 मिनट का था। हालांकि, इसने भारत के पहले पेपरलेस बजट होने का रिकॉर्ड बनाया था। साल 2023 में निर्मला सीतारमण का बजट भाषण 1 घंटा और 30 मिनट चला था। इसके बाद इसी साल फरवरी में उन्होंने अंतरिम बजट के दौरान 57 मिनट का भाषण दिया था।

मनमोहन सिंह ने बोले थे सबसे ज्यादा शब्द

भारत के इतिहास में शब्दों के हिसाब से सबसे लंबा बजट भाषण मनमोहन सिंह ने साल 1991 में दिया था। उन्होंने अपनी स्पीच के दौरान 18,700 वर्ड बोले थे। उनके ठीक बाद अरुण जेटली का नंबर आता है। उन्होंने 18,604 शब्दों में अपना बजट भाषण दिया था। देश का सबसे छोटा बजट सिर्फ 800 शब्दों का था। इसे साल 1977 में हीरूभाई एम पटेल ने पेश किया था। यह अंतरिम बजट था। निर्मला सीतारमण अपने बजट भाषणों के जरिए देश के आर्थिक विकास के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करती रही हैं।

प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी रकम, पुरानी पेंशन बहाली न होने पर राज्य कर्मियों में निराशा

उप्र को मिला पांच हजार करोड़ ज्यादा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: देश के आम बजट में इस बार प्रदेश को लगभग पांच हजार करोड़ रुपये ज्यादा रकम की व्यवस्था की गई है। ये रकम प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी। रोजगार, औद्योगिक विकास, महिलाओं के उत्थान समेत विभिन्न योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकेंगी।

लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। इस बजट में केन्द्रीय करों में प्रदेश का अंश 2,18,816.84 करोड़ था जो इस बजट में बढ़कर 2,23,737.23 करोड़ हो गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार बजट से सोलर पैनल, सोलर सेल, कैंसर की दवाएं, एक्सरे मशीन, मोबाइल फोन, चार्जर, इलेक्ट्रिक वाहन, चमड़े के जूते, चप्पल, पर्स आदि सस्ते होंगे, इससे आम लोगों को सीधा फायदा होगा। बजट में ग्रामीण विकास के लिये 2.66 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर रू. 20 लाख की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिये 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे। 100 शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिये तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जायेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण शुरू किया जाएगा। बजट में राज्य कर्मियों के पुरानी पेंशन की घोषणा न किये जाने से कर्मियों में निराशा है। ऊर्जा क्षेत्र के वितरण क्षेत्र के विकास के लिए कोई रकम आवंटित नहीं की गई है।

रोजगार को बढ़ावा देने को ईपीएफओ के जरिये तीन योजनाओं की घोषणा

नई दिल्ली। संगठित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नये कामगारों के लिए ईपीएफओ के जरिए तीन योजनाओं की घोषणा की। रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से लाई गईं इन योजनाओं के लिए कुल केंद्रीय परिव्यय 1.07 लाख करोड़ रुपये है। ये योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार इससे जुड़ने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देंगी। इनसे कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन मिलेगा। वित्त मंत्री ने बताया सभी संगठित क्षेत्रों में पहली बार ईपीएफओ की योजनाओं से जुड़ने वालों को योजना-क के तहत एक महीने का वेतन सरकार देगी। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को तीन किस्तों में एक महीने का वेतन दिया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगा।



इन बदलावों पर नजर जरूरी

- गिरवी या तृतीय पक्ष गारंटी के बिना मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए एमएसएमई को आवधिक ऋण की सुविधा देने के लिए ऋण गारंटी योजना
- 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से अगले पांच वर्ष में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान
- 100 साप्ताहिक 'हाट' या स्ट्रीट फूड हब के विकास में सहायता अगले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में
- विष्णुपद मंदिर गलियारा, महाबोधि मंदिर गलियारा और राजगीर का व्यापक विकास।
- टैक्स अधिकरणों, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में प्रत्यक्ष करों, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपीलों को दायर करने के लिए मौद्रिक सीमाओं को क्रमशः 60 लाख रुपये, दो करोड़ रुपये और पांच करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव
- सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये हर महीना
- पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए नई योजना
- 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना
- सरकार की योजनाओं और नीतियों के तहत किसी लाभ के लिए पात्र नहीं होने वाले युवाओं को घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण
- तीन साल में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने हेतु कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को लागू किया जाएगा।
- अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के साथ गया में औद्योगिक केंद्र का विकास
- जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विकास के 63,000 गांवों के पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे।
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 शाखाएं खोलना
- तरुण श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख
- इस वर्ष भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज रहित दीर्घावधि ऋण का प्रावधान
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध होगा बिहार में कोसी-मेची अंतर्राज्यीय लिंक और अन्य योजनाओं जैसी परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता
- सरकार बाढ़, भूस्खलन और अन्य संबंधित परियोजनाओं के लिए असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को सहायता देगी
- ओडिशा के मंदिरों, स्मारक, शिल्प, वन्य जीव अभयारण्य, प्राकृतिक भू-दृश्य और प्राचीन समुद्री तट के विकास हेतु सहायता।
- अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय पूल व्यवस्था
- सभी भू-खण्डों के लिए अनन्य भूखंड पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) अथवा भू-आधार
- कृषक रजिस्ट्री से जोड़ना वन स्टॉप समाधान के लिए ई-श्रम पोर्टल को अन्य पोर्टलों से जोड़ना
- नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों के योगदान से एक योजना के रूप में एनपीएस वात्सल्य
- चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत एक्सरे ट्यूब और मेडिकल एक्सरे मशीनों में इस्तेमाल हेतु फ्लैट पैनल डिडेक्टरों पर मूलभूत सीमा शुल्क में बदलाव
- 25 महत्वपूर्ण खनिजों को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट
- सोलर सैल और पैनलों के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी वस्तुएं सीमा शुल्क के दायरे से बाहर
- लौह, निकेल और ब्लिस्टर तांबे पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- तांबा स्क्रैप पर 2.5 प्रतिशत रियायती मूलभूत सीमा शुल्क
- रेजिस्टरों के विनिर्माण हेतु ऑक्सीजन मुक्त तांबे पर कुछ शर्तों पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- अमोनियम नाइट्रेट पर मूलभूत सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत
- प्लास्टिक पीवीसी फ्लैक्स बैनरों पर मूलभूत सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत
- दूरसंचार उपकरण के पी.सी.बी.ए. पर बीसीडी को 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत
- फ्यूचर्स और ऑप्सन्स के विकल्पों पर सिक्यूरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स को बढ़ाकर क्रमशः 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत करने का प्रस्ताव

सोना-चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती का उद्यमियों ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने आम बजट में सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत किया। उद्योग ने कहा कि इससे आदान (इनपुट) लागत कम होगी, मूल्य संवर्धन बढ़ेगा, निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू विनिर्माण को लाभ मिलेगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा, 'देश में सोने और कीमती धातु के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए मैं सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत और प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं।' पहले सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत था। सोने और चांदी के 'डोर' पर शुल्क पहले के 14.35 प्रतिशत से घटाकर 5.35 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्लैटिनम, पैलेडियम, ऑस्मियम, रूथेनियम और इरीडियम पर सीमा शुल्क 15.4 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन विपुल शाह के अनुसार, आयात शुल्क में कमी हमारे उद्योग के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जो कार्यशील पूंजी जारी करके उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य और विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा। शाह ने कहा, 'विशेष अधिसूचित क्षेत्रों (एसएनजेड) में बिक्री के लिए कच्चे हीरों पर दो प्रतिशत समानीकरण शुल्क को समाप्त करने और सुरक्षित बंदरगाह नियम की शुरूआत भारत को वैश्विक हीरा व्यापार केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगी।'

उन्होंने कहा कि ये उपाय इस क्षेत्र के विकास को गति देंगे, छोटे पैमाने के हीरा तराशने वालों और पॉलिशरों के लिए लाखों नौकरियां पैदा करेंगे और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, 'स्वर्ण उद्योग के लिए, सोने पर मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) में कमी से घरेलू आभूषण उद्योग की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा कि यह सोने पर कुल करों को प्रभावी रूप से जीएसटी सहित लगभग 18.5 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, ''यह सही दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह सोने की तस्करी को हतोत्साहित करेगा। यह ईमानदार कारोबारियों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देगा। सोने की कीमतें स्थानीय स्तर पर भी सही होंगी, जिससे खुदरा सोने की मांग को बढ़ावा मिलेगा, जो भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए एक और प्रोत्साहन है।

शुल्क में कमी से तस्करी में आएगी कमी

मालाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, 'उम्मीद है कि शुल्क में कमी से सोने की तस्करी में भारी कमी आएगी, जिससे अवैध व्यापार पर अंकुश लगेगा और कर राजस्व में वृद्धि होगी। इस कटौती से संगठित खुदरा आभूषण विक्रेताओं, उपभोक्ताओं और सरकार को लाभ होगा।' अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, 'सीमा शुल्क में कमी से घरेलू आभूषण निर्माताओं, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जिससे उन्हें धीरे-धीरे औपचारिक चैनल की ओर संक्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।' इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह फैसला आभूषण और सर्राफा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और नए अवसर पैदा करेगा।' आयात शुल्क में कमी के साथ, पीएनजी ज्वैलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल को 'सोने की खपत में वृद्धि और सोने की कीमतों में नरमी की उम्मीद है, जो हाल ही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।'



श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 334, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़ 14

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज 13

नई ऊर्जा, सुनहरे भविष्य, नए अवसर वाला बजट विकसित भारत की ठोस नींव रखेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में करेगा उत्प्रेरक का काम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को नई ऊर्जा, बेहतर विकास और सुनहरे भविष्य के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर लेकर आने वाला बताया और कहा कि यह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में 'उत्प्रेरक' का काम करेगा तथा विकसित भारत की ठोस नींव भी रखेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए 2024-25 के बजट को उन्होंने समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला करार दिया और कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन संबंधी योजना से देश में करोड़ों नए रोजगार पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है। ये ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। ये बेहतर वृद्धि (ग्रोथ) और सुनहरा भविष्य लेकर आया है। आज का बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने और उस पूरी प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और इससे नया मध्यम वर्ग बना है, यह उनके सशक्तीकरण की निरंतरता का भी बजट है। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। इस बजट से शिक्षा और स्किल (कौशल) को नई गति मिलेगी। यह मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और इससे छोटे व्यापारियों व लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें विनिर्माण और अवसंरचना विकास पर भी बल दिया गया है जिससे आर्थिक विकास को नयी गति मिलेगी और निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगार के 'अभूतपूर्व' अवसर को अपनी सरकार की पहचान करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश में करोड़ों नए रोजगार उत्पन्न होंगे और जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह सरकार देगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटेंसिव (प्रोत्साहन) की योजनाएं, इससे गांव के गरीब युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में काम करने का अवसर मिलेगा, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। हमें हर शहर, हर गांव में घर-घर उद्यमी बनाना है। बिना गारंटी मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा बजट : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम बजट देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि यह रामराज की अवधारणा को साकार करेगा। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख, 140 करोड़ भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इससे सर्वाधिक लाभान्वित देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आधी आबादी होने वाली है।

बजट में की गई उत्तर प्रदेश की उपेक्षा : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आम बजट में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए बिहार व आन्ध्र प्रदेश के विशेष पैकेज या विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण व संविदा नौकरी को लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं को एक-दो साल का प्रशिक्षण दिलाकर इस तरह की नौकरी के सपने दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस आधी-अधूरी नौकरी में आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश प्रधानमंत्री देता है, उसके किसानों के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? देश का नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। जब तक किसान के मसले हल नहीं होंगे और नौजवानों की पक्की नौकरी नहीं होगी तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा।

घटकों में रेवड़ी बांटकर कुर्सी बचाने का बजट : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बजट 2024-25 को 'कुर्सी बचाए' रखने के लिए गठबंधन के सहयोगियों की बात मानकर उन्हें खुश करने वाला बजट करार दिया और कहा कि इसमें कांग्रेस के न्याय एजेंडे की नकल का विफल प्रयास किया गया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का यह 'नकलची बजट'। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बाँट रहा है, ताकि राजग बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है। गांधी ने कहा कि यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है। सहयोगियों को खुश करें- अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे। अपने मित्रों को खुश करें- एए को लाभ, आमजन को कोई राहत नहीं। कॉपी और पेस्ट करें : कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले बजट।

एक नजर

तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर फरार

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक स्कार्पियो गाड़ी से तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कानोड लसाडिया मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान आई स्कार्पियो गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। तलाशी में करीब तीन क्विंटल डोडा चूरा सहित स्कार्पियो गाड़ी को जब्त कर लिया। दो तस्कर भागने में सफल हो गए।

बलरामपुर में हाथियों का उत्पात, एक की मौत

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हाथियों के दलों का उत्पात जारी है। अभी तक हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल है जबकि रजखेता गांव में धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव में सोमवार की रात राजा सिंह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इसी बीच दोनों का सामना हाथियों के दल से हो गया। राजा राम को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं लक्ष्मण सिंह को घायल कर दिया।

युवक की मौत की जांच सीबीआई को सौंपी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था।

दोबारा नहीं होगी नीट-यूजी

सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की गुहार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा- जांच में नहीं मिले प्रश्नपत्रों के सार्वजनिक होने के सबूत

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित 5 मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद कर दोबारा आयोजित कराने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद आंकड़े प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक होने के संकेत नहीं देते हैं।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपलब्ध आंकड़ों की जांच में कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके की प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता है।

पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह सच है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र हजारीबाग और पटना में सार्वजनिक हुआ था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि हजारीबाग और पटना के केवल 155 विद्यार्थी ही इसके (प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं) के लाभार्थी थे।

- दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश देना करीब 24 लाख छात्रों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए नए सिरे से नीट कराने का निर्देश देना इस परीक्षा में बैठने वाले करीब 24 लाख से विद्यार्थियों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दाखिले के कार्यक्रम में व्यवधान से भविष्य में योग्य चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर प्रभाव समेत अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद फैसला दिया गया। पीठ ने कहा कि नीट परीक्षा 05 मई को आयोजित की गई थी और परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परीक्षा में लगभग 23 लाख 33 हजार अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए 1.08 लाख सीटें हैं, जिनमें से 56000 सीटें सरकारी कॉलेजों में और बाकी निजी संस्थानों में हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र और एनटीए का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा सहित अन्य की दलीलें चार दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुनाया।

भौतिकी के प्रश्न का केवल एक उत्तर सही था

नई दिल्ली। आईआईटी, दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प उक्त प्रश्न का सही जवाब है। पीठ ने कहा कि समिति के जवाब के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था।

फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 20 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया कराने के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में नौ महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने मंगलवार को कहा कि अनुमान है कि 400 से अधिक पीड़ित कॉल सेंटर की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, जिसके कारण कुल 40 लाख रुपये की ठगी हुई है। पुलिस पहले ही देश भर में 50 से अधिक पीड़ितों की पहचान कर चुकी है। डीसीपी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के लाडो सराय इलाके से संचालित यह फर्जी कॉल सेंटर सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगता था। डीसीपी ने बताया कि वे एकत्रित किए गए विवरणों का इस्तेमाल अपने खातों में पैसे हस्तांतरित करने के लिए करते थे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को नौ महिला टेली-कॉलर्स समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया गयाा है और उनके पास से कुल 32 मोबाइल फोन, 48 फर्जी सिम कार्ड, चार लैपटॉप और 23 बैंक खाते जब्त किए गए, जांच जारी है।

- सरकारी योजनाओं में ऋण दिलाने के बहाने ऐंठते थे रुपये

बजट में रेलवे के लिए दो लाख 62 हजार 200 करोड़ का प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेल संरक्षा पर खर्च होंगे एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये : वैष्णव

रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि के बीच आए आम बजट में रेलवे के पूंजीगत आवंटन में एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक संरक्षा के लिए व्यय करने का प्रस्ताव किया गया है। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मीडिया को बजट प्रस्तावों की जानकारी देते हुए कहा कि बजट में रेलवे के लिए रिकॉर्ड दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि वर्ष 2014 में रेलवे के लिए पूंजीगत आवंटन 35 हजार करोड़ रुपये के आसपास रहता था। उन्होंने कहा कि इस दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय में से एक लाख आठ हजार 795 करोड़ रुपये संरक्षा के मद में खर्च किए जाने हैं। संरक्षा के मद में पुरानी रेल पटरियों को बदलना, कवच का नया 4.0 संस्करण लगाना, इंजन एवं कोचों के अनुरक्षण, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने आदि में यह धनराशि खर्च की जाएगी।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों की सवारी है। इसलिए जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों की मांग बढ़ी है। पूंजीगत व्यय से करीब 10 हज़ार जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों के उत्पादन किया जाएगा। कवच के नए संस्करण के बारे में उन्होंने कहा कि कवच 4.0 में भारतीय रेलवे के सभी तरह की प्रणालियों को समाहित करते हुए नया साफ़्टवेयर बनाया गया है। जिसे दो तीन पहले ही आरडीएसओ लखनऊ से स्वीकृति हासिल हुई है। अब इसको तेजी से बड़े पैमाने पर उत्पादन करके अधिक से अधिक लाइनों पर लगाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि रोज़गार की दृष्टि से देखें तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के 10 साल के शासनकाल में चार लाख 16 हजार नियुक्तियां हुईं थीं जबकि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पांच लाख से अधिक लोगों को रेलवे की नौकरी मिली है। इस वर्ष भी 38 से 40 हजार लोगों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

यूट्यूबर एल्विश यादव धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुआ

लखनऊ। यूट्यूबर एल्विश यादव मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। एजेंसी ने उनसे धनशोधन मामले के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर पूछताछ की। इस दौरान एल्विश यादव ने कहा कि मुझे जो कहना था, मैं पहले ही कह चुका हूं। जो मुझसे मांगा गया था, मैं उसे दे चुका हूं। अब हर उस सवाल का जवाब दूंगा, जो मुझसे पूछा जाएगा। बता दें कि ईडी ने बीती 10 जुलाई को यूट्यूबर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन एल्विश ने ईडी से मोहलत मांगी थी।

- कहा, यूके में था इसलिए 10 जुलाई को नहीं पहुंच सका

यूट्यूबर एल्विश यादव लंबे समय से स्नैक वेनम (सांप का जहर) मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्हें पुलिस एक बार गिरफ्तार भी कर चुकी है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने भी एल्विश यादव को बीती 10 जुलाई को नोटिस जारी किया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। मीडिया के सवाल पर एल्विश ने कहा कि मैं यूके गया था, जिसके कारण पेश नहीं हो पाया। ऐसे में मैंने पेश होने के लिए मोहलत मांगी थी। इस पर उन्हें 23 जुलाई तक का समय दिया गया था। एल्विश ने कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप लगे हैं, उसकी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ईडी के अधिकारी जो भी सवाल करेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा। बताते चलें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एल्विश के करीबी और हरियाणा के मशहूर गायक राहुल यादव उर्फ फाजिल पुरिया समेत तीन लोगों से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है।

युवक थाईलैंड में बंधक 22 लाख फिरौती मांगी

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : प्रयागराज जिले के एक युवक को थाईलैंड में बंधक बना लिया गया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि करीब दस दिनों से बेटे से कोई बात नहीं हुई है। 22 जुलाई को युवक के फोन से 22 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। रुपये डॉलर में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा है। अब युवक का फोन बंद है। पीड़ित परिजनों ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय को पत्र लिखने के अलावा विदेश मंत्रालय से युवक को वापस लाने की गुहार लगाई है।

प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद निवासी जिया पंजतन (26) दुबई की एक कंपनी में काम करता था। उसके साथ भारत के अन्य चार युवक भी थे। जिया पंजतन और अन्य युवक दुबई से थाईलैंड के लिए 10 जुलाई को इंडिगो की फ्लाइट से गए थे। आखिरी बार उनकी 13 जुलाई को परिजनों से बातचीत हुई थी। इसके बाद से जिया का संपर्क टूट गया। घरवालों का कहना है कि युवकों को बैंकॉक के एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है। वॉट्सऐप, इंस्टा, फेसबुक, मैसेंजर पर ऑनलाइन नहीं हैं। जिया की बहन कनीज ने कहा- 22 जुलाई को मेरे भाई ने मुझे वॉट्सऐप पर कॉल किया। भाई ने कहा इन लोगों ने मुझे बंधक बना लिया है। ये लोग मुझसे 22 लाख रुपये डॉलर में मांग रहे हैं। मेरी तरह 5 लड़के यहां बंधक बने हैं। 23 जुलाई तक का समय दिया है। कनीज ने विदेश मंत्रालय और पीएमओ को ई-मेल के जरिए बेटे को छुड़ाने के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। जिया के बड़े भाई बक्शीश दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

थाईलैंड में बंधक बनाए गए जिया पंजतन के पिता आले पंतजन रिटायरमेंट के बाद अपनी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं।

- पांच अन्य भारतीयों को बनाया गया बंधक, सभी दुबई में कर रहे नौकरी

> मामला विदेश से जुड़ा है। परिवार वालों से बातचीत कर जो भी उचित होगा किया जाएगा। -पुष्कर वर्मा, एसीपी प्रयागराज

बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ निलंबित

लखनऊ। बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इन अधिकारियों को दो दिनों में जवाब देने को कहा गया है। आपदा से हुई जनहानि व क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर शासन स्तर से यह कार्रवाई की गई है।

- पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। जिन पांच एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, उनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमशः संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन व गजेंद्र कुमार शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह व अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से जवाब-तलब किया है। इन अधिकारियों को भी दो दिन में जवाब देने को कहा गया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है, वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

पुंछ में घुसपैठ की कोशिश हाथरस के सुभाष शहीद

- सेना के जवानों ने ध्वस्त किए आतंकियों के मंसूबे

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कोर ने कहा कि भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हाथरस (यूपी) के निवासी लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। हाल के महीनों में जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे क्षेत्र में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने की आशंका बढ़ गई है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

असाधारण परिस्थितियों में ही बेल पर लगाएं रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जमानत आदेश पर रोक लगानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसमें धन शोधन के एक मामले में एक आरोपी की जमानत पर रोक लगाई गई थी। पीठ ने कहा कि हालांकि, अदालत के पास जमानत पर रोक लगाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेश पर रोक लगाने से बचना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला धन शोधन के एक मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर सुनाया।

- शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को किया खारिज

बजट 48.21 लाख करोड़

16.13 लाख करोड़ की व्यवस्था उधार से

राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट में कुल 48.21 लाख करोड़ के व्यय का अनुमान लगाया है और राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 5.1% रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में, संशोधित अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत था। बजट निर्माण में वित्त वर्ष 2024-25 में चालू कीमतों पर जीडीपी में 10.50 की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के दौरान पेश बजट पत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 3,26.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2023-24 के 2,95.36 लाख करोड़ की तुलना में 10.50 प्रतिशत अधिक है। बजट अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में केंद्र की शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़, कर-भिन्न प्राप्तियां 5.46 लाख करोड़ तक रहेंगी तथा पूंजी प्राप्तियां 16.91 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

पूंजी गत प्राप्तियों में उधार और अन्य देयताताओं के मद में प्राप्तियां 16.13 लाख करोड़ अनुमानित हैं। विनिवेश से 50 हजार करोड़ प्राप्त होने का अनुमान है, जो अंतरिम बजट के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष में विनिवेश से 33122 करोड़ प्राप्त हुए थे। चालू वित्त वर्ष में सरकार के कुल 4820512 करोड़ के अनुमानित व्यय में राजस्व खाते पर व्यय 3709401 करोड़, ब्याज भुगतान पर 1162940 करोड़ तथा पूंजीगत सम्पत्तियों के सृजन के लिए अनुदानों पर 3.91 लाख करोड़ के व्यय का प्रावधान है।

प्रस्तावों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत के रहेगा। सरकार की वित्तीय स्थिति को और मजबूत बनाने की राह पर आगे और प्रगति का विश्वास जताते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। उन्होंने कहा चालू वित्त वर्ष में सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से बाजार से सकल 14.01 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटायेगी। वर्ष के दौरान जुटाया गया कर्ज शुद्ध रूप में 11.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 में उन्होंने राजकोष को मजबूत बनाने की जो वृहद योजना प्रस्तुत की, उससे अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा हुई है, और सरकार अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखेगी। बुनियादी आर्थिक, सामाजिक और अनुसंधान एवं विकास ढांचे को बढ़ाने की योजनाओं के साथ बजट में 11 लाख 11,111 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है जो जीडीपी के 3.4 प्रतिशत के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों के अनुसार 2023-24 में पूंजीगत व्यय 9.49 लाख करोड़ रुपये था।

पूंजीगत लाभ कर में बदलाव से सरकारी खजाने में 15 हजार करोड़ रुपये का इजाफा: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि बजट में पूंजीगत लाभ कर की दरों में प्रस्तावित बदलाव से सरकारी खजाने को 15,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने बजट में पूंजीगत लाभ कर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया। साथ ही प्रतिभूति और अचल संपत्ति समेत विभिन्न संपत्तियों को अपने पास रखने की अवधि को तर्कसंगत बनाया गया है। दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर के लिए सूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों को एक वर्ष से अधिक समय तक जबकि असूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों तथा सभी गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों को कम से कम दो वर्षों तक रखना होगा। विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें गैर-सूचीबद्ध बॉण्ड तथा डिबेंचर शामिल नहीं है उसमें मौजूदा स्लैब दरें लागू होंगी। सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद कहा कि सरकार कराधान व्यवस्था को सरल बनाना चाहती है। सीतारमण ने कहा कि औसत कराधान घटकर 12 .5 प्रतिशत रह गया है... हम इसे न्यूनतम स्तर पर ले आए हैं जिससे बाजार में निवेश को बढ़ावा मिला है। बजट में सूचीबद्ध शेयर, शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड और कारोबारी ट्रस्ट की इकाइयों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर (एसटीसीजी) को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भी है। वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन ने कहा कि बजट ने पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को बेहद सरल बना दिया है। सोमनाथन ने कहा कि इक्विटी 20 प्रतिशत पर है और बाकी सब कुछ अल्पावधि के लिए लागू दर पर है। हां, अल्पावधि में बढ़ोतरी हुई है और दीर्घावधि को तर्कसंगत बनाया गया है। वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में प्रस्तावित वृद्धि के संबंध में मल्होत्रा ने कहा कि यह एक अक्टूबर 2024 से प्रभावी होगा।

पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ रुपये तक

पूंजीगत व्यय के लिये राजस्व खाते से दिए अनुदानों को जोड़ें तो वर्ष के दौरान प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ तक रहेगा। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.13 लाख करोड़ (जीडीपी के 4.9% के बराबर) रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष, संशोधित अनुमानों में 16.54 लाख करोड़ (जीडीपी के 5.6%) के बराबर था। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच साल तक अवसंरचना विकास को अपना ठोस समर्थन बनाये रखेगी। बजट में राज्यों को अवसंरचना विकास के लिये 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त दीर्घकालिक ऋण का प्रावधान किया गया है। बजट में केंद्र सरकार को करों से शुद्ध प्राप्ति प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में ग्रामीण इलाकों में 25,000 छोटी बस्तियों तक सड़क पहुंचाने का लक्ष्य है।

सरकार ने भेदभाव के बिना सभी राज्यों को धन दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ की सहायता का वादा, 50 वर्षों तक बिना ब्याज के रुपये देने का प्रावधान
- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि सरकार ने बजट में उन राज्यों को विशेष सुविधा दी है, जहां उसके सहयोगी दलों की सरकार हैं। उन्होंने कहा कि जिनके गठबंधन को 230 से सीटें मिली हैं, उन्हें इस पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि केंद्र ने सभी राज्यों को धन मुहैया कराया है। बिहार के लिए घोषित करोड़ की परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय सहायता उपलब्ध कराने के वादे पर उन्होंने कहा कि बजट में सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व गठबंधन के साथ, हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आराम से सरकार बनाई है। यह ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कार्यकाल में विकास के लिए कई घोषणाएं की हैं, जिसमें राज्यों को 50 वर्षों तक बिना ब्याज के 1.50 लाख करोड़ रुपये देने का प्रावधान शामिल है। यह वित्त आयोग की सिफारिश से अलग है। बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा गया है।

बजट में आम आदमी के हितों पर दिया गया ध्यान: उद्योग जगत

नई दिल्ली। उद्योग जगत ने बजट 2024-25 को आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजकोषीय मजबूती के मार्ग पर अग्रसर बताने के साथ ही कहा कि इसमें भारतीय निवेशकों के लिए कुछ और कदम उठाए जा सकते थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि बजट से पता चलता है कि मोदी सरकार का इस कार्यकाल में लक्ष्य राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की राह पर आगे बढ़ना है। कृषि क्षेत्र और किफायती एवं शहरी आवासीय अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करना ठोस कदम है और यह एक शुभ संकेत है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि वित्त मंत्री ने आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीम इंडिया के लिए मैच जीतने वाला बजट पेश किया। उद्योग मंडल सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि यह बजट समावेश के साथ वृद्धि तेज करने के लिए भारत की सफल समग्र आर्थिक रणनीति को निरंतरता प्रदान करता है। यह निवेश और सुधारों की अगुवाई में तथा समावेशन एवं सशक्तिकरण पर केंद्रित सरकार के पिछले दो कार्यकालों की सफल आर्थिक रणनीति को आगे बढ़ाता है। पीएचडी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख और समावेशी है। इसमें घोषित अनेक उपाय विकसित भारतकी दिशा में भारत की यात्रा को मजबूती प्रदान करेंगे।

बजट में बिहार को मिले 60,000 करोड़

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट में मंगलवार को बिहार के लिए कई बड़े कदम उठाए गए। इनमें राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया। इनमें तीन एक्सप्रेसवे, एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई। आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सड़क संपर्क परियोजनाओं - पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेसवे और बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त दो-लेन पुल के विकास के लिए केंद्र के समर्थन की घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि इन चार परियोजनाओं की कुल लागत 26,000 करोड़ रुपये होगी। बिहार के लिए अन्य सौगातों में भागलपुर जिले के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का विद्युत संयंत्र स्थापित करना शामिल है, जिसपर 21,400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार बिहार में हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल संबंधी बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। इसके अलावा, केंद्र बिहार की बाढ़ में भी मदद करेगा। बिहार नेपाल से निकलने वाली कई नदियों की बाढ़ से अक्सर पीड़ित रहता है।



विकास के लिए उठाए कदम सराहनीय

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया और कहा कि बजट में बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिए उठाये गए कदम सराहनीय है। कुमार ने कहा कि इस बजट के माध्यम से देश के साथ-साथ बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिये कई कदम उठाए गए हैं, जो सराहनीय है। संतुलित बजट पेश करने के लिये मैं केंद्र सरकार को बधाई देता हूं। देश में बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना के निर्माण का निर्णय भी स्वागत योग्य है।

- एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं
- तीन सड़क संपर्क परियोजनाएं : पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेस-वे
- बक्सर में गंगा नदी पर एक अतिरिक्त दो-लेन पुल के समर्थन की घोषणा

जम्मू-कश्मीर के लिए 42,277.74 करोड़ आवंटित

नई दिल्ली। बजट में जम्मू-कश्मीर को 42,277.74 करोड़ आवंटित किए हैं जो पिछले वित्त वर्ष में दिए गए 41,751.44 करोड़ रुपये से 1.2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। जम्मू-कश्मीर को आकस्मिक निधि से अग्रिम राशि के रूप में स्वीकृत 7,900 करोड़ भी हैं। सरकार ने प्रदेश आपदा प्रतिक्रिया कोष में अनुदान के तौर पर जम्मू कश्मीर को 279 करोड़ आवंटित किए हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए होंगे। प्रदेश को 624 मेगावाट की किरु जल विद्युत परियोजना (एचईपी) के लिए इक्विटी योगदान के लिए 130 करोड़ आवंटित हुए हैं, 800 मेगावाट की रतले जल विद्युत परियोजना के लिए इक्विटी की खातिर 476.44 करोड़ मंजूर हुए हैं। झेलम और तवी बाढ़ रिकवरी परियोजना (जेटीएफआरपी) के खर्च को पूरा करने के लिए 500 करोड़ का अनुदान दिया गया है।

लद्दाख के लिए बजट आवंटन में 32 प्रतिशत की वृद्धि



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को घोषित केंद्रीय बजट 2024-25 में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 5,958 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले साल के 4,500 करोड़ रुपये के आवंटन से 32 प्रतिशत अधिक है। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू और कश्मीर से अलग हुए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अपने सचिवालय से संबंधित खर्चों और अन्य विभागों और कार्यालयों की स्थापना के लिए केंद्र से स्थापना व्यय के लिए 2,035.49 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में लद्दाख को अन्य केंद्रीय क्षेत्र व्यय के लिए 3,922.51 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कृषि और संबद्ध योजनाएं, जल आपूर्ति और स्वच्छता, ग्रामीण विकास, बिजली, वानिकी और वन्यजीव, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

रोजगार-अवसरों के नए युग की शुरुआत: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बजट को दूरदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुखी करार दिया। उन्होंने कि यह रोजगार तथा अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देश को विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की राह पर ले जाएगा। उद्यमशीलता बढ़ाने, व्यापार सुगम बनाने के साथ ही आर्थिक विकास को दिशा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें कर आकलन नियमों को सरल बनाकर करदाताओं को राहत दी गई है। उन्होंने हैशटैग बजटफॉरविकसितभारत के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों की शक्ति का उपयोग कर यह बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और विश्वास को पूरा करेगा। यह मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के संकल्प का परिचायक भी है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा परिवर्तनकारी सिद्ध होने वाली है।

बजट पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी: ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट को राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी करार दिया। उन्होंने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ने ऐसी कौन सी गलती है कि उसे केंद्र ने वंचित कर दिया। बजट में गरीबों के हितों का खयाल नहीं रखा गया है। यह दिशाहीन है। यह बस राजनीतिक मिशन को पूरा करने के लिए है।



लोकसभा में बजट सत्र के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए जा रहे केंद्रीय बजट 2024-25 का सीधा प्रसारण देखते लोग। एजेंसी

विकसित भारत के एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार भरेगी गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है बजट
- कॉरपोरेट सेक्टर को युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने से बदलेगा परिदृश्य

अमृत विचार: यह नए भारत का बजट है। सभी वर्गों और क्षेत्रों को साथ लेकर समर्थ और विकसित भारत के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ने का दस्तावेजी प्रमाण है। मोदी सरकार 3.0 ने अपना पहला बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया है। इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के साथ एमएसएमई सेक्टर को मजबूती से एड्रेस किया गया है। शेयर बाजार को इस बजट को समझने में एक-दो दिन का वक्त लग सकता है, उसकी रफ्तार और तेज होगी, इसमें कोई शक नहीं है। यह बात बजट-2024 पर प्रदेश के प्रमुख उद्यमी और गोल्डी समूह के निदेशक आकाश गोयनका ने कही।

उद्यमी गोयनका ने कहा कि युवाओं के लिए कौशल विकास के साथ रोजगार का रोड मैप प्रदान किया जाना, यह बताता है कि सरकार बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। भारत आज युवाओं का देश है और स्किल डेवलपमेंट के बूते दुनिया में धाक जमा सकता है, ऐसे में सरकार के अप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप की दिशा में आगे बढ़ने से युवाओं में भी आत्मविश्वास और जोश बढ़ेगा। पहली बार देश के कॉरपोरेट सेक्टर को इस जिम्मेदारी से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण और परिदृश्य बदलने वाला कदम है। इसी तरह देश में निम्न मध्यम आय वर्ग के लोगों की बड़ी संख्या देखते हुए आयकर में मानक कटौती को 50 से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किए जाने और कर स्लैब में राहत प्रदान देने से 7 लाख 75 हजार तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, इससे लगभग 4 करोड़ लोगों को 17,500 रुपये की बचत होगी, जो बाजार का हिस्सा बनेगी। सरकार ने कृषि क्षेत्र को भी प्राथमिकता पर रखा है। कृषि और संबंधित क्षेत्रों को 1.52 लाख करोड़ आवंटन में बड़ा हिस्सा अनुसंधान के जरिए उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु सहनशील किस्मों पर केंद्रित करना खेती-किसानी के प्रति विकास की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। बजट में कस्टम ड्यूटी में बदलाव भी सराहनीय हैं। कैंसर की तीन दवाएं, सोना-चांदी और चमड़े के उत्पाद सस्ते होने से राहत मिलेगी। स्ट्रीट वेंडरों के लिए 100 स्ट्रीट फूड हब स्थापित करने का फैसला दिखाता है कि सरकार अपनी योजनाओं को समाज के आखिरी हिस्से तक ले जाना चाहती है। इंफास्ट्रक्चर बढ़ाने पर सरकार भारी खर्च कर रही है। इसका बड़ा हिस्सा हार और आंध्र प्रदेश की झोली में गया है, लेकिन ग्रोथ का फायदा देश को मिलना है।

विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट: शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रस्तुत किये गए बजट को मैंने सुना। यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प, एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है। पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए इस लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुख तथा सर्वसमावेशी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद।

दिल्ली को नहीं मिला एक भी रुपया : आतिशी

आतिशी ने कहा कि केंद्र को करों के रूप में 2.32 लाख करोड़ रुपये का भुगतान करने के बावजूद केंद्रीय करों में दिल्ली को एक पैसा भी नहीं मिला। दिल्ली ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए बजटीय आवंटन की मांग की थी लेकिन उसे केंद्र से एक भी रुपया नहीं मिला है। वह केंद्र को आयकर के रूप में दो लाख करोड़ से अधिक और केंद्रीय जीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ का भुगतान करती है। दिल्ली 20,000 करोड़ मांग रही थी जो कि केंद्रीय बजट का सिर्फ 0.4 प्रतिशत है।

आम लोगों को कोई राहत नहीं : चिदंबरम

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर कुछ ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं तथा आम लोगों को कोई राहत नहीं दी गई है। उनका कहना था कि यह दावा कि योजनाओं से 2.90 करोड़ लोगों को लाभ होगा, अत्यधिक अतिशयोक्तिपूर्ण है। चिदंबरम ने कहा कि महंगाई दूसरी बड़ी चुनौती है।

बजट आमजन के इर्द-गिर्द केंद्रित : शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह बजट आम आदमी के इर्द-गिर्द केंद्रित है। बजट युवाओं, कामगारों, किसानों तथा महिलाओं पर केंद्रित है। इसमें बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर भी जोर दिया गया है। यह भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की एक शुरुआत है। बजट में महिलाओं से संबंधित योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये, किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचा विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मजबूत कदम है : मांडविया

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केन्द्रित बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि गरीब युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केंद्रित बजट फॉर विकसित भारत पेश करने के लिये मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभार प्रकट करता हूं। यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। सबको अवसर के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुये इस बजट में रोजगार सृजन और युवा विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और देश के सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित किया गया है।

बजट अच्छे दिन की उम्मीद वाला कम, मायूस करने वाला ज्यादा : मायावती

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बजट को अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा बताया। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट पुराने ढर्रे पर कुछ मुट्ठी भर अमीर और धन्ना सेठों को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों और उपेक्षित बहुजनों के त्रस्त जीवन से मुक्ति के लिए अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा है। सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि देश में छाई जबरदस्त गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन तथा 125 करोड़ से अधिक कमजोर तबकों के उत्थान व उनकी बुनियादी सुविधाओं के प्रति सुधारवादी नीति और नीयत का अभाव है। उन्होंने सवाल उठाया कि बजट में ऐसे प्रावधानों से क्या लोगों का जीवन खुशहाल हो पाएगा?

महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त बजट: फडणवीस

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय बजट में इस पश्चिमी राज्य के लिए पर्याप्त आवंटन के बाद भी विपक्ष नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। फडणवीस ने दावा किया कि विपक्षी दलों ने बजट आने से पहले ही केंद्र सरकार के खिलाफ नकारात्मक धारणा प्रस्तुत करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया तैयार कर ली थी। बजट में महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त आवंटन शामिल है। विपक्ष को सलाह दी जाती है कि वह प्रतिक्रिया देने से पहले बजट का गहन अध्ययन कर ले।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने सातवें बजट में 9 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रीत किया है। इसमें कृषि में उत्पादकता बढ़ाने को 1.52 लाख करोड़ निवेश की बात कही गई, किंतु कृषि वृद्धि दर 1.8% से 4% तक जाने का रास्ता कैसे तय होगा यह जिक्र नहीं किया। आर्थिक सर्वेक्षण यह कहता है कि 51% स्नातक रोजगार योग्य नहीं है तब रोजगार व कुशलता की प्राथमिकता सराहनीय है। अवसंरचना विकास में बिहार और आंध्र प्रदेश के एक्सप्रेस-वे ही महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ का आवंटन महत्वपूर्ण है किंतु ग्रामीण हाट को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कर छूट सराहनीय है किंतु घर, रसोई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर कुछ खास नहीं मिला। लघु उद्योगों का विकास व सहायता, रोजगार और कुशलता ऋण, सूर्य योजना, नए शोध केंद्रों का जिक्र आदि योजनाएं हैं। राजकोषीय घाटे का 4.9% का होना चिंता का विषय है। नौकरीपेशा और नवीन निवेशकों को न कर में छूट मिली, न बचत, न निवेश के लिए प्रोत्साहन। परिवहन और रेलवे पर संभवत: वित्त मंत्री ने अलग दस्तावेज तैयार किया है। बजट में महिला, युवा, बेरोजगार, कौशल आदि की बातें जरूर हैं लेकिन उनके आंकड़े और समय सीमा का होना भी जरूरी था। पूंजीगत व्यय का बढ़ना, युवाओं को इंटर्नशिप कराना, ऊर्जागत विकास, लघु उद्योगों को क्रेडिट गारंटी, औद्योगिक कॉरिडोर का विकास आदि महत्वपूर्ण घोषणाएं हैं।

- डॉ. विकास प्रधान, अर्थशास्त्र विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीसलपुर (पीलीभीत)

एलिवेटेड रेल ट्रैक का सपना जल्दी ही होगा पूरा

जरीब चौकी से आईआईटी तक 16 रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या होगी दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केंद्रीय बजट में कानपुर में एलिवेटेड रेल ट्रैक प्रोजेक्ट की घोषणा तो नहीं की गई है, लेकिन रेलवे बोर्ड द्वारा धन आवंटन की मंजूरी देने से जल्दी ही काम शुरू होने की उम्मीद है। यह ट्रैक बनने से शहर को दो हिस्सों में बांटने वाली फर्रुखाबाद रेलवे लाइन के कारण दिन भर लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी। जरीब चौकी से मंधना तक रेलवे क्रासिंगों पर लगने वाले जाम की पीड़ा से लाखों शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी।

बजट में रेलवे के लिए किए गए प्रावधान से कानपुर के एलिवेटेड ट्रैक प्रोजेक्ट को धन आवंटित होने की उम्मीद रेलवे अधिकारियों ने जताई है। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के अनवरगंज से मंधना स्टेशन के बीच बनने वाले एलिवेटेड रेलवे ट्रैक से दोनों स्टेशनों के बीच पड़ने वाली 16 रेलवे क्रासिंगों से रोज गुजरने वाली लगभग 35 लाख आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। इस ट्रैक के निर्माण कार्य पर 994 करोड़ रुपये खर्च होंगे। फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर बनने वाला एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जरीब चौकी क्रसिंग के पास से ट्रैक शुरू होकर मंधना



● 14 किमी लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाने पर खर्च होंगे 994 करोड़ रुपये

से पहले नीचे उतरेगा। इस तरह यह एलिवेटेड रेल ट्रैक करीब 14 किमी लंबा होगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक ने एलिवेटेड ट्रैक मंजूर किए जाने संबंधी सूचना पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम को दी है। माना जा रहा है कि अब जल्दी ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। जरीब चौकी से वैसे तो मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने की योजना है लेकिन ऐसा समझा जाता है कि ये प्रोजेक्ट जरीब चौकी से आईआईटी क्रासिंग तक ही रहेगा। फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर बढ़ रही ट्रेनों की संख्या से सबसे ज्यादा समस्या जरीब चौकी, गुमटी नंबर पांच, कोकाकोला क्रासिंग, गुटैया क्रासिंग, गीता नगर क्रासिंग, बगिया क्रासिंग, कल्याणपुर क्रासिंग पर होती है, रेलवे गेट बंद होने से लोग परेशान होते हैं।

गुमटी समेत कई बाजार होंगी गुलजार

अनवरगंज से मंधना तक 50 से अधिक ट्रेनों के आवागमन से रेलवे क्रासिंग का गेट 15 घंटे से अधिक समय बंद रहता है। इसके कारण रेलवे लाइन के आसपास स्थित बाजारों में लोगों ने आना कम कर दिया है। एलिवेटेड रेल ट्रैक बन जाने के बाद गुमटी नंबर पांच समेत आसपास की कई बाजारों का अस्तित्व बच जाएगा। फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर गेटों के बंद होने से सबसे ज्यादा गुमटी नंबर पांच, 80 फिट रोड बाजार, पी रोड बाजार, काकादेव कोचिंग मंडी, गीता नगर बाजार, कल्याणपुर बाजार के व्यापारी परेशान रहते हैं।

हाथीपुर में औद्योगिक क्लस्टर पार्क का रास्ता साफ

कानपुर। केंद्रीय बजट में सरकार ने देश में 100 औद्योगिक क्लस्टर पार्क स्थापित करने की घोषणा की है। कानपुर में सरसौल के पास हाथीपुर गांव में इस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के किनारे इस पार्क की स्थापना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है। यहां पर वेयरहाउस की सुविधा होगी। साथ ही होटल भी बनेंगे ताकि बाहर से आने वाले खरीदार यहां ठहर सकें और अपने माल की बुकिंग भी करा सकें। इसके साथ ही कंटेनर डिपो की सुविधा भी होगी। साथ ही कस्टम का कार्यालय भी होगा। इस पार्क से सरसौल- नर्वल मार्ग तक फोर लेन सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ ही बिल्हौर में लखनऊ- आगरा एक्सप्रेस वे के किनारे उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण भी औद्योगिक क्लस्टर बनाने जा रहा है। इसके लिए सौ हेक्टेयर भूमि ली जानी है। इसी तरह बजट में सरकार ने 4 मल्टी मॉडल लॉजिस्टक पार्कों की स्थापना करने की बात कही है। यहां के भाऊपुर में इस पार्क की स्थापना का प्रस्ताव मंत्रालय को उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की तरफ से भेजा गया था हालांकि तब भूमि की उपलब्धता न हो पाने के कारण इसे डंप कर दिया गया था लेकिन प्राधिकरण अब इस दिशा में नए सिरे से प्रयास कर सकता है। यहां पर करीब एक हजार एकड़ से अधिक भूमि ग्राम समाज की है।

फ्लैट, हॉट और सीवेज समस्या का समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बजट से शहर की झोली में आएंगी कई सौगात

अमृत विचार। बजट विकास की कई नई परियोजनाओं को धरातल पर उतार सकता है। इसमें पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट निर्माण, साप्ताहिक हॉट और सीवेज समस्या का समाधान प्रमुख हैं। पीएम आवास योजना के तहत बहुमंजिला इमारतें बनाने का रास्ता बजट ने साफ कर दिया है। यह फ्लैट बनने से गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के आवास का सपना पूरा होगा। इसी तरह कई वार्डों में फैली सीवर समस्या, गंदगी और जलापूर्ति की समस्या भी दूर होने की उम्मीद लगाई जा रही है। स्ट्रीट फूड हब को भी नया आयाम मिल सकता है। देश भर में खुलने वाली 100 साप्ताहिक हाट में शहर को शामिल किए जाने की प्रबल संभावना है।

केंद्रीय बजट 2024-25 में शहरी विकास को अमलीजामा पहनाने के लिये पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 1 करोड़ शहरी गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को लाभ देने की योजना है। केडीए के अधिकारियों के अनुसार इस योजना

के तहत शहर में कई बहुमंजिला इमारते बन सकती हैं। इसका सीधा लाभ लोगों को होगा। इसी तरह शहर में 12 वार्डों में सीवर समस्या है। इसको लेकर जलकल ने प्रस्ताव तैयार है। बजट में 100 बड़े शहरों में सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिये प्रावधान किया गया है। इससे शहर की सीवेज व्यवस्था दुरुस्त होने की संभावना जगी है। शहर में स्ट्रीट फूड हब विकसित करने की योजना को भी अमलीजामा पहनाया जा सकता है। बजट में चयनित शहरों में 100 साप्ताहिक हाट या स्ट्रीट फूड हब बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे बृजेंद्र स्वरूप पार्क, मोतीझील और दक्षिण क्षेत्र में प्रस्तावित स्ट्रीट फूड हब को बढ़ावा मिल सकता है।

बजट पर प्रतिक्रियाएं

यह भविष्य का बजट है। देश की दिशा और दशा तय करेगा। इस बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद है। किसी को कम तो किसी को ज्यादा है। कुल मिलाकर बजट सामान्य है, लेकिन इसके दूरगामी सकारात्मक पहलू दिखाई दे रहे हैं। नई सरकार ने विकास की योजनाओं की नींव रखी है। कुछ समय में आम लोगों व उद्यमियों को इस बजट के प्रावधान के लाभ दिखाई देने लगेंगे। **सुरेंद्र गुप्ता गोल्डी, एमडी शुभम गोल्डी मसाले समूह**

आम बजट से कारपोरेट जगत निराश है। कारपोरेट जगत को आशा थी कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये कारपोरेट जगत को कुछ विशेष पैकेज का प्रावधान किया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके साथ ही कैपिटल गेन पर टैक्स बढ़ाने से भी निराशा हाथ लगी है। हालांकि सरकार ने गरीबों, किसानों व मध्यम आय वर्ग के लोगों को कुछ राहत दी है। सरकार को युवाओं के लिये रोजगार सृजन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। **-सोम गोयनका, एमडी गोल्डी मसाले**

आम बजट में वित्तमंत्री को उद्योग को और भी बहुत कुछ दिया जा सकता था। इसके बावजूद जो घोषणाएं हुई हैं वह उद्योग को बढ़ाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का काम करेंगी। इस बजट में आम लोगों को भी लाभ हो सकेगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सामने आएंगे। उधर यदि कृषि क्षेत्र की बात की जाए तो इस बजट में किसानों का भी खास ख्याल रखा गया है।

-अनूप केसरवानी, एमडी, भोला इंडिस मसाले

आम बजट में कामगारों, युवाओं और किसानों को सबसे अधिक लाभ मिला है। यदि उद्योग की बात की जाए तो कोई बहुत बड़ी घोषणा सीधेतौर पर नहीं हुई है। उद्योगजगत के लिए ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिससे उद्यमियों को अप्रत्यक्ष व दूरगामी लाभ होगा। बजट में नौकरीपेशा वाले लोगों को भी राहत दी गई है। यह आम लोगों का बजट है। इस बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ जरूर है। **-गुरजिंदर सिंह, जिलाध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कानपुर**

नई सरकार के पहले बजट में सभी को थोड़ा कम व थोड़ा ज्यादा मिला है। सीमा शुल्क में कमी को देखते हुए इसके उद्योग में दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। इसके अलावा एमएसएमई सेक्टर के लिए किए गए प्रावधानों से स्थानीय स्तर के उत्पादों को बढोत्तरी मिलेगी। स्थानीय स्तर पर कुशल कारीगरों को इससे सीधा लाभ होगा। इसके अलावा युवाओं के लिए भी इस बजट सें रोजगार के अवसरों को तलाश गया है।

-रोहित टंडन, उद्यमी

बजट मध्यम वर्ग के लिए बहुत अच्छा है। टैक्स के संबध में कुछ छूट मिलीं है। युवाओं को कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरी भी देने की कोशिश की गई है। मध्यम वर्ग के हाथों में पैसा पहुंचने पर स्थितियों में और सुधार आएगा।

डॉ .नंदनी रस्तोगी, अध्यक्ष आईएमए

यह बजट प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए भारी भरकम बजट मिला है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाला बजट है।

डॉ .विकास शुक्ला, संस्थापक पनेशिया हॉस्पिटल काकादेव

सरकार के पहले बजट से उम्मींद की जा रही थी कि वह सकारात्मक होगा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। बजट में व्यापारियों और उद्यमियों के लिए कुछ भी नहीं है। जो घोषणाएं की गई है वह भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। ऑनलाइन कारोबार में भी लगाम नहीं लगी।

आशू शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एण्ड सराफा एसोसिएशन

बजट में यूपी को कुछ भी नहीं मिला है7 प्रदेश की झोली खाली है। इस खाली झोली में उद्योग, व्यापारी, कामगार और युवा के लिए कुछ भी नहीं है। बजट में ऐसे प्रावधान होने चाहिए जिससे आम लोगों की बचत हो सके। उससे बाजार में खरीदार आते। यह बजट बचत का बजट नहीं है।

जलज द्विवेदी, उपाध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एण्ड सराफा एसोसिएशन

वित्तमंत्री की ओर से ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए जिससे सीधेतौर पर उद्योग को लाभ मिले। आज उद्योग की जो स्थिति है वह उसे जल्द ही किसी बड़ी संजीवनी जैसी घोषणा की जरूरत है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर किए जाने के प्रावधान है, लेकिन यह स्पष्ट नही है कि वे किस तरह से और कहां पर बेहतर होंगे।

अजय गुप्ता, उद्यमी



एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। इसके बावजूद भी सेक्टर में कुछ बहुत बड़ा बदलाव आने वाला नहीं है। जितनी भी घोषणाएं हैं वह लोन से संबंधित है। जिसके प्रति कारोबारी बहुत अधिक आकर्षित नहीं होता है। सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कारोबारियों की मांगों पर विचार करना चाहिए था।

बिपिन खुल्लर, उद्यमी



उद्योग को बढ़ाने के लिए उसकी बुनियादी समस्याओं को दूर किया जाना जरूरी था। इस बजट में इस तरह की घोषणाएं तो हैं लेकिन वह दूरगामी लाभ पहुंचाएंगी। एमएसएमई सेक्टर के लिए बड़ी घोषणा की उम्मींद थी। औद्योगिक क्षेत्रों और उद्यमियों की समस्याओं के लिए एक सिस्टम बनाना जरूरी है।

लाडली प्रसाद, संयोजक, लघु उद्योग भारती



इनकम टैक्स की सीमा व स्लैब को बढाकर प्रत्येक कर दाता को 17500 रु छूट का तोहफा दिया गया है। मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये व 500 टॉप कंपनियों में 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप से काफी लाभ मिलेगा जोकि सराहनीय है और ये स्वागतयोग्य है|

ज्ञानेश मिश्रा, प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल



सरकार ने इस बजट में नई जॉब्स क्रिएशन के लिए इंसेंटिव स्कीम, एमएसएमई को सपोर्ट करने के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाई है। इसके अलावा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एंजेल टैक्स हटाया है। इसी तरह मिडिल क्लास को नई टैक्स नीति के तहत व स्टैण्डर्ड डिडक्शन बढ़ाने के साथ साथ, गोल्ड पर ड्यूटी घटाया गया है।

सीए, पुष्कर विशनोई

बजट में एंजल टैक्स के संबंध में किए गए सुधार स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जिससे निवेश में वृद्धि होगी और स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत होगा। इन सुधारों से स्टार्टअप्स को वित्तीय स्थिरता और विकास के नए अवसर मिलेंगे। एंजल टैक्स में राहत से नए उद्यमी भी आगे आएंगे और नए स्टार्टअप्स शुरू करेंगे।

सीए सिमरन जीत सिंह, कर विशेषज्ञ,

कपड़ा-रेडीमेड गारमेंट्स क्षेत्र के लिए बजट आवंटन 974 करोड़ रुपये बढ़ाकर 4,417 .09 करोड़ किया गया है। बजट में इस क्षेत्र में अनुसंधान और क्षमता निर्माण के लिए आवंटन 380 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 686 करोड़ रुपये कर दिया गया। इसके लिए कानपुर विशेषकर कोपरगंज अग्निकांड पीड़ित दुकानदार वित्तमंत्री का आभार जताते हैं। **मनीष वसंदनी , चेयरमैन, अरजन रेडीमेड कॉम्प्लेक्स , कोपरगंज**

केंद्र सरकार के बजट में छोटे व्यापारियों को कोई राहत नहीं दी गई। आयकर में भी किसी बड़ी राहत के लिए आम लोग बजट देखकर उम्मींद बांधे तरसते रहे। हम लोगों की मांग थी स्लैब बढ़ाकर उसे 5 लाख करना चहिये था जो नहीं हुआ। सरकार की ओर से डीजल पेट्रोल को जीएसटी में लेना चाहिए था जो कि नहीं किया गया। **आयुष द्विवेदी, अध्यक्ष, कानपुर युवा व्यापार मंडल**



यह बजट पीएम मोदी के पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने वाला है। रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, इंफ्रास्ट्रक्चर हर क्षेत्र के लिए सरकार ने झोली खोल दी है। बजट हर तबके को ध्यान में रखकर बनाया गया है। **-पं . कृष्ण कुमार दुबे, प्रांतीय उपाध्यक्ष , ऑल इंडिया उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल**

वाणिज्य मंत्री से मिलेंगे शहर के लेदर कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कच्चे चमड़े पर सीमा शुल्क घटाने से बढ़ेगा निर्यात, स्थानीय इकाइयों को होगा संकट

अमृत विचार। कच्चे चमड़े पर बजट में सीमा शुल्क घटाने की घोषणा से कारोबारियों को स्थानीय स्तर पर कच्चे चमड़े की उपलब्धता में कमी आने का संकट नजर आ रहा है।

उनका कहना है कि सरकार के इस निर्णय से कच्चे माल का निर्यात तो बढ़ेगा लेकिन स्थानीय स्तर पर कमी होने पर उत्पादन इकाइयों को कच्चा माल आयात करना पड़ेगा। आयातित माल से उत्पादन महंगा होगा। इससे विदेशी बाजार से प्रतियोगिता में कठिनाई होगी। कारोबारियों का कहना है कि इस मुद्दे पर वाणिज्य मंत्री से मिलकर कर अपनी बात रखेंगे।

शहर के चमड़ा कारोबारियों ने बताया कि सीमा शुल्क घटाने से खासतौर पर 'वेट ब्लू' का निर्यात बढ़ेगा। कच्चा माल के उत्पादक अधिक मुनाफे के लिए विदेश में अपना माल बेचेंगे। इससे स्थानीय उत्पादन इकाइयों के पास कच्चे काम की कमी होगी।

ऐसे में स्थानीय स्तर पर माल महंगा होगा या विदेश से आयात करना होगा। दोनों सूरत में बढ़े दामों का असर उत्पाद के रेट पर पड़ेगा। इस समस्या के समाधान के लिए उन लोगों ने वाणिज्य मंत्री से मुलाकात का समय लिया है।

बजट में सीमा शुल्क 40 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी करने से कच्चे चमड़े के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा लेकिन उत्पादन इकाइयों को संकट का सामना करना होगा। कच्चा माल न मिलने से उत्पाद महंगा होगा और वैश्विक बाजार में पिछड़ने का कतरा रहेगा।

-असद ईराकी, रीजनल चेयरमैन, काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट



सीमा शुल्क में कमी से कच्चे माल की कमी होगी तो उत्पादन महंगा होगा। इससे शहर की लेदर इकाइयों में धीरे-धीरे उत्पादन कम होगा। इसका असर राजस्व, रोजगार और शहर के उद्योगों पर पड़ेगा।

-जावेद रिजवान, पूर्व रीजनल चेयरमैन, काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट

समानांतर फोरलेन को नहीं मिल सका बजट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे से कबरई तक बनना है 112 किमी लंबा समानांतर हाईवे

112 किलोमीटर लंबा समानांतर हाईवे होगा

700 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया

37 सौ करोड़ रुपये लागत है प्रोजेक्ट की

अमृत विचार। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आस एक बार फिर अधूरी रह गई। कानपुर से मध्य प्रदेश का रास्ता सुगम बनाने के लिए नौबस्ता हमीरपुर हाईवे के समानांतर बनने वाले 112 किलोमीटर लंबे बहुप्रतीक्षित रमईपुर-कबरई फोरलेन की योजना को बजट नहीं मिल सका। इसके चलते इस मार्ग पर लोगों को सफर में जाम और हादसे के डर जैसी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा।

कानपुर-सागर हाईवे टू लेन होने के कारण आए दिन दुर्घटना व जाम की समस्या से लोगों को सामना होता है। इससे निजात के लिए रमईपुर से कबरई तक 37 सौ करोड़ रुपये लागत से 112 किलोमीटर लंबे फोरलेन समानांतर हाईवे बनाने की योजना तैयार की गई थी। यमुना एक्सप्रेस वे की तर्ज पर तैयार होने वाला हाईवे कानपुर नगर, फतेहपुर,



हमीरपुर, महोबा के 96 गांवों से होकर गुजरने वाला था, जिसके लिए एनएचएआई को 700 हेक्टेयर भूमि भी अधिग्रहित की जानी है। फोरलेन निर्माण होने से लखनऊ-कानपुर से हमीरपुर होते हुए छतरपुर के रास्ते भोपाल तक आवागमन आसान हो जाएगा। भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति के लिए समिति की 6 माह पूर्व बैठक भी आयोजित की गई थी। केंद्र सरकार के बजट में फोरलेन हाईवे को धनराशि मिलने की उम्मीद लगाई जा रही थी, लेकिन निराशा ही हाथ लगी, जिसके बाद फोरलेन निर्माण की योजना एक बार फिर अधर में लटक गई है।

बिठूर में अर्थ गंगा परियोजना भी लटकी

कानपुर। धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी बिठूर के पर्यटन विकास के लिए बजट मिलने की आस भी टूट गई। दो साल पहले अर्थ गंगा परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजी गई थी। तब बजट मंजूर भी हुआ था लेकिन धन आवंटन नहीं हुआ था। इस बजट में धनराशि मिलने की उम्मीद थी जो नहीं मिली। अर्थ गंगा के तहत बिठूर का विकास करके इसे विश्व मानचित्र पर लाने की योजना थी। यहां वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा भी विकसित होनी थी और पर्यटकों को ठहरने के लिए होटल भी बनाए जाने थे। बिठूर में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना को अमली जामा पहनाए जाने की आस वर्षों लगाए बैठे लोगों के हाथ निराशा लगी है। योजना के तहत यहां ध्रुव टीला से पत्थर घाट तक साइकिल ट्रैक बनना था ताकि पर्यटक साइकिल से भ्रमण कर सकें। एमपी थियेटर की सुविधा भी दी जानी थी। घाटों का सुंदरीकरण होना था। पत्थर घाट, ब्रह्मावर्त घाट, ध्रुव टीला समेत सभी घाटों पर सोलर लाइटें लगनी थीं। गंगा पौधशाला स्थापित होनी थी। जिसमें औषधीय पौधे लगाने की योजना थी। बैराज पर स्थित बोट क्लब से जोड़ कर वाटर स्पोर्ट्स आयोजन की योजना थी।

एजुकेशन लोन में राहत से मेधावी हुए खुश

कानपुर। बजट में केंद्र सरकार ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वरोजगार के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाई, वहीं मेधावियों की पढ़ाई में एजुकेशन लोन का 3 फीसदी का जिम्मा भी लिया। अमृत विचार की टीम ने युवाओं से बजट को लेकर बातचीत की, जिस पर युवाओं ने सरकार के यूथ पर

फोकस करने की सराहना की और मोदी सरकार का आभार जताया।

आर्थिक समस्याओं से नहीं जूझेंगे मेधावी



■ छात्र सम्राट ने कहा कि मोदी सरकार का बजट यूथ को प्रभावी करने वाला है। आर्थिक समस्याओं के आड़े आने के कारण कई बार मेधा कुचल जाती थी। इस बजट से जिसने किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं लिया, उन्हें देश के किसी भी संस्थान में प्रवेश के लिए एजुकेशन लोन मिलेगा। जिसका तीन प्रतिशत पैसा सरकार देगी। अब तक इस तरह की सुविधा कभी नहीं मिली है। यूथ आगे बढ़ेगा तो देश मजबूत होगा।

स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा



■ छात्र अंश यादव ने कहा कि इस बजट से स्किल को नई स्केल मिलेगी, स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली सरकार ने बजट में मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाई है। मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख कर दी गई। अब तक यह योजना सिर्फ 10 लाख तक की सीमित थी। स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने से युवा नौकरी की बजाए अपने स्टार्टअप की ओर आकर्षित होंगे। बजट रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी योजनाओं को बढ़ावा देगा।

टॉप कंपनियों में होगी इंटर्नशिप, और क्या चाहिए

■ छात्र विशाल ने कहा कि लाखों करोड़ युवा बड़ी-बड़ी डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश में दर-दर भटकते थे, लेकिन अनुभव की कमी होने के कारण नौकरी नहीं मिल पाती है। पढ़ाई पूरी करने के बाद एक करोड़ युवाओं को देश की 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप कराए जाने की घोषणा बहुत अधिक प्रभावी है। बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम करने से युवाओं के अनुभव में इजाफा होगा।

ईपीएफओ में मदद से मिलेगी राहत

■ किशन राज ने कहा कि एक लाख से कम प्रतिमाह सैलरी पर ईपीएफओं में रजिस्टर्ड होने पर तीन किस्तों में 15 हजार रुपये मिलने का घोषणा महत्वपूर्ण है। इससे नौकरीपेशा वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। बजट में कर व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है, जिसमें तीन लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं 3 से 7 लाख रुपये तक 5 फीसदी टैक्स की व्यवस्था की गई है।

उतार-चढ़ाव सोना पर कस्टम ड्यूटी घटाने से सराफा बाजार में उत्साह का माहौल

सोना 4 हजार गिरा, चांदी 5 हजार सस्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वित्त मंत्री द्वारा सोना पर कस्टम ड्यूटी 6 फीसदी कम करने की घोषणा के बाद मंगलवार को सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमतें 4 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गईं। सोमवार को 24 कैरेट सोने के दाम 75,500 रुपये प्रति 10 ग्राम थे, जो मंगलवार को 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। इसी तरह चांदी के भाव सोमवार के 91,700 प्रति किलो के मुकाबले लगभग 5 हजार रुपये प्रति किलो नीचे गिरकर बजट के बाद 86,800 रुपये किलो पर आ गए।

सराफा कारोबारियों में कस्टम ड्यूटी घटाए जाने से उत्साह का माहौल देखा गया। उनका कहना है कि इससे खरीदार बाजार की ओर मुड़ेंगे। शहर के सराफा बाजार में अभी 35 करोड़ रुपये रोज का कारोबार है, जो 50 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सोने में अभी 5 फीसदी कृषि सेस और बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 फीसदी मिलाकर 15 फीसदी टैक्स देना होता था।

बजट में कृषि सेस को 4 फीसदी घटाकर कस्टम ड्यूटी में 5 फीसदी कटौती की गई है। इस तरह सोना-चांदी कारोबारियों को अब 6 फीसदी कर देना होगा। 9 फीसदी की छूट मिलेगी। सरकार के इस निर्णय से शहर के कारोबार को सीधा लाभ होगा।

● गोल्ड पर कस्टम ड्यूटी 6 फीसदी से कम करने की घोषणा का असर

बजट ने टैक्ट में छूट की मांग को पूरा कर दिया गया है। इस निर्णय से सोने के दामों में कमी होगी और खरीदार बाजार की ओर रुख करेगा। इसका सीधा फायदा कारोबार को मिलेगा।

-पंकज अरोरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन

सोना कारोबारियों को सौगात मिली है। वित्त मंत्री के निर्णय से कारोबारियों और खरीदारों दोनों को लाभ मिलेगा। इससे शहर से जुड़े आसपास के जिलों में भी कारोबारियों को लाभ होगा। बाजार में मंदी दूर हो सकेगी।

-सागर केसरवानी, मीडिया सचिव, ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन

सोने अलावा बजट में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है, जो घर की रसोई का ख्याल रख सके। हालांकि प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री ने महिला सशक्तिकरण की बात जरूर की है। **-अनिशा भट्टाचार्य**

बजट में सिर्फ विदेशी रत्न महंगे किए गए हैं, लेकिन हम हिंदुस्तानी महिलाएं अपने देश में बने गहने ही पसंद करती हैं। अच्छी बात यह है कि सोना-चांदी सस्ता हुआ है। **- सीमा घोष**

सोने और चांदी की कीमतें बढ़ती ही जा रही थीं। खरीदारी के लिए कई बार सोचना पड़ रहा था कि गहने कैसे बनवाएं, लेकिन केंद्रीय बजट से अब राहत की उम्मीद जगी है। **- अर्चना द्विवेदी**

मानसून में 'पैची रेन' जैसी ही रहीं बजट की घोषणाएं

मर्चेंट चेंबर ऑफ एसोसिएशन में उद्यमियों की बजट पर संगोष्ठी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आम बजट को उद्यमियों ने मानसून में धमाकेदार बरसात की उम्मीद के स्थान पर कहीं बारिश तो कहीं सूखा जैसे असर वाला बताया। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश से जुड़े उद्यमियों ने सिविल लाइंस स्थित सभागार में बजट का प्रस्तुतीकरण टीवी पर देखने के बाद घोषणाओं और प्रावधानों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस बजट का मिलाजुला असर होगा।

एमएसएमई कमेटी के चेयरमैन सुशील शर्मा ने कहा कि बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए कुछ भी नया नहीं है। जो घोषणाएं की गई हैं वे दूरगामी हैं। हालांकि सीए अतुल मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार को टैक्स के रूप में आमदनी भी करनी होती है। उसी आमदनी से ही इंफ्रास्ट्रक्चर को बल मिलता है। इसलिए यह भविष्य का बजट है। सचिव महेंद्र नाथ मोदी और शेष नारायण त्रिवेदी ने कहा कि बजट में कृषि और टेक्सटाइल के लिए बहुत कुछ है। लेकिन सीधे तौर पर वह दिखाई नहीं दे रहा है। चेंबर के फाइनेंस कमेटी चेयरमैन राजीव मेहरोत्रा ने बताया कि बजट में 5 साल का रोडमैप है। इकॉनमी को बढ़ाने के लिए कंजप्शन बढ़ेगी। डायरेक्ट टैक्स में कोई बड़ा लाभ नहीं दिया है।

मिडिल इनकम सैलरी वालों को बहुत अपेक्षाएं थीं, लेकिन उन्हें खास फर्क नहीं पड़ेगा। इनकम टैक्स जीएसटी अधिकवक्ता व जीएसटी कमेटी के चेयरमैन संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि ये बेहद निराशाजनक बजट है। सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे उद्योग व जीएसटी में कुछ राहत मिली है। इनकम टैक्स में भी कोई बड़ी राहत नहीं दी है। नई टैक्स रिजिम में वेतनभोगी कर्मचारी को 17,500 रुपये की रिलीफ होगी। लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन में टैक्स बढ़ा है।

मर्चेंट चेंबर में बजट सुनते उद्यमी। अमृत विचार

शहर के उद्यमियों ने दादानगर में भी बड़ी स्क्रीन पर बजट देखा। अमृत विचार

कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल

कानपुर। कोआपरेटिव इस्टेट सभागार, दादा नगर में बजट पर चर्चा के दौरान कारोबारियों ने बजट को मिलाजुल व आम लोगों के लिए लाभ देने वाला बजट बताया।

कोआपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने बजट को देश व उद्योग के लिए बेहतर बजट बताया। उद्यमियों ने कहा कि इस बजट ने कुछ को बहुत अधिक खुश तो कुछ को निराश किया है। बजट मिलाजुला है। कानपुर की अनदेखी की गई है। उद्यमियों के अनुसार, सोने पर आयात ड्यूटी कम करने का औचित्य समझ में नहीं आया। इस मौके पर सुरेश पुरी, हरीश ईसरानी, दिनेश कुशवाहा, बसन्त लाल विश्वकर्मा, आरपी सिंह, विशाल खंडेलवाल, कार्तिक कपूर, प्रमोद यादव, अखिलेश अग्रवाल, अमित हांडा, अरुण जैन, सीताराम शुक्ला, शिवकुमार प्रजापति, सुभाष सिंह मौजूद रहे।

पहली बार एमएसएमई को मिला बड़ा समर्थन, उद्यमियों में खुशी की लहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आम बजट को आईआईए से जुड़े उद्यमियों ने स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरगामी है। बजट में एमएसएमई से जुड़ी घोषणाओं पर उद्यमियों ने खुशी जाहिर की। एमएसएमई के लिए वित्तपोषण, विनियामक और तकनीकी सहायता जैसी घोषणाओं को सराहनीय बताया।

आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने एमएसएमई को वित्त पोषण, विनियामक परिवर्तन और प्रौद्योगिकी में समर्थन के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी दुनिया में यदि एमएसएमई को इन तीन प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त समर्थन प्रदान किया जाता है, तो भारतीय एमएसएमई फलने-फूलने लगेंगे। आईआईए के महासचिव आलोक अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण विकास और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचे के लिए बड़ा प्रावधान निश्चित रूप से एमएसएमई के लिए अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होगा। उधर, आईआईए के कानपुर चैप्टर अध्यक्ष दिनेश बरासिया ने बजट पर प्रतिक्रिया में कहा कि एमएसएमई को संकट अवधि के दौरान ऋण सहायता आईआईए की लंबे समय से चली आ रही मांग रही है, जिसे इस वर्ष के बजट में पूरा किया गया है। आईआईए महामंत्री कानपुर चैप्टर हर्षल अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि आयकर अधिनियम 1961 की समीक्षा की घोषणा करदाताओं के लाभ के लिए प्रक्रिया को सरल बनाएगी। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय जैन ने एमएसएमई की घोषणाओं का स्वागत किया, जिसमें बिना गारंटी के टर्म लोन, मुद्रा लोन की सीमा में वृद्धि, खाद्य विकिरण के लिए एमएसएमई इकाइयां, गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण और घरेलू उद्योगों के लाभ के लिए सीमा शुल्क में कमी छूट शामिल है। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय हेमराजानी ने बजट को एमएसएमई के लिए संतोषजनक बताया।

आईआईए के सदस्यों ने बजट पर की चर्चा।

- आईआईए ने बैंकों की ओर से आंतरिक क्रेडिट रेटिंग की घोषणा का स्वागत किया
- एमएसएमई के लिए वित्तपोषण, विनियामक व तकनीकी सहा यता को सराहनीय बताया

भाजपा नेता बोले

किसान, नौजवान, मध्यमवर्गीय परिवारों सहित देश को विकसित भारत की ओर ले जाने वाला यह बजट है। इनकम टैक्स स्लैब में छूट सीधे-सीधे मध्यमवर्गीय परिवारों को फायदा पहुंचाएगी। 2 साल में 1 एक करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग में सपोर्ट मिलेगा।

– प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा

देश को चौमुखी विकास की ओर ले जाने वाला यह बजट है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं। इनकम टैक्स स्लैब में उचित बदलाव हुए हैं।

– रमेश अवस्थी, सांसद, कानपुर

बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। यह बजट समस्त नागरिकों खासकर महिलाओं एवं उद्योगों हेतु काफी लाभकारी है। किसान, युवा, महिला और समाज के अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कई योजनाओं का एलान किया गया।

– प्रमिला पांडेय, महापौर

बजट किसानों, शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, युवाओं, महिलाओं के हित और कल्याण वाला है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को आधार मानकर तैयार किया गया है। समाज के हर वर्ग-हर पेशे को आगे बढ़ाने वाला है। यह देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है।

– देवेंद्र सिंह भोले, सांसद अकबरपुर

यह बजट किसानों, महिलाओं की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करने वाला है। यह कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार एवं कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय, एवं सशक्त विकास को समर्पित बजट है।

– महेश त्रिवेदी, विधायक, किदवई नगर विधानसभा

बजट देश को समृद्धि की ओर ले जाने वाला तथा विकसित भारत के मिशन को सपोर्ट करने वाला है। जिसमें विशेष कर, स्वास्थ्य को लेकर दवाओं का सस्ता होना, इनकम टैक्स में राहत देना, विकास की गति को बढ़ाना तथा विपक्षियों की बोलती को बंद करने वाला बजट है।

–सुरेंद्र मैथानी, विधायक गोविंद नगर

आम लोगों का बजट, भविष्य की झलक

चार्टर्ड अकाउंटेंट ने बजट को राहत भरा बताया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चार्टेड अकाउंटेंट बोले, कई ऐसे प्रावधान जिनसे लोगों को होगा सीधा लाभ

अमृत विचार। मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट को आर्थिक विशेषज्ञों ने आम लोगों का बजट बताया है। मंगलवार को चार्टेड अकाउंटेंट ने सिविल लाइंस स्थित आईसीएआई भवन में वित्त मंत्री की बजट घोषणाओं को बड़ी स्क्रीन पर देखा। इसके बाद बजट का आकलन करते हुए चार्टेड अकाउंटेंट ने बताया कि बजट में कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनसे आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने वाला है। शेयर ट्रेडर पर भी इसका सीधा असर होगा।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेट अकाउंटेंट रीजनल काउंसिल के सदस्य अभिषेक पाण्डेय, प्रशांत रस्तोगी, विनय भार्गव व अतुल महरोत्रा ने बताया कि वेतनभोगियों को इस बजट से 17,500 रुपये का लाभ होगा। टीडीएस में भी राहत मिलेगी। विशेषज्ञों ने कहा कि सिडबी ब्रांच के खुलने का ऐलान होने से एमसएसई सेक्टर को लाभ होगा। आर्थिक विशेषज्ञों ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस पहले बजट में भविष्य के विकास की झलक दिख रही है। बजट में किए गए प्रावधान युवाओं के रोजगार और स्टार्टअप को बढ़ाएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक बजट में स्थानीय उत्पादों को बढ़ाने पर खासतौर पर फोकस किया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर स्किल विकसित होने के साथ रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

आयकर में दी गई छूट दिखावा मात्र है, इसे लालीपाप ही कहा जाएगा। सीनियर सिटीजन भी मायूम दिखाई दे रहे हैं।

–कमलेश कुमार, सेवानिवृत्त एचबीटीयू लेखाकार।

अपनी-अपनी बात

आम जनता को संतुष्ट करने वाला, विकास को गति देने वाला बजट है, इससे देश का उत्थान होगा।

–शमीम बानो, पूर्व प्रदेश सचिव, राष्ट्रीय लोकदल

नौकरियों में खाली पड़े पदों को भरने का ऐलान करना चाहिए था। वरिष्ठ नागरिकों की भी निराशा हाथ मिली है।

–प्रताप साहनी, कर्मचारी नेता

देश की सर्वहारा जनता को शक्ति देने वाला बजट है, मध्यम वर्ग के लोगों को शक्ति प्राप्त होगी।

–सुरेश गुप्ता, संयोजक, (एनडीए)

वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ, किराये में ली गई छूट को बहाल नहीं किया।

–अशोक गुप्ता, कर्मचारी नेता

शिक्षा चिकित्सा और स्वास्थ्य पर बजट बढ़ाना चाहिए था लेकिन लोगों के स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया।

–शुभम सैनी, व्यापारी

बिहार की तर्ज पर यूपी का ख्याल नहीं रखा गया, उम्मीद थी कि रसोई गैस, पेट्रोल,डीजल के दामों में कमी आएगी लेकिन कुछ नहीं किया।

–शबाना साजिद, गृहणी

हीरे पर 3 प्रतिशत, कापी किताब पर 18 प्रतिशत जीएसटी को आपस में बदला जाना चाहिये था।

–राज कुमार ओवर, व्यापारी

बजट गरीबों और मध्यम वर्ग के हितों को दिखाई देने वाला होना चाहिए था।

–कुसुम वाजपेयी गृहणी

सोने व चांदी में मिली राहत आम लोगों के लिए खुशी की बात है। सरकार के इस फैसले से सोने व चांदी के रेट में भी कमी होगी। अभी सोना व चांदी आम लोगों की पहुंच से बाहर थी जो बजट के बाद धीरे-धीरे लोगों की पहुंच में आ सकेगी।

–गिरीश मिश्रा, कर्मचारी

विपक्षी नेताओं के बोल

दिशाहीन एवं मजबूर बजट है। अब मेहनत के पैसों को इन्वेस्ट करने पर बढ़ा हुआ कैपिटल गैन टैक्स देना पड़ेगा। मोबाइल फोन पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाना मेक इन इंडिया योजना का मजाक उड़ाने जैसा है। इनकम टैक्स में परिवर्तन सिर्फ दिखावटी है। मध्यम वर्ग के लिए उसमें कुछ नहीं है।

– अमिताभ बाजपेई, विधायक आर्यनगर

जनता ने जब आपको तीसरी बार चुन कर भेजा है तो बजट के माध्यम से पक्की नौकरी के लिए क्या इंतजाम है? क्या हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स के लिए आपके पास कोई एमएसपी देने का इंतजाम है? सरकार बचाने के लिये बिहार, आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया लेकिन, उत्तर प्रदेश के किसानों, नौजवानों के लिए कुछ बड़े फैसले हुए। बजट में झूठ और जुमले ही मिले।

– मो. हसन रूमी, विधायक कैंट

ये बजट गरीब विरोधी है। इसमें महिलाओं और किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। मध्यम वर्ग जो आर्थिक रूप से वैसे ही बहुत परेशान है वो और पिस जाएगा। महंगाई और बढ़ेगी। सरकार आम जनमानस की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल साबित हुई।

– आलोक मिश्रा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस

केन्द्रीय बजट निराश करने वाला है इसमें गरीब, बेरोजगारों के लिए कुछ भी नही है, चंद धन्ना सेठों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

– आरपी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष, बसपा कानपुर

बजट आम आदमी के जीवन को नर्क बनाने वाला है। नौजवान किसान और महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया एवं रोजगार सृजन के लिए केंद्र सरकार के पास कोई नीति नहीं दिखी।

– नौशाद आलम मंसूरी, अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी

अगर हम उत्तर प्रदेश को देखें तो निवेश की स्थिति क्या है? इनके जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं वह कभी समय पर पूरे नहीं हुए। अच्छी बात है कि बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसा राज्य जो प्रधानमंत्री देता है, क्या वहां के किसानों के लिए बजट में कुछ है?

–वीरसेन यादव, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष/प्रांतीय नेता

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार से होने वाली आमदनी पर टैक्स बढ़ने से उथल-पुथल

बजट के झटके से गिरने के बाद संभला शेयर बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। देश की करीब 18 फीसदी आबादी शेयर बाजार में सीधे या उससे जुड़े प्रोडक्ट में निवेश करके कमाई कर रही है। इसे देखते हुए ही सरकार ने बजट में शेयर बाजार से होने वाली आमदनी पर टैक्स बढ़ा दिया। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगाने के 6 साल बाद इसकी दरों में इजाफा किया गया।

मंगलवार को एक साल के अंदर शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करके निकलने वाले निवेशकों के लिए शार्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स 15% से बढाकर 20% और एक साल से अधिक निवेश बनाए रखने वालों पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 10% से बढाकर 12.50% करने की घोषणा से शेयर बाजार को पहले झटका लगा। भारी गिरावट का माहौल बन गया। सेंसेक्स 1200 अंकों से ज्यादा टूट गया।

निफ़्टी गिरकर 24,074.20 के स्तर पर और सेंसेक्स 79,224.32 के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में निफ़्टी महज 30.20 अंक गिरकर 24,479.05 पर बंद हुआ, वहीं सेंसेक्स भी 73.04 अंक ही गिरकर 80,429.04 पर बंद हुआ। वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार बाजार की इस उठापटक में कानपुर के निवेशकों की संपत्ति में 310 करोड़ रुपये के कमी का अनुमान लगाया गया।

कैपिटल एक्सपेंडिचर पर फोकस जारी

अंतरिम बजट में अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था, जिसे जारी रखा गया है। सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो 6 से 8 रुपये तक जीडीपी बढ़ता है।

सट्टेबाजी रोकने को फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग में टैक्स बढ़ाया

- वायदा ऑप्शन के बिक्री पर सिक्योरिटीज ट्रांसक्शन टैक्स (एसटीटी) को 0.0625 से बढ़ाकर 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। वायदा की बिक्री पर सिक्योरिटीज ट्रांसक्शन टैक्स (एसटीटी) को 0.0125 से बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत कर दिया गया है। फ्यूचर एंड ऑप्शंस में सट्टेबाजी को काबू करने के लिए यह बढ़ोतरी की गई है। सरकार शेयर बाजार में सट्टेबाजी को हतोत्साहित कर वेल्थ क्रिएशन को बढ़ावा देना चाहती है। सरकार का यह कदम अच्छा है।

कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोत्तरी से रिटेल निवेशकों का फायदा

राजीव सिंह।

कानपुर। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी का ऐलान बड़े निवेशकों के लिए तो घाटे का सौदा है, लेकिन रिटेल निवेशकों के लिए फायदेमंद है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर पहले 1 लाख रुपये तक की कमाई पर टैक्स नहीं देना होता था, जो अब बढ़कर 1.25 लाख रुपये हो गया है। कानपुर में करीब 3 लाख रिटेल निवेशक हैं, जिन्हें पहले 1 लाख तक के लांग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स नहीं देना होता था, अब 1.25 लाख के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स नहीं देना होगा। इस प्रकार हर निवेशक को 2500 रुपये टैक्स बचेगा। अगर 3 लाख रिटेल निवेशकों के नजरिये से देखें तो उन्हें करीब 75 करोड़ रुपये का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स बचेगा। उदाहरण के तौर पर शेयर या इक्विटी म्युचुअल फंड में निवेश पर पहले 1 लाख तक का प्राफिट बुक करने में शून्य लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना होता था, जबकि 1.25 लाख प्रॉफिट बुक करते है 25 हजार का 10 प्रतिशत यानि 2500 रुपये टैक्स देना पड़ता। बदलाव के बाद 1.25 लाख का प्राफिट बुक करने पर शून्य टैक्स देना होगा। हालांकि इसे देखने का दूसरा नजरिया भी है, जिसमें 1.25 लाख से ज्यादा प्राफिट बुक करने पर टैक्स बढ़ जाएगा।

अधिवक्ताओं ने भी बजट पर चर्चा की। अमृत विचार

बजट में अधिवक्ता फिर खाली हाथ, हुए निराश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कचहरी परिसर में भी बजट पर परिचर्चा हुई, जिसमें लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद ही अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर अधिवक्ताओं की एक भी सामाजिक सुरक्षा योजना लागू नहीं की गई है।

अधिवक्ता समाज अपनी सामाजिक सुरक्षा के लिए बजट में निश्चित धनराशि का बजटीय प्रावधान किए जाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री के कार्यालय जाकर और सांसदों के माध्यम से कानून मंत्री समेत प्रधानमंत्री को प्रतिवेदन देकर अधिवक्ता पेंशन योजना, अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा कवर योजना और युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन योजना के लिए बजटीय प्रावधान किए जाने की मांग की। लेकिन पूर्व की तरह इस वर्ष भी प्रस्तुत बजट में अधिवक्ताओं की पूर्ण उपेक्षा की गई। ऐसा लगता है कि सरकार अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा के प्रति कतई गंभीर नहीं है।

इस दौरान सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रेम गुप्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद दीक्षित, मो. कादिर खां, संजीव कपूर, अखिलेश सिंह, विष्णु पासवान ,जेपी उत्तम, शिवम गंगवार, दानिश कुरेशी आदि अधिवक्ता रहे।

60 साल के बाबा ने 12 साल की पोती से किया दुष्कर्म

पिता के मौसा के भरोसे बेटी को छोड़कर बाहर गए थे परिजन, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में पिता को अपने मौसा के पास बेटी को छोड़कर जाना महंगा पड़ गया। 60 साल के बाबा ने 12 साल की किशोरी (पोती) के साथ दुष्कर्म किया। पिता के वापस लौटने पर बेटी ने आपबीती सुनाई इसके बाद पीड़ित पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कल्याणपुर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपी बाबा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कल्याणपुर के एक इलाके में रहने वाले पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह पत्नी के साथ एक रिश्तेदारी में गए थे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपने 60 साल के मौसा के भरोसे घर पर 12 वर्षीय बेटी को 20 जुलाई को छोड़कर गए थे। जहां मौसा ने उनकी बेटी के साथ 21 जुलाई की रात को दुष्कर्म किया और उसे धमकी दी कि किसी और को बताया तो ठीक नहीं होगा। इसी बीच हालचाल जानने के फोन किया तो बेटी फफक फफक कर रोने लगी। बेटी ने बताया कि बाबा ने रात में उसके साथ गलत काम किया है उसे पेट में बहुत दर्द हो रहा है प्राइवेट पार्ट से ब्लीडिंग भी हो रही है यह सुनते पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन दंपति घर पहुंचे और बेटी को डॉक्टर को दिखाया इसके बाद आरोपी मौसा के खिलाफ कल्याणपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया। इस संबंध में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी मौसा छोटेलाल के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है उसे कोर्ट में पेश करने के बाद मंगलवार दोपहर जेल भेज दिया गया। वहीं पीड़ित किशोरी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है।

बच्ची से रेप में पड़ोसी को 20 साल की सजा

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र में छह साल की बच्ची को घर में अकेला पाकर रेप करने वाले पड़ोसी युवक को एडीजे-13 की कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई। घटना के समय पीड़िता के माता पिता ड्यूटी गए हुए थे, जबकि बड़ा भाई गाय को चारा देने गया था। वापस लौटने पर पीड़िता ने मां को आपबीती बयां की थी। महाराजपुर थानाक्षेत्र निवासी युवक प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि उनकी पत्नी फैक्ट्री में काम करती है। युवक के एक बेटा व छह साल की बेटी है। युवक ने बताया कि 7 अगस्त 2021 को वह और पत्नी ड्यूटी पर गए थे, जबकि बेटा पुराने घर में गाय को चारा देने गया था। इस दौरान उनकी बेटी घर में अकेली थी, तभी पड़ोस में रहने वाला दीपक घर में घुस आया और बच्ची के साथ रेप किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। शाम को मां के वापस आने पर बच्ची ने आपबीती बयां की, जिस पर बच्ची के पिता ने महाराजपुर थाने में आरोपी के खिलाफ रेप, घर में घुस कर मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे-13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा व 22 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

सोलर पैनल लगाने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया

विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोलर सिस्टम लगाने के नाम पर वेंडर गोलमाल कर रहे हैं। दो ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विभाग द्वारा पंजीकृत वेंडर ने उपभोक्ताओं से रकम वसूल ली लेकिन उनके यहां सोलर पैनल सिस्टम लगाया ही नहीं। दोनों वेंडर की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही पंजीयन निरस्त करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है।

सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 20 हजार घरों को पीएम सूर्य घर बिजली घर योजना के अंर्तगत शामिल किया है। कानपुर मंडल में नेडा ने 180 वेंडरों को पंजीकृत किया है। दो वेंडरों ने उपभोक्ता से पैसे तो ले लिये लेकिन उनके यहां सिस्टम नहीं लगाया है।

जो वेंडर नेडा विभाग में पंजीकृत हों, उन्हीं से ही पैनल लगवाएं, अन्यथा आपको सब्सिडी नहीं मिलेगी। सरकार की इस योजना में सबसे पहले पूरा पैसा जमा करना होता है और पैनल लगने के बाद सरकार पैनल लगवाने के खाते में सब्सिडी वापस करती है। ऐसे में तमाम लोग पैनल तो लगा रहे हैं और उपभोक्ता से ये कहते हैं कि जल्द ही उनके खाते में सब्सिडी वापस हो जाएगी लेकिन ऐसे वेंडर नेडा में पंजीकृत नहीं होने के कारण सब्सिडी वापस नहीं आती।

कितने का पैनल, कितनी सब्सिडी मिलती

- सोनल पैनल लगवाने के लिए सरकार पहले पूरा पैसा लेती है और फिर उपभोक्ता के खाते में सब्सिडी वापस करती है।
- 2 किलोवाट तक पूरा पैनल 1 लाख 20 हजार रुपये का है। इसमें 90 हजार सब्सिडी सरकार देती है, ऐसे में मात्र 30 हजार में पूरा सिस्टम लग जाता है।
- 3 किलोवाट से 10 किलोवाट तक पूरा पैनल 1 लाख 80 हजार रुपये में लगता है जबकि इसमें 1 लाख 08 हजार रुपये सब्सिडी मिलती है यानी मात्र 72 हजार रुपए में ये सिस्टम लग जाता है।

सार-संक्षेप

सम्मेलन की जानकारी देतीं आयोजक। अमृत विचार

एलेन हाउस में 26 व 27 को युवा शिखर सम्मेलन

कानपुर। खलासी लाइन स्थित एलेनहाउस पब्लिक स्कूल में 26 व 27 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम 'युवा शिखर सम्मेलन-2024 का आयोजन होने जा रहा है। युवा शिखर सम्मेलन का विषय पृथ्वी संरक्षण, धरा का पुनरावलोकन है। छात्रों का संकल्प है कि शस्य श्यामला वसुंधरा और इसी संकल्प को लेकर समाज के हर युवा को जागरूक करने का प्रयास करना है। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ .रूचि सेठ ने बताया कि स्कूल के छात्रों का पूर्ण प्रयास है कि आज जो संभावित खतरा पृथ्वी और जलवायु पर मंडरा रहा है, उसे दूर कर नए स्वस्थ व प्रदूषण मुक्त जनजीवन से पूर्ण धरा का नव निर्माण हो। वहीं, युवा शिखर सम्मेलन का मुख्य एजेंडा वृत्ताकार अर्थव्यवस्थाओं की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख उद्योगों का राष्ट्रीयकरण अनिवार्य है। सम्मेलन में बाल सलाहकार व कुलपति यूएसए डॉ .अनिल बाजपेई, डॉ .देवजानी राय, डॉ .श्वेता यादव, प्रो .आशीष गर्ग, डॉ .साधना सिंह समेत आदि अतिथि मौजूद रहेंगे।

सुधीर कुमार बने नगर आयुक्त

सुधीर कुमार।

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार को नगर आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। जबकि फिरोजाबाद की मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन को इसी पद पर कानपुर में तैनाती दी गई है। अभी तक नगर आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार केडीए उपाध्यक्ष के पास था।

डॉक्टर को बदनाम करने के लिए चिपकाए पोस्टर

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में काम पर बुलाने से भड़के नौकरानी के पति ने महिला डॉक्टर के साथ गाली गलौज करते हुए उसे उठवा लेने की धमकी दी। आरोपी ने डॉक्टर को बदनाम करने के लिए घर के बाहर दीवार पर पोस्टर भी चिपका दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंदिरा नगर के रतन आर्बिट में रहने वाली डॉक्टर प्रियंका सिंह के अनुसार उसके घर पर काम करने वाली नौकरानी रेखा को वह दस हजार रुपये देती थीं। पिछले महीने नौकरानी ने थोड़े-थोड़े करके 11,500 ले लिए और काम पर भी नहीं आई। जब उन्होंने काम पर न आने का कारण जानने के लिए उसे फोन किया तो उसके पति ने गाली गलौज करते हुए उन्हें उठवा लेने की धमकी तक दे डाली। आरोप है कि डाक्टर को बदनाम करने के लिए अपार्टमेंट के बाहर दीवार में कुछ आपत्तिजनक पोस्टर भी चिपकाए गए। जो सीसीटीवी में कैद हुए हैं। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

छात्रा आत्महत्या कांड में दरोगा समेत तीन बरी

कानपुर। बीसीए छात्रा के आत्महत्या प्रकरण के आरोपी दरोगा समेत तीन को एडीजे-7 की कोर्ट ने बरी कर दिया। पीड़िता के पिता का आरोप था कि तत्कालीन यूनिवर्सिटी चौकी प्रभारी ने चौकी में बुला कर छात्रा को डराया धमकाया व बदसलूकी की थी। जिससे आहत होकर बेटी ने आत्महत्या कर ली थी। रावतपुर निवासी डॉ दिनेश शर्मा की बेटी ऐश्वर्या वर्ष 2018 में कानपुर विश्वविद्यालय में बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। आरोप था कि ऐश्वर्या के साथी छात्र अनिकेत दीक्षित व सीनियर अनिकेत पांडेय छेड़खानी करते थे। पिता ने आरोप लगाया था कि बेटी ने मामले की शिकायत एचओडी ममता तिवारी से की, लेकिन उन्होंने बेटी को सस्पेंड करने की धमकी दी। जिसके बाद 7 फरवरी 2018 को अनिकेत दीक्षित व अनिकेत पांडेय के खिलाफ कल्याणपुर थाने में शिकायत की। मामले की जांच तत्कालीन यूनिवर्सिटी चौकी प्रभारी अजय पांडेय के पास थी। पिता ने आरोप लगाया था कि चौकी प्रभारी ने उसे व छात्रा को चौकी बुलाया, जहां उन्हें डराया धमकाया गया था। इसके बाद ऐश्वर्या ने एक अप्रैल को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़िता के पिता ने एचओडी, दरोगा समेत अनिकेत दीक्षित व अनिकेत पांडेय के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का रिपोर्ट कराई थी।

श्रीप्रकाश के पत्थर पर दूसरा चढ़ा दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के शिलापट के ऊपर लगा वर्तमान भाजपा जनप्रतिनिधियों का पत्थर। अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने किया विरोध, कहा- पत्थर ढककर नाम मिटाने की मंशा, बाद में हटाया गया
- जोन-3 वार्ड 84 में पुराने शिलापट पर नगर निगम ठेकेदार ने जड़ दिया नया पत्थर

अमृत विचार। जूही कला वार्ड 84 में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के शिलापट के ऊपर वर्तमान भाजपा जनप्रतिनिधियों का पत्थर लगाने पर कांग्रेसियों ने हंगामा किया। नगर निगम की ओर से स्वीकृत फुटपाथ, इंटरलाकिंग सुधार कार्य के लिये ठेकेदार ने पुराने पत्थर पर ही नया शिलापट लगा दी। जिसके बाद कांग्रेसी पहुंच गये और नारेबाजी की। नगर निगम जोन 3 के अधिकारियों को सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे और विरोध के बीच नये पत्थर को हटा दिया। अधिशाषी अभियंता जोन तीन नानक चंद ने बताया कि यह कैसे हुआ जांच की जा रही है। पत्थर को सही करवा दिया जायेगा।

नगर निगम द्वारा जोन 3 जूही कलां में वित्तीय वर्ष 2011-12 में 126/12 एस ब्लाक में गुलाबराज गेस्ट हाउस तक सीसी सड़क बनी थी। इस कार्य का शिलान्यास कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने किया था। अब नगर निगम ने यहीं पर फुटपाथ, इंटरलाकिंग के सुधार कार्य के लिये काम शुरू किया है। मंगलवार को काम कर रहे ठेकेदारों ने श्रीप्रकाश जायसवाल के पत्थर के ऊपर ही महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी व क्षेत्रीय पार्षद का नाम लिखा पत्थर लगा दिया। इसकी सूचना पर कांग्रेस नेता विकास अवस्थी, मोहित दीक्षित, सतीश सिंह कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और हंगामा किया। विकास अवस्थी ने कहाकि द्वेषपूर्ण विकास कार्य कों मिटाने की मंशा से पत्थर को ढककर ऊपर से नया पत्थर लगवाया जा रहा है। इस दौरान रामबालक कनोजिया, इमरान खान, मुकेश दुबे विजय पासवान, इम्तियाज़ अहमद, अनिल मिश्रा, आकाश तिवारी, मो अज़ीम, नरेंद्र पाल,, रामनवल कुशवाहा, प्रभाकर पांडेय, श्रीचंद सोनकर, वसीक, पीर मोहम्मद, संजय श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा सुशील सोनी, शीलू दुबे, आर के सिंह, असरफ, प्रियांशु मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

क्लास में बच्चों को न बैठने देने पर जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांत कराया मामला
- कैंट थाना क्षेत्र के एक स्कूल का मामला

अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के एक स्कूल में बच्चों को बैठने न देने पर और परिजनों को बुलाकर लाने पर जमकर हंगामा हो गया। इस दौरान सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

स्कूल के दो छात्रों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल के स्टाफ में कुछ लोग नशे की हालत में आते हैं और अभद्रता करते हैं। आरोप था कि स्कूल में राष्ट्रगान भी नहीं कराया जाता है। इस पर छात्रों के परिजनों ने कैंट थाने और रक्षा संपदा अधिकारी से मामले की शिकायत की थी। इसके बाद स्कूल के स्टॉफ ने छात्रों को अंदर बैठने को नहीं दिया और परिजनों को बुलाकर लाने को कहा। इसके बाद स्कूल पहुंचे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि कोई बड़ा विवाद नहीं था। स्कूल में छात्रों में विवाद हुआ था। जिस पर परिजनों को बुलाया गया था। जो आरोप लगाये गये हैं उसकी जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

विवादों में रहता कैंट का ये स्कूल

कैंट थाना क्षेत्र में स्थित दो मिशनरी स्कूल आए दिन होने वाले विवादों के बाद अक्सर चर्चा में रहते हैं। पहले एक स्कूल में छात्र और शिक्षिका के बीच लव चैटिंग व धर्मांतरण का मामला हो या फिर स्कूल में न बैठने देने का मामला हो। इन घटनाओं के बाद स्कूल चर्चा में है। पुलिस से जो भी आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच की जा रही है।

पार्क में फायरिंग में तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

कानपुर। बाबूपुरवा में मंगलवार देर रात फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो आरोपी की तलाश में दो टीमें लगी हुई हैं।

बाबूपुरवा निवासी निशाद ने बताया कि सोमवार देर रात छोटा भाई दिलशाद उनकी बाइक लेकर शहीद पार्क के पास गया था, जहां उसकी बाइक सलमान बिना बताए ले गया। वापस आने पर दिलशाद ने विरोध जताया, जिस पर सलमान उससे गाली गलौज करने लगा। सलमान ने अपने साथी रोमी, अमित कुमार समेत 3 से 4 अज्ञात युवकों के साथ डंडे, बेल्टों से पिटाई कर दी।

रोमी ने तमंचे की बट से उन पर वार कर दिया और फायर कर दिया। देर रात बाबूपुरवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि तौहीद, सलमान व अरसलान को गिरफ्तार किया है।

ठेकेदार से मारपीट कर अपहरण का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में एक ठेकेदार ने पुलिस से आरोप लगाया कि डीएम के आदेश पर मिट्टी का खनन करने के बाद भी आरोपी उससे पचास हजार की रंगदारी मांग रहे हैं। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने मारापीटा। साथ ही कट्टा लगाकर अपहरण का प्रयास किया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी के अहिरवां निवासी आशीष कुमार मिश्रा ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह जिलाधिकारी के आदेश पर मिट्टी का खनन कर चकेरी के कई इलाकों में उसे डालने का काम करवा रहे हैं। उनका आरोप है कि आरोपी लाला यादव, गौरव सिंह, अमन बाजपेई उर्फ रिक्की, संजय केसरवानी उर्फ कल्लू केला ने उनसे पचास हजार रुपये की रंगदारी मांगी। जिस पर उन्होंने रकम देने से इनकार कर दिया। आशीष के अनुसार 19 जुलाई उनके दो डंपरों द्वारा चकेरी एयरपोर्ट के पास मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था।

तभी आरोपियों ने उनके डंपर को रोक लिया और चालक से फोन कर उन्हें बुलाया। जब वे अपने मित्रों के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने नशे की हालत में उनसे मारपीट की। साथ ही कट्टा लगाकर रंगदारी मांगने लगे। आरोपियों ने उन्हें जबरन कार में बैठाकर अपहरण का भी प्रयास किया।

गोविंदपुरी स्टेशन को फजलगंज से जोड़ने का सुझाव

कानपुर। स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों ने रेलवे अधिकारियों को सुझाव दिया है कि फजलगंज चौराहा से गोविंदपुरी स्टेशन को सीधे जोड़ा जाये तो शहर को बड़ी राहत मिलेगी।

मंगलवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज एवं उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर के निर्देशन में गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक गोविंदपुरी एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक कानपुर के नेतृत्व में स्टेशन सलाहकार समिति की मीटिंग की गयी।

स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सदस्यों ने सुझाव दिया कि गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन को फजलगंज से सीधे जोड़ा जाना चाहिए।

शिक्षकों ने काले कपड़े पहन किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

बीएसए को शिक्षकों ने ज्ञापन दिया। अमृत विचार

अमृत विचार। ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मंगलवार को शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिले के 14 शैक्षिक संगठनों के सदस्यों ने काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध और सात सूत्री मांगों के संबंध में उत्तर प्रदेश में 15 जुलाई को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया था, लेकिन विभाग और सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश का निरस्तीकरण अभी तक जारी नहीं हुआ। ना ही शिक्षकों की सात सूत्रीय लंबित मांगों को अभी तक मना गया, जिससे शिक्षक आंदोलित हैं। यदि सरकार 28 जुलाई तक मांगे पूरी नहीं होती है तो 29 जुलाई को शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सभी शिक्षक कर्मचारी महानिदेशक कार्यालय का घेराव कर करेंगे। इस दौरान संयुक्त मोर्चा के संयोजक व जू. हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री विकास तिवारी, उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, महामंत्री अमरेश मिश्रा, अटेवा के अध्यक्ष नीरज तिवारी ,जूनियर शिक्षक संघ की अध्यक्ष सरिता कटियार, सुनील कुमार वर्मा, सह संयोजक जितेंद्र कुमार, विशिष्ट बीटीसी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय मिश्रा, एससी-एसटी के अध्यक्ष राधे श्याम, मंत्री मनीष वर्मा, जूनियर महासंघ के अनुग्रह त्रिपाठी, कर्मचारी एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष परवेज आलम, उप्र प्राथमिक शिक्षक शिक्षा मित्र के महामंत्री विवेक मिश्रा लोग रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I have changed my name from Mohd Shadab to Mohd Shadab Khan for all purposes. S/o Mahmood Ali Khan, 292/173, Victoria Street, Bazar Khala, Lucknow

सूचना

पहले मेरा नाम SHILPI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHILPI SINGH PANWAR रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा I W/O: LACHHMAN SINGH PANWAR, R/O- 101, AARIF APARTMENT, NEW HYDERABAD

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो मूल विक्रय पत्र ग्राम तेलियार जिनका विक्रय पत्र संख्या 3286 दिनांकित–17– 8– 2019 व विक्रय पत्र संख्या 6425 दिनांकित– 4– 11– 2020 जोकि उपनिबन्धक कार्यालय निघासन में पंजीकृत हैं। दोनों मूल विक्रय पत्र के अंतिम पृष्ठ कहीं खो गए हैं। जिस पर बैनामा पंजीकृत होने का पूरा विवरण दर्ज है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। अगर किसी को मिलें तो निम्न पते पर सूचित करें। **रिहाना खातून पत्नी अजीमुल्ला निवासी ग्राम पठानन पुरवा मजरा तेलियार थाना पडुआ जनपद खीरी मो0–9919256630**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BHOLANATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम BHOLANATH NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये I S/O: RAM MILAN R/O- 63, FATEHPUR SANGAT JAISINGPUR SULTANPUR

सूचना

सूचित हो कि मेरी दुकान सं – 596 और 597 ई ब्लाक मार्केट राजाजीपुरम लखनऊ के आवंटन पत्र और कब्ज़ा पत्र की मूल प्रति खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है – **संतोष कुमार पुत्र कनहिया लाल गुप्ता निवासी – D–1/142, विराजखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम गलती से अकील खान दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम अकील उस्मान खान है। इसी नाम से उन्हे जाना व पहचाना जाता है। **अरबाज उस्मान खान पुत्र अकील उस्मान खान, मकान नंबर 30, कुंवरपुर इमलाक, पोस्ट रायपुर खास, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रूखाबाद, पिन नं. 209502**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पिता का नाम पहले गुड्डू था अब सभी दस्तावेजों में गुड्डू प्रसाद दर्ज है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरी जन्मतिथि 16/08/1996 सही दर्ज है। **मनोज कुमार पुत्र गुड्डू प्रसाद, निवासी– ग्राम व पो0, महराज नगर, तहसील–धौरहरा जिला– लखीमपुर खीरी**

सूचना

सूचित हो कि मै **सविता कोहली पत्नी स्व0 विजय कुमार कोहली, निवासिनी–** 557/24 ख **श्रीमनगर आलमबाग, लखनऊ** मेरे पुत्र अर्जुन कोहली के हाईस्कूल व इण्टरमीडियट के अंकतालिका व प्रमाण पत्र मे त्रुटिवश मेरा नाम सुनीता कोहली अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम सविता कोहली अंकित है जो कि सत्य व सही है। यहकि सविता कोहली व सुनीता कोहली एक ही महिला के नाम है। अतः मेरे पुत्र अर्जुन कोहली के हाईस्कूल व इण्टरमीडियट अंकतालिका प्रमाण पत्र मे सही नाम सविता कोहली अंकित किया जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स विवेकनगर सुलतानपुर उ0प्र0 की साझेदारी से अशोक कुमार सिंह की पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेकनगर सुलतानपुर पृथक हो गए हैं। इनका फर्म के कोई लेना देना सरोकार एवं बकाया नहीं हैं। फर्म में नए साझीदार श्रीमती सुधा सिंह पुत्री स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेकनगर को सुलतानपुर को शामिल किया गया है।

साझीदार – राम बहादुर सिंह

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना पचपेडवा जनपद बलरामपुर में सीज शुदा दो पहिया वाहनो की नीलामी दिनांक 29.07.2024 को समय 15.00 बजे थाना पचपेडवा परिसर में होगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रकिया में सम्मलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना पचपेडवा बलरामपुर परिसर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें । अग्रिम धनराशि 5000/– रूपये जमा करना होगा। **–प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेडवा जनपद बलरामपुर।**

नीलामी सूचना

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिद्धौर बाराबंकी परिसर में 31 यूकेलिप्टस 1 गूलर 9 नीम सहित 42 पेड़ों की जिनका मूल्यांकन की राशि 87591 रुपये है कि नीलामी दिनांक 31.7.2024 को किया जा रहा है इच्छुक व्यक्ति नीलामी में पहुंचकर बोली लगाकर पेड़ों की खरीदारी कर सकते हैं।

खेल जगत रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों, कोच, परिजनों ने पहनाईं मालाएं

गोटिया कप जीतकर लौटे खिलाड़ी का स्वागत किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्वीडन से गोटिया कप जीतकर घर लौटने पर कृष्णा अग्रवाल व कोच सत्येंद्र सिंह यादव का सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

भारतीय टीम में शामिल कानपुर के स्पेशल खिलाड़ी कृष्णा अग्रवाल मंगलवार को दिल्ली से कानपुर लौटे तो उनका सम्मान किया गया। कृष्णा अग्रवाल ने डिफेंडर पोजीशन पर खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करके भारत को फाइनल मुकाबले में डेनमार्क पर 4-3 से विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह अपने कोच सत्येंद्र सिंह यादव के साथ श्रमशक्ति एक्सप्रेस से मंगलवार को दिल्ली से कानपुर सुबह 6.15 पर पहुंचे। स्टेशन पर फुटबाल कोच डेरिक मसीह, प्रेम कुमार, कैंटोनमेंट बोर्ड उपाध्यक्ष लखन लाल ओमर, वंदना सिन्हा, अमित यादव, प्रधानाचार्या शिखा अग्रवाल, सुब्रतो भद्रा, अनूप यादव, कल्पना, अर्चना, अमरीश तिवारी, प्रेरणा स्पेशल स्कूल के बच्चे, अभिभावक और शिक्षकों के साथ उनकी माता पारुल अग्रवाल, मनोज यादव द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

टेबल टेनिस खिलाड़ियों का चयन

कानपुर। प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक/बालिका टेबल टेनिस की तीन दिवसीय प्रतियोगिता 2 अगस्त से मथुरा में आयोजित होगी जिसमें कानपुर मण्डल की टीम भाग लेगी। उक्त प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल्स/चयन ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में होगा। इच्छुक जूनियर बालक/बालिका टेबल टेनिस खिलाड़ी संपर्क करें।

केंद्रीय विद्यालय चकेरी में शतरंज प्रतियोगिता

कानपुर। केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 चकेरी कानपुर में दो दिवसीय 53वीं केवीएस रीजनल बालिका शतरंज प्रतियोगिता 2024 आयोजित हुई।

सोमवार एवं मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम, 17 वर्ष से कम व 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की 64 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन विंग कमांडर (ग्रुप कैप्टन) सौरभ सिंह चौहान (इंडियन एयरफोर्स) नॉमिनी अध्यक्ष केंद्रीय विद्यालय दो चकेरी कानपुर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने मुख्य अतिथि को स्वागत बैज लगाया।

प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम तीन विजेताओं को स्कूल के प्रधानाचार्य एवं कानपुर चेस एसोशिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव व उत्तर प्रदेश के फिडे आरबीटर आनंद सिंह ने मेडल प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

दो कार चोर दबोचे गए

कानपुर। 27 जून को जूही लाल कालोनी में शिव मनोरमा सिंह के घर के बाहर खड़ी कार को चुराने वाले दो शातिर चोरों को किदवईनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी किदवई नगर बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर चोरों का सुराग मिला।

आरोपियों ने अपना नाम न्यू आजाद नगर निवासी महेन्द्र अवस्थी और बदरका उन्नाव निवासी रोहित कुशवाहा बताया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कार को बरामद किया।

एक नजर

एटीएम तोड़कर चोरी का प्रयास, रिपोर्ट

कानपुर। नवाबगंज में चोर ने एटीएम में घुसकर पेचकस से मशीन का डिस्पेंसर तोड़ दिया। बैंक मैनेजर की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया विकास नगर स्थित कैनरा बैंक शाखा की प्रबंधक रुचि सागर ने तहरीर देकर बताया कि 22 जुलाई की रात 1130 बजे चोर ने एटीएम में पेंचकस से डिस्पेंसर तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन रुपये निकाल नहीं सका। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एप डाउनलोड कराकर उड़ाए 91 हजार

कानपुर। फीलखाना थाना क्षेत्र में बेल्दारी मोहाल निवासी विकास अग्रवाल ने साइबर ठगी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार उसने ऑनलाइन चार्जर ऑर्डर किया था लेकिन वह नहीं आया। डिलीवरी के लिये गूगल पर कंपनी का नंबर निकाला तो बात कर रहे युवक ने एक ऐप डाउन रोड करा दिया। जिसके बाद खाते से 91404 रुपये निकल गए।

किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र के रहने वाले युवक ने भांजी के अपहरण के आरोप में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता के अनुसार 22 जुलाई की सुबह उनकी दोनों भांजियां स्कूल जाने के लिये निकली थीं। इसी दौरान इलाके के रहने वाले युवक ने दोस्त संग बेटी का पीछा कर लिया और डिप्टी पड़ाव के पास जबरन 16 वर्षीय छोटी भांजी को स्कूटी पर बैठाकर फरार हो गया। रायपुरवा थाना प्रभारी ने बताया किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। न्यायालय के समक्ष बयान कराए जा रहे हैं। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

खाली पदों पर भर्ती करें

कानपुर। श्रम महासंघ इंटक, एटक, एच एम एस, सीटू, एक्टू, ए आई यू टी यू सी तथा टी यू सी सी के प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्र सरकार द्वारा गठित औद्योगिक न्यायाधिकरणों में पीठासीन अधिकारियों, श्रम कार्यालयों में आयुक्तों और कर्मचारियों के खाली पदों पर नियुक्ति किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) रामकिशन मीणा के माध्यम से 20 सूत्रीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

दहेज के लिए निकाह तोड़ा युवती के पिता की मौत

रिश्तेदारों का आरोप, अभद्रता की तो सदमे से हो गए थे बेहोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कॉर्डियोलॉजी में इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

अमृत विचार। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में बेटी की शादी की तारीख तय करने गए मजदूर पिता से लड़के पक्ष ने दहेज में कार और 5 लाख की अतिरिक्त मांग कर दी। असमर्थता जताई तो लड़के पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। हाथ-पैर जोड़ने के बावजूद लड़का पक्ष नहीं पसीजा और युवती के पिता को अभद्रता कर घर से भगा दिया। पिता सदमे से बेहोश हो गए। रिश्तेदार उन्हें कॉर्डियोलॉजी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई।

कर्नलगंज केले वाली मस्जिद के पास रहने वाले साजुद्दीन मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी, दो बेटे व तीन बेटियां हैं। भांजे नौशाद ने बताया कि साजुद्दीन ने दूसरे नंबर की बेटी का निकाह बगाही निवासी रेलवे में गार्ड के पद पर कार्यरत युवक से तय किया था। दोनों पक्षों के बीच लेन-देन तय होने के बाद रोका की रस्म पूरी हो चुकी थी। नवंबर में शादी होनी थी। लड़के पक्ष ने सोमवार को निकाह की तारीख और लेनदेन के लिए बुलाया था। जिस पर साजुद्दीन और नौशाद रिश्तेदारों संग लड़के के घर पहुंचे। आरोप है कि लड़के पक्ष की ओर से दहेज में एक कार व 5 लाख रुपये नकदी की मांग की गई, जिस पर साजुद्दीन ने असमर्थता जताई। जिसके बाद लड़के पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। अभद्रता कर घर से निकाल दिया। बेटी की शादी टूटती देखा साजुद्दीन सदमे में आ गए और गश खाकर गिर पड़े। रिश्तेदार उन्हें कॉर्डियोलॉजी ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भांजे नौशाद ने लड़के पक्ष के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

जनता से जुड़ने को कांग्रेस का न्याय अभियान

कानपुर। कांग्रेस ने यूपी में जनता से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नया तरीका अपनाया है। अब सोशल आउट रीच नाम से विंग बनाकर न्याय करेगी कांग्रेस का नारा देकर जनता तक पहुंचने की तैयारी की है जिसकी प्रदेशस्तरीय बैठक 29 जुलाई को लखनऊ में होगी।

सोशल आउट रीच की प्रदेश सचिव एडवोकेट शबनम आदिल ने बताया कि 28 जुलाई को विंग के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम पांडेय बैठक करके जनता से कनेक्ट करने का फार्मूला बताएंगे।

उन्होंने बताया कि यदि किसी को न्याय नहीं मिल रहा है, तो ऐसे पीड़ितों को कांग्रेस न्याय दिलाएगी। इसके लिये पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने और कचहरी में पेटिका लगाई जाएगी। इस पैनल में पांच लोगों को शामिल किया गया है जिसमें एक रिटायर अधिकारी, एक अधिवक्ता, तीन आउट रीच के सदस्य शामिल किये जायेंगे। जल्द काम शुरू होगा।

आईपीएस अफसर बनकर साइबर फ्रॉड ने महिला को कीं 510 कॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थाना क्षेत्र का मामला, महिला से हड़पे 66 हजार रुपये

अमृत विचार। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ पुलिस अधिकारी बनकर एक साइबर फ्रॉड ने धोखाधड़ी करके 66 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी की खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

आईआईटी नानकारी कल्याणपुर निवासिनी अनामिका शर्मा के अनुसार 12 जून 2024 को कुछ अज्ञात लोगों ने इंटरनेट और इलेक्ट्रनिक मीडिया के माध्यम से उसने 66,200 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़िता के अनुसार इस घटना में आईपीएस अधिकारी बनकर उनको 510 कॉल कर धमकियां दी गईं। ठग ने पुलिस वाला बनकर उनके माता पिता और बाकी परिवार के लोगों को क्रिमिनल बता कर जान से मारने की धमकी दी और सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से उसको बदनाम कर उसकी जिंदगी बर्बाद कर देने को कहा। कहा गया कि यदि वह अपने और अपने परिवार वालों के साथ ऐसा कुछ नहीं होने देना चाहती तो वह पैसे भेजे नहीं तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। जिससे वह डर के कारण यूपीआई से फोन के माध्यम से कई ट्रांजेक्शन करके 66,200 रुपये दे दिए। पीड़िता का अनुसार कल्याणपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाने गए तो कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई।

इस संबंध में कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

बैंककर्मी बनकर युवक के खाते से उड़ाए 40 हजार

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में साइबर ठग ने बैंक कर्मी बनकर युवक को फोन किया और क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर उसके खाते से 40 हजार रुपये उड़ा दिये। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है।

चकेरी के सनिगवां निवासी मुकेश कुमार बाइक मैकेनिक हैं। उनके अनुसार सोमवार को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक निजी बैंक का कर्मी बताया। कहा कि बैंक बिना किसी सीबिल स्कोर के पचास हजार तक की लिमिट का क्रेडिट कार्ड दे रही है। इस पर मुकेश आरोपी के झांसे में आ गये। फिर आरोपी ने उनसे आनलाइन फॉर्म भरवाने के नाम पर मोबाइल लिंक भेजा।

महिला का पर्स लूटा गिरकर घायल हुई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संतुलन बिगड़ने से सात माह के बेटे के साथ सड़क पर गिरीं

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में जीटी रोड पर पति के साथ बाइक से जा रही महिला का पर्स झपट्टा मारकर लुटेरों ने लूट लिया। पर्स बचाने के चक्कर में महिला का संतुलन बिगड़ा और वह 7 माह के बच्चे को लेकर सड़क पर गिरी और घायल हो गई। इलाज के बाद पीड़ित ने नवाबगंज पुलिस से शिकायत की लेकिन 5 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज हो सकी।

जूही बारादेवी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 17 जुलाई को वह पत्नी आरती और सात माह के बच्चे के साथ बाइक से मकड़ीखेड़ा होकर घर लौट रहे थे। रात करीब 11.40 बजे सफेद रंग की अपाचे बाइक से दो बदमाश पीछे से आए और पीछे बैठी पत्नी के हाथ से झपट्टा मारकर पर्स लूट लिया। संतुलन बिगड़ने से आरती बच्चे संग जमीन पर गिरकर चुटहिल हो गईं। उन्हें नजदीक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पर्स में 15 सौ रुपये और सोने के टॉप्स थे। इस संबंध में एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक संदिग्ध को उठाया गया है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। 8 जून को भी जीटी रोड पर कल्याणपुर थानाक्षेत्र में लुटेरों ने इसी तरह वारदात को अंजाम दिया था।

हड़ताल जारी, डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन करते इंटर्न डॉक्टर। अमृत विचार

- पांच साल पढ़ाई कर एमबीबीएस किया लेकिन वेतन है मात्र 12 हजार
- वेतन 12 हजार से 30 हजार रुपये करने की है सभी इंटर्न की मांग

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। डॉक्टरों ने जीएसवीएस मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन किया। साथ ही नौकरी नहीं मजबूरी है ये हड़ताल जरूरी है' अबकी बार 30 हजार, 'एमबीबीएस इंटर्न है, बंधुआ मजबूर नहीं' समेत आदि नारे लगाए।

सोमवार को इंटर्नों ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को संबोधित ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला को दिया था। डॉ.रुचि सिंह ने बताया कि इंटर्नों का वेतन 12 हजार रुपये है। जबकि अन्य प्रदेशों में इंटर्न डॉक्टरों का वेतन 25 से 30 हजार रुपये है। इंटर्न डॉक्टरों का वेतन एक मजदूर से भी कम है। सरकार इंटर्न के लिए कुछ नहीं सोच रही है। डॉ.अभय राज सिंह ने बताया कि सभी इंटर्न पांच साल की पढ़ाई करने के बाद एमबीबीएस डॉक्टर बने हैं। इसके बावजूद 12 हजार रुपये वेतन मिलता है। पूरे प्रदेश में 2500 इंटर्न हैं और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 250 इंटर्न हैं। इंटर्नों की मांग है कि जब तक मासिक वेतन 30 हजार रुपये तक नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान डॉ. दिव्यांशी मिश्रा, डॉ.गजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सौरभ नायक, डॉ.अमिताभ पाण्डेय, डॉ.मनीष कुमार गुप्ता, डॉ.अनुभव राय, डॉ.आयुष पांडेय, डॉ. अंश दिवाकर, डॉ. मोहम्मद रेयान आदि इंटर्न रहे।

सार-संक्षेप

स्कूल स्टाफ के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एलेनहाउस के विद्यार्थियों से राज्यमंत्री ने किया संवाद

कानपुर। एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स संस्थान में मंगलवार को राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही शैक्षिक उपलब्धि के लिये पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने परिसर का दौरा किया। मंत्री ने विद्यार्थियों के शैक्षिक सुधारों कैरियर के अवसरों, आधुनिक शिक्षा में प्राद्यौगिकी की भूमिका से लेकर राष्ट्रीय नीतियों इत्यादि विभिन्न परिदृश्यों के सवालों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथ में है। उनकी आवाज को सुनना, आकांक्षाओं को समझना, उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण की परिचायक है। एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन मुख्तारूल अमीन एवं संयुक्त सचिव जावेद हाशमी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के सभी सदस्यों को बधाई दी। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, निदेशिका डॉ. शिवानी कपूर, डॉ. रूबी चावला समेत संस्थान के एडीशनल डायरेक्टर डॉ. अतुल चतुर्वेदी, डॉ. देव सिंह, डॉ. वरूण शुक्ला, डॉ. दीपिका प्रसादी रहे।

जूही यार्ड में मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरा। अमृत विचार

डायमंड क्रॉसिंग पर उतरा मालगाड़ी का इंजन

कानपुर। जूही यार्ड स्थित डायमंड क्रॉसिंग पर एक बार फिर मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। इस हादसे को लेकर चालक, गार्ड के बयान दर्ज हुए हैं। घटना के चलते साउथ लाइन बाधित हो गई जिससे झांसी रूट की ट्रेनों को दूसरी लाइन से निकाला गया। मंगलवार को दोपहर 3.15 बजे शंटिंग के दौरान मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। झांसी रूट की ट्रेनें बाधित हो गईं जिन्हें दूसरी रेलवे लाइन से निकाला गया। डायमंड क्रासिंग पर हादसे की कोई पहली घटना नहीं है बल्कि यहां दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं। इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दिए गये हैं।

कचहरी परिसर में मौजूद यूपीएसएसएफ के जवान। अमृत विचार

कोर्ट की सुरक्षा अब स्पेशल फोर्स को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 84 जवान आए, आज से संभालेंगे सुरक्षा
- 24 घंटे मौजूद रहेगी क्विक रिस्पांस टीम

अमृत विचार। अलीगढ़, मथुरा, आगरा के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने कानपुर कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। 84 जवानों ने कचहरी परिसर में प्रवेश किया। बुधवार से जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाल लेंगे।

मंगलवार को यूपीएसएसएफ के कमांडेंट राम सुरेश के नेतृत्व में यूपीएसएसएफ तीसरी बटालियन के 84 जवान कचहरी पहुंचे, जिनमें 10 महिला जवान हैं। कमांडेंट राम सुरेश ने बताया कि जवानों को चार माह की स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने बताया कि कचहरी में 200 जवानों की तैनाती की जाएगी। कचहरी परिसर के सभी प्रवेश व निकास द्वारों के अलावा प्रत्येक तल में जवान तैनात रहेंगे। एक क्विक रिस्पांस टीम की टुकड़ी 24 घंटे कोर्ट परिसर में मौजूद रहेगी। इस मौके पर जिला जज प्रदीप सिंह, एडीजे प्रथम राजेश चौधरी, एडीजे प्रभारी नजारत विकास गोयल, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी मौजूद रहे।

रावतपुर में आपत्तिजनक नारे लगाने पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में मोहर्रम जुलूस के दौरान भीड़ में मौजूद अराजकतत्वों ने मंदिर के सामने भड़काऊ नारे लगाए थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो पुलिस ने जांच करने के बाद एक नामजद समेत 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि अलम का जुलूस रजियाना मोहल्ले से निकलकर पुराना डाकखाना स्थित रामशाला पहुंचा था जहां मंदिर के बाहर अराजकतत्वों ने आपत्तिजनक नारे लगाए थे। रावतपुर थाने के उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार यादव की तहरीर पर आयोजक आसिफ शाह उर्फ टीटू निवासी रावतपुर गांव समेत 40 से 50 अज्ञात अराजक तत्वों पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

पत्नी की हत्या में पति को उम्र कैद मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटी ने कोर्ट में पिता के खिलाफ गवाही दी थी

अमृत विचार। पत्नी की ईंट व धारदार हथियार से हत्या करने वाले युवक को एडीजे-16 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बेटी के सामने पिता ने घटना को वर्ष 2020 में अंजाम दिया था। बेटी ने कोर्ट में पिता के खिलाफ गवाही दी थी।

बिठूर के ग्राम फतेहपुर उत्तर निवासी अमन कुशवाहा ने बताया कि उनकी बहन रेखा कुशवाहा की शादी 23 फरवरी 2008 को सुनील कुशवाहा के साथ हुई थी। उनके दो बेटियां तान्या व आराध्या हैं। बताया कि 24 जुलाई 2020 की रात करीब 12 बजे भांजी तान्या का फोन आया। उसने बताया कि पिता ने ईंट व धारदार हथियार से मां की हत्या कर दी है। यह जानकारी मिलने के बाद वह कल्याणपुर कश्यप नगर स्थित ससुराल पहुंचा, जहां बहन का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। अमन ने कल्याणपुर थाने में पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामला एडीजे-16 डॉ अमित वर्मा की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट में बेटी तान्या ने पिता के खिलाफ गवाही दी। बचाव पक्ष बेटी के पिता के विरोध में बयान दर्ज कराने की बात स्पष्ट नहीं कर सका। कोर्ट ने आरोपी सुनील को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

पौधा लगातीं महापौर प्रमिला पांडेय, एमडी राजीव गर्ग व निदेशक पीयूष अग्रवाल।

सर्किल रेट बढ़ाने का भाजपा विधायक ने किया विरोध

कानपुर। शहर में 9 साल बाद सर्किल रेट में हो रही वृद्धि का भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने विरोध किया है। उन्होंने डीएम राकेश कुमार सिंह से शिकायत करते हुए पत्र लिखा है कि सर्किल रेट बढ़ाया जाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। इससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि कानपुर में विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोग निवास करते हैं। सर्किल रेट बढ़ने से जमीन और मकानों की कीमतों में भी वृद्धि होगी। इससे गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए, घर खरीदना भी मुश्किल हो जाएगा। साथ ही साथ किरायेदारों के लिये किराये में भी वृद्धि होने की संभावना बढ़ जाएगी। सर्किल रेट बढ़ने से रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी आ सकती है। जमीन और मकानों की बिक्री कम होगी, जिससे सरकार के राजस्व में भी कमी आएगी जो कि ठीक नहीं है।

राजनीति सीसामऊ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का दावा

दावेदारी लेकर योगी के पास पहुंचे वारसी

महिला मोर्चा की टोलियां मांगेंगी सीसामऊ में वोट

मुख्यमंत्री से मिलतीं राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने अपनी पत्नी राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और सीसामऊ विधानसभा सीट पर प्रस्तावित उप चुनाव के लिए दावेदारी पेश की।

मंगलवार को राज्यमंत्री के साथ पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी सीएम योगी से मिलने पहुंचे। दो दिन पहले वारसी ने सीसामऊ विस क्षेत्र के चमनगंज स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में मुसलमानों के बीच मीटिंग की थी। वारसी ने मुसलमानों से कहा था कि वे उन्हें टिकट दिलाने में मदद करें और जिताकर विधानसभा पहुंचायें ताकि वे मंत्री बनें और विकास को रफ्तार दें। ये भी कहा था कि अगर जीते तो इलाके को चमन बना देंगे।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ विधान सभा के उपचुनाव में भाजपा महिला मोर्चा, अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति, किसान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की टीमें टोलियां बनाकर प्रचार करेंगी। महिला मोर्चा घर-घर कुंडी खटखटा मतदाता संपर्क करेंगी। मंगलवार को भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने मोर्चे के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा विशेष रूप से राखी मंडी और चुन्नीगंज के वार्डों में प्रत्येक बूथ पर टोली बनाकर एक-एक मतदाता से संपर्क करेंगे। महिला मोर्चा प्रत्येक मंडल में महिलाओं की 3 टोलिया बनाएगी और कल से पूरी विधानसभा में सक्रिय होकर हर घर की कुंडी खटखटाएगी और प्रत्येक मतदाता से संपर्क करेगी। अनुसूचित मोर्चा भी प्रत्येक मंडल में 3 टोलियां बनाकर चुनाव के अंतिम दिन तक मतदाता से संपर्क करेंगे। बैठक में अनीता गुप्ता, सरोज सिंह, विजया तिवारी, अनीता त्रिपाठी, सुमन वर्मा, नीतू सोढी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अनूप चौधरी, विरह गिहार, हंसराज, आराधना, जितेंद्र गौड़, अनुसूचित मोर्चा विनोद सोनकर, धीरज बाल्मिकी, किशन लाल सुदर्शन, संदीप पासवान रहे।

हेड इंजरी से हुई थी पूर्व नेशनल बॉक्सर की मौत

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के कृष्णापुरम इलाके में पूर्व नेशनल बॉक्सर सुबोध गुप्ता का बाथरूम में शव मिला था। मंगलवार को उनका पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें सिर पर चोट लगने की वजह से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस उनके परिजनों का अमेरिका से आने का इंतजार कर रही है।

कृष्णापुरम निवासी 68 वर्षीय सुबोध गुप्ता पूर्व नेशनल बॉक्सर थे। सोमवार की शाम को उनका शव घर के बाथरूम में पड़ा मिला था। उनकी पत्नी संगीता बेटे से मिलने अमेरिका गई थीं। रविवार को उनकी पति से बात न होने पर उन्होंने उनके दोस्त एके कपूर को घर भेजा था। जिसके बाद उनकी मौत होने की बात पता चली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शव एक से दो दिन पुराना है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि सिर पर चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

टीएसएच व पालिका में लगेंगे एक हजार पौधे

कानपुर। बेनाझाबर स्थित टीएसएच व पालिका स्टेडियम में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण जन अभियान-2024 का आयोजन हुआ। महापौर प्रमिला पांडेय ने एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर वृक्षारोपण सप्ताह की शुरुआत की। महापौर ने कहा कि वृक्षारोपण सप्ताह के तहत टीएसएच व पालिका परिसर में एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। एक पौधा जो आज रोपा गया है वह आने वाली पीढ़ी का जीवन भी सुरक्षित करेगा, इसलिए हर किसी को पौधारोपण करना चाहिए। गर्मी के मौसम में जो पारा रोज बढ़-चढ़कर नया रिकार्ड बनाता है, उसमे ये पौधों छाया देकर तपती धूप से लोगों को बचाने काम करेंगे। मां के नाम लगाए गए पौधों की देखभाल भी करना जरूरी है।

इस दौरान पार्षद सौरभ देव, क्रिकेटर अंकित राजपूत, पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर शशिकांत खांडेकर, टीएसएच एमडी राजीव गर्ग, टीएसएच के डायरेक्टर पीयूष अग्रवाल, डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव, डायरेक्टर स्पोर्ट्स आरपी सिंह व टीएसएच सदस्य मौजूद रहे।

एक नजर

खेत पर सांप के डसने से किसान की मौत

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव निवासी किसान बीनू त्रिपाठी (55) खेत पर काम करने गया था, जहां सांप ने उसे डस लिया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए हैलट अस्पताल कानपुर ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

डिवाइडर से टकराकर तेज रफ्तार कार खंती में पलटी

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव के पास एक पुल के डिवाइडर से टकराकर कार खंती में जा गिरी। गनीमत रही कि कार सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। हमीरपुर के सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदलितीर निवासी सिद्धार्थ तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी और बृजेश कुमार पुत्र दयाशंकर स्कॉर्पियो कार से जा रहे थे। गुजेला के पास पुल के डिवाइडर से टकराकर कार खंती में जा गिरी। पुलिस ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कार को हाइड्रा की मदद से निकाला गया। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि कार खाई में गिरी थी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

सभासद के बेटे ने युवती का एमएमएस बना मांगे रुपये

घाटमपुर कस्बे का मामला, युवती ने पुलिस से मांगी मदद तो दबोचा गया आरोपी

संवाददाता, घाटमपुर

पुलिस कर रही पूछताछ

- ब्लैकमेल कर जिंदगी बर्बाद कर देने की दे रहा था धमकी
- युवती ने रुपये देने के बहाने बुलाया, पुलिस ने धर-दबोचा

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद के एक सभासद के बेटे ने युवती का एमएमएस बनाकर युवती को ब्लैकमेल किया और 20 हजार रुपये की मांग की। युवक के परेशान युवती ने पुलिस से मदद मांगी तो एसीपी ने उसे गिरफ्तार करने का ताना-बाना बुना और रुपये देने के बहाने बुलाकर धर-दबोचा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

कस्बे की ही रहने वाली युवती ने युवक की हरकतों से परेशान होकर घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और पूरी घटना बताई। युवती ने पुलिस को बताया कि सभासद के बेटे ने उसका एमएमएस बना लिया है और उसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। इतना ही नहीं, युवक वाट्सएप के जरिए उससे 20 हजार रुपये की मांग कर रहा है। रुपये नहीं देने पर एमएमएस वायरल करने के साथ ही किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

मोबाइल में तीन लड़कियों के मिले एमएमएस

पुलिस के मुताबिक युवक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की और उसके मोबाइल की छानबीन की तो उसमें तीन अन्य लड़कियों के एमएमएस मिले हैं। पुलिस इन एमएमएस की भी गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं उन लड़कियों को भी ब्लैकमेल तो नहीं किया गया।

पुलिस ने युवती की आपबीती सुनकर युवक को गिरफ्तार करने का ताना-बाना बुना। पुलिस ने युवती से युवक को रुपये देने के बहाने बुलाने की बात कही, जिस पर युवती ने वाट्सएप पर युवक को 20 हजार रुपये देने की बात कहकर आईटीआई के पास बुलाया। युवती को दबाव में समझकर आरोपी युवक उससे रुपये लेने के लिए आईटीआई के पास पहुंचा, जहां पहले से सादी वर्दी में मुस्तैद पुलिस ने युवक को धर दबोचा।

इसके बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां पर पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवती की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर युवक के खिलाफ ब्लैकमेल करने की कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने बताया कि पुलिस की सख्ती से पूछताछ में युवक ने ब्लैकमेल करने की बात स्वीकार की है।

वक्फ का बोर्ड लगाने में आरोपी गिरफ्तार

मूसानगर। नगर पंचायत व मुक्ता देवी मंदिर की जमीन पर वक्फ बोर्ड का सांकेतिक बोर्ड लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मूसानगर के वार्ड नंबर तीन मुक्ता देवी धाम के पास नगर पंचायत की बंजर व मंदिर की भूमि है। जिसमें शनिवार रात कब्रिस्तान के पक्षकारों ने वक्फ संपत्ति का बोर्ड लगा दिया था। रविवार सुबह बोर्ड देख मंदिर समिति के लोग आक्रोशित हो गए एसडीएम व सीओ ने राजस्व टीम के साथ जांच के बाद बोर्ड हटवाया था। लोग वक्फ बोर्ड की संपत्ति के दावे पर अड़ गए और अधिकारियों से बहस करने लगे, जबकि अभिलेखों के आधार उस गाटा संख्या में कहीं भी वक्फ बोर्ड के नाम जमीन दर्ज नहीं है। मामले में लेखपाल राघवेंद्र यादव की आख्या रिपोर्ट पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि चांदबाबू को गिरफ्तार किया है।

ट्रांसपोर्टर के खिलाफ हत्या की एफआईआर

संवाददाता, बिधनू

- एक महीने पहले इलेक्ट्रीशियन का मिला था शव
- फुटेज में इलेक्ट्रीशियन के साथ दिखा ट्रांसपोर्टर

अमृत विचार: बिधनू थाना क्षेत्र के उरियारा में करीब एक महीने पहले इलेक्ट्रीशियन का शव पड़ा मिलने और ट्रांसपोर्टर के दरवाजे पर उसकी बाइक खड़ी मिलने के मामले में पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर इलेक्ट्रीशियन के भाई की तहरीर पर लिखी गई है।

रमईपुर का रहने वाला 36 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन अरविंद द्विवेदी उर्फ राजा 23 जून की शाम उरियारा निवासी ट्रांसपोर्टर मंटू यादव के बुलाने पर उनके घर का टूटा केबल जोड़ने गया था। देर शाम अरविंद का शव ट्रांसपोर्टर के घर के पीछे ईंट भट्ठे में पड़ा मिला था। शव के पास उसका प्लास और ट्रांसपोर्टर के घर का केबल टूटा पड़ा मिला था। इलेक्ट्रीशियन का शव बिजली के पोल से काफी दूर पड़ा था, जबकि उसकी बाइक ट्रांसपोर्टर के दरवाजे खड़ी मिली थी। इस मामले में इलेक्ट्रीशियन के भाई नीरज ने ट्रांसपोर्टर पर हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया था। भाई नीरज की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई। जांच में पता चला है कि ट्रांसपोर्टर ने इलेक्ट्रीशियन को फोन कर बुलाया था। सीसीटीवी फुटेज में इलेक्ट्रीशियन के साथ ट्रांसपोर्टर ईंट भट्ठे की ओर पैदल जाते दिखा है। इलेक्ट्रीशियन के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

कोर्ट में भिड़े अधिवक्ता जमकर धक्का-मुक्की

संवाददाता, बिल्हौर

- धक्का-मुक्की में अधिवक्ताओं के कपड़े भी फटे
- लायर्स एसोसिएशन ने नोटिस देकर मांगा जवाब

अमृत विचार: तहसील में मंगलवार को शिवराजपुर नायब तहसीलदार की कोर्ट में दो अधिवक्ताओं के बीच बहस शुरू होने के बाद धक्का- मुक्की हो गई। धक्का-मुक्की और मारपीट में अधिवक्ताओं के कपड़े फट गए और कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस मामले को लेकर लायर्स एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं को नोटिस देकर जवाब मांगा है। उधर, एसडीएम ने जांच की बात कही है।

बताते हैं कि शिवराजपुर नायब तहसीलदार की कोर्ट में कामकाज चल रहा था। इसी दौरान किसी मामले को लेकर दो अधिवक्ताओं के बीच बहस शुरू हो गई। यह बहस मारपीट तक पहुंच गई। धक्का-मुक्की और मारपीट में अधिवक्ताओं के कपड़े फट गए। अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। कुछ अधिवक्ताओं ने बीचबचाव कर मामले को शांत कराया। इस घटना को लेकर लायर्स बार एसोसिएशन ने संगठन के पूर्व पदाधिकारी द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्रता पर खेद जताते हुए नोटिस देकर जवाब मांगा है।

आरोप है कि पूर्व पदाधिकारी ने किसी बात को लेकर जूनियर अधिवक्ता के साथ बहस शुरू कर दी और फिर उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान कपड़े भी फट गए। कोर्ट में नायब तहसीलदार के सामने मारपीट के मामले को लायर्स बार एसोसिएशन ने गंभीरता से लिया है। हालांकि दूसरे अधिवक्ताओं के बीचबचाव करने पर मामला शांत हो गया। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने कहा कि इस मामले की जानकारी हुई है। जांच कराई जाएगी।

स्कूली वाहन चालकों के चरित्र का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

बैठक

- एडीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश
- नबीपुर में अंडरपास बनाए जाने के लिए मिल गई मंजूरी

कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। इस दौरान एडीएम ने स्कूली वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन, लाइसेंस की जांच व नियमों का पालन कराए जाने निर्देश के निर्देश दिए।

मंगलवार को लोक निर्माण विभाग अधिकारियों ने बताया कि एनएचआई पर अनाधिकृत कट को बंद करने व रनियां में सर्विस रोड़ से विद्युत पोल हटाने का काम चल रहा है। एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने कराए जा रहे कार्यों की फोटोग्राफ लोकेशन सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने, स्वचालित चालान व्यवस्था, रोड पर रंबल स्ट्रिप, साइनेज बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर ट्रैफिक नियमों का पालन कराए, जो ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन पर प्रभावी कार्रवाई करें।

बैठक में नबीपुर में अंडरपास बनाए जाने के संबंध में एडीएम को एनएचआई के अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शीघ्र ही अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा। परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 548 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। इसमें 150 वाहनों का फिटनेस वर्तमान में फेल है। 42 वाहनों के पंजीयन निलंबन कार्रवाई की जा चुकी है। 8 से 22 जुलाई के मध्य स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। इसमें 55 वाहन मानक के अनुरूप न पाए जाने पर सीज किए गए हैं। एडीएम ने स्कूली वाहनों के चालकों के चरित्र सत्यापन व लाइसेंस की जांच कराने के निर्देश दिए।

सीयूजी नंबर नहीं उठाने वालों पर होगी कार्रवाई

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल व समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सात दिन व अन्य स्रोतों से प्राप्त संदर्भों का निस्तारण 15 दिन के भीतर किया जाए। डीएम ने सभी अधिकारियों को सीयूजी नंबर उठाने व उस पर आने वाली शिकायतों का संवेदनशील होकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस व सीयूजी नंबर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में यदि शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम न्यायिक अमित राठौर, परियोजना निदेशक वीरेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी सुबोध कुमार, उपनिदेशक कृषि रामबचन राम आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

प्राइमरी विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी देते बैंक के अधिकारी। अमृत विचार

बीओबी के स्थापना दिवस बच्चों को बांटी गई स्टेशनरी

बिल्हौर। बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वें स्थापना दिवस पर ककवन शाखा की ओर से प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के बच्चो को स्टेशनरी बांटी गई और पोधरोपण किया गया। शाखा के कर्मचारियों ने विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी बांटते हुए उन्हें बैंक के कामकाज की भी जानकारी दी। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, उप शाखा प्रबंधक राजेन्द्र कुमार वर्मा, विमलेश कुमार, बैंक मित्र विवेक कुमार, पवन, दीप कुमार, हरिपाल सिंह, उमेश आदि के साथ विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

गायत्री परिवार ने बंदियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

कानपुर देहात। जिला कारागार में मंगलवार को गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ नशा मुक्ति से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्यों ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। साथ ही बंदियों को नैतिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नशे से दूरी बनाने के के लिए प्रोत्साहित किया गया। गायत्री परिवार के आचार्य द्वारा कारागार पुस्तकालय के लिए कई प्रकार की धार्मिक पुस्तकें व पुस्तक रैक का अनुदान किया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक धीरज कुमार, जेलर विजय कुमार पांडेय, उप जेलर राजेश कुमार, विजय लक्ष्मी सिंह, इजहार अहमद आदि उपस्थित रहे।

बंदियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते सदस्य।

स्कूल का माहौल बेहतर बनाने में शिक्षिका सम्मानित

कानपुर देहात। अकबरपुर ब्लाक के संविलियन विद्यालय भुगनियांपुर में तैनात शिक्षिका आभा अवस्थी को स्कूल में अच्छा माहौल बनाने व बच्चों को अवसर उपलब्ध कराकर पुरस्कृत करने के मामले में जनपद कुशीनगर में सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान कुशीनगर में बेसिक शिक्षा विभाग व मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रादेषिक शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला में दिया गया है। शिक्षिका आभा ने बताया कि उनके प्रयासों के लिए पूर्व में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व तत्कालीन बीएसए रिद्धी पांडेय भी उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं।

मारपीट के मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के चाहला गांव में नौ दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, जिसमें घायल युवक पुष्पेंद्र उर्फ मोनू के पिता जगदेव सिंह की तहरीर पर दस नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वहीं रविवार को दूसरे पक्ष के मोनू निवासी मचकुडरा अकबरपुर ने चालहा निवासी मोनू, रिंकू, टिंकू, जगदेव व राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दूसरे पक्ष की तरफ से केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

26 को स्टेशन का निरीक्षण

कानपुर। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी 26 जुलाई को सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। यहां चल रहे अत्याधुनिकीकरण और उच्चीकरण के कार्यों को देखेंगे। उनके गोविंदपुरी, पनकी धाम, अनवरगंज स्टेशनों पर भी जाने की संभावना है। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम पहली बार कानपुर आएंगे। उनके आने को लेकर सेंट्रल स्टेशन और अन्य स्टेशनों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज आदि जगहों पर साफ सफाई कराई जा रही है, । रेलवे के जीएम अपनी विशेष ट्रेन से आएंगे। सेंट्रल स्टेशन पर करीब 700 करोड़ रुपये से एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सिटी साइड की ओर मॉल, पार्किंग और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार हो रही है।

शताब्दी का एसी फेल यात्रियों का हंगामा

संवाददाता,कानपुर

- गोमती में चढ़े सपेरे, बच्चे सहमे रेल मंत्री को एक्स पर दोनों मामले भेजे

अमृत विचार। कानपुर से दिल्ली जा रही 12033 कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस के सी-11 कोच का एसी फेल हो गया। कोच में सफर कर रहे सुमित पाठक ने एक्स पर रेल मंत्री और रेल हेल्प पर ट्वीट करके पीड़ा बताई। कानपुर से ट्रेन जैसे ही चलकर इटावा पहुंचने वाली थी तो सी-11 कोच का एसी फेल होने से यात्रियों को दिक्कतें शुरू हुई। सीट नंबर 29 पर सफर कर रहे सुमित ने ट्वीट किया। दो घंटे बाद इलेक्ट्रिशियन पहुंचा पर एसी सिस्टम को ठीक न कर सका। ट्रेन समय पर दिल्ली भी पहुंच गई।

उधर सोमवार की रात दिल्ली से कानपुर आ रही 12420 गोमती एक्सप्रेस के डी-8 कूपे में एक सपेरा सांप लेकर चढ़ गया। सांप हाथ में पकड़ यात्रियों से पैसे मांगने लगा तो सफर करने वाले सहम गए। इसको लेकर कूपे में सफर कर रहे अर्जुन कुलश्रेष्ठ ने रेल मंत्री और आरपीएफ कंट्रोल को एक्स पर ट्वीट किया पर सपेरा पनकी में ही उतर गया।

फर्स्ट ईयर के छात्र समेत तीन लोगों ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं

अमृत विचार। रावतपुर थानाक्षेत्र में बहन से जरा सी कहासुनी के बाद नाबालिग भाई ने सोमवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन बुलाने जायज जहां उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की।

केशव नगर प्राइवेट कर्मचारी मनोज कुमार शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उनका 16 वर्षीय अभिनम शुक्ला घर के पास स्थित स्कूल में फर्स्ट ईयर का छात्र था। उन्होंने बताया कि रोज की तरह सोमवार रात भी पत्नी सीमा शुक्ला और बेटी अर्चिता खाना खाने के बाद छत् पर सोने की तैयारी करने लगे। सोने के लिए पंखा लगाया गया। इसी दौरान उनके जुड़वा दोनों बेटा बेटी अपनी तरह पंखा करने के लिए झगड़ा करने लगे। तभी अर्चिता ने अभिनम को डांट दिया। जिससे झुब्ध होकर वह नीचे चला गया। पिता के अनुसार अक्सर वह नीचे सोता था तो उन लोगों को अंदाजा ही नहीं था कि वो इतना बड़ा कदम उठा लेगा। मंगलवार सुबह जब वह काफ़ी देर तक ऊपर नही आया तो नीधे देखने गए जहां दुपट्टे से उसका शव पंखे के कुंडे से फांसी पर लटक रहा था। पत्नी को घटना की जानकारी हुई तो वह अचेत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं किदवई नगर थाना क्षेत्र के यू ब्लॉक निराला नगर निवासी 26 वर्षीय राहुल सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बड़े भाई दीपक सिंह ने बताया कि वह लोडर चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। किस कारण उसने घटना को अंजाम दिया यह किसी को जानकारी नहीं है। मृतक की पत्नी आकांक्षा और डेढ़ वर्षीय बेटी है। इसी तरह नौबस्ता थाना क्षेत्र में मुल्लाखेड़ा निवासी 34 वर्षीय दिनेश कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

हेल्थ जोन | कॉर्डियोलॉजी में आईवीएल विधि से होगा दिल के रोगियों का इलाज

ऑर्टरी नली में कैल्शियम तो नहीं होगी सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हृदय रोगियों के आर्टरी की नली कैल्शियम के जमाव की वजह से सख्त हो जाती है। तब ऐसे में रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी कराने की जरूरत होती है। ओपन हार्ट सर्जरी में कई बार मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और सीने में निशान भी पड़ जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि कार्डियोलॉजी संस्थान में आईवीएल पद्धति से इलाज मिलेगा और उन्हें स्टेंट लगाया जाएगा।

रावतपुर स्थित एलपीएस कॉर्डियोलॉजी संस्थान में कानपुर के साथ ही 18 जिलों से मरीज, यहां तक मध्य प्रदेश व बिहार से भी दिल की बीमारी से संबंधित मरीज इलाज के लिए आते हैं। कुछ मरीजों की जांच में हृदय रोगियों के आर्टरी की नली कैल्शियम के जमाव की वजह से सख्त मिलती हैं। ऐसे में अभी यहां पर नली में जमे कैल्शियम को सही करने के लिए ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है, लेकिन अब इस बीमारी से निजात दिलाने के लिए कॉर्डियोलॉजी में आईवीएल यानी इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी विधि से इन मरीजों को राहत दी जाएगी।

कॉर्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस विधि से शॉक वेव के जरिये कैल्शियम का जमाव तोड़ दिया जाएगा। इसके बाद नली मुलायम हो जाएगी और आसानी से स्टेंट लग जाएगा। इसमें कैल्शियम की पपड़ी उसी तरह तोड़ी जाती है, जिस तरह शॉक वेव से गुर्दे की पथरी को तोड़ा जाता है। आईवीएल विधि से इलाज की सुविधा कार्डियोलॉजी में निशुल्क दी जा रही है। अभी तक करीब 50 रोगियों को इस विधि से इलाज दिया जा चुका है।

डायबिटीज रोगियों को होती अधिक दिक्कत

- प्रो. राकेश वर्मा के मुताबिक हृदय की आर्टरी में कैल्शियम का जमाव ज्यादातर डायबिटीज से ग्रसित हृदय रोगियों को होता है। इसके अलावा गुर्दा रोगियों को भी आर्टरी में कैल्शियम जमाव की यह दिक्कत होती है। इसके अलावा अधिक उम्र वाले रोगियों को यह समस्या आती है। आर्टरी ब्लॉकेज होने पर ओपन हार्ट सर्जरी में रोगी को अधिक दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता था और खून चढ़ाने की भी जरूरत पड़ती है। लेकिन आईवीएल में रोगी का इलाज आसान हो जाता है।

पर्त सख्त होने से अंदर नहीं फूल पाता बैलून

- सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि आर्टरी में कैल्शियम का जमाव होने से पर्त सख्त हो जाती है। इससे अंदर बैलून फूल नहीं पाता। स्टेंट लगाने में दिक्कत आती है। इस विधि से बैलून डालकर शॉक वेव देते हैं, जिससे पर्त टूट जाती है। इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी का सेटअप 10 लाख का पड़ता है। बैलून सवा लाख रुपये में आता है। लेकिन कॉर्डियोलॉजी संस्थान में इस विधि से मरीजों का इलाज निशुल्क किया जा रहा है।

क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी। अमृत विचार

रोडवेज कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री सत्य नारायण यादव ने बताया कि हमारी जो भी मांगें हैं उन्हें हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। मांगें पूरी न हुईं तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। हमारी मांगें सर्वथा उचित हैं और जायज हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित: ॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

समावेशी बजट

मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पूर्ण बजट पेश हुआ। बजट में सरकार की ओर से सभी वर्गों को लुभाने की कोशिश की गई। बजट में युवा, किसान, उद्यमी, महिलाओं व नौकरी पेशा लोगों का ध्यान रखा गया है। साथ ही व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। नौकरी पेशा लोगों को पहले की तरह ही 3 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 लाख से 7 लाख की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देने का प्रावधान रखा गया है। पहले यह छूट 3 लाख से 6 लाख की आय पर थी। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के लिए लोन गारंटी योजना का प्रावधान किया है,जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। संकट से गुजर रहे एमएसएमई की कर्ज जरूरत सरकार समर्थित कोष से पूरी की जाएगी। साथ ही सरकार एमएसएमई खरीदारों के लिए टीआरईडीएस मंच पर अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करेगी। सरकार के इस प्रावधान से निश्चित ही एमएसएमई क्षेत्र के उद्योग को बढ़ाने करने में मदद मिलेगी।

बजट में स्टार्टअप्स इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एंजल टैक्स हटाने का प्रावधान किया गया है। एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उनके लिए अधिक अनुकूल माहौल बनेगा। एंजेल टैक्स को देश में साल 2012 में लागू किया गया था। तब से इसको हटाने की मांग की जा रही थी। यह टैक्स उन अनलिस्टेड बिजनेस पर लागू होता था, जो एंजेल निवेशकों से फंडिंग हासिल करते थे। बजट में इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। ग्रामीण विकास को ध्यान रखते हुए बजट में ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार के हर व्यक्ति को छत देने के इरादे की झलक भी बजट में दिखी। बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही बजट में छात्रों के लिए शिक्षा ऋण व रोजगार शुरू करने के लिए सरल ऋण प्रक्रिया अपनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना कि चाहिए बजट के द्वारा सरकार ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया है।

आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापक वित्तीय रोडमैप

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2024 का भारतीय बजट एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत के लिए बनाया गया एक व्यापक वित्तीय रोडमैप है। यह बजट आत्मनिर्भर रक्षा, आत्मनिर्भर कृषि, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) विकास, निर्यात वृद्धि, ग्रामीण उपभोग वृद्धि, युवा रोजगार क्षमता और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर देता है।

आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं को बढ़ानाः रक्षा बजट आवंटन में वृद्धि 2024 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह आवंटन भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बजट रक्षा क्षेत्र के भीतर 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करता है, जिसका लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू रक्षा निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन, कर छूट और सब्सिडी प्रदान करना। बजट नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने, रक्षा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित करता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसे संगठनों के लिए धन में वृद्धि। रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनियों के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन प्रदान करना।

एमएसएमई विकासः बजट में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच में सुधार के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं, ऋणदाताओं के लिए जोखिम को कम करने और एमएसएमई के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजनाओं को बढ़ाना। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एमएसएमई को उनकी पूंजी की लागत कम करने और उनके विकास और विस्तार का समर्थन करने के लिए सब्सिडी वाले ऋण प्रदान करना। एमएसएमई को नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार

> मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है।

करने में मदद करने के लिए बजट में 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। डिजिटल परिवर्तनः ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने सहित एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम। बजट में एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उपाय पेश किए गए हैं, जिनमें निर्यात-संबंधी लागत को कम करने और अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एमएसएमई को सब्सिडी प्रदान करना।

निर्यात वृद्धि : बजट में व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बंदरगाहों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए उनका आधुनिकीकरण करना, टर्नअराउंड समय को कम करना और व्यापार रसद में सुधार करना। माल की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और लॉजिस्टिक बाधाओं को कम करने के लिए सड़क, रेलवे और हवाई अड्डों सहित परिवहन नेटवर्क का विकास करना। निर्यात वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क वापस करने के लिए शुल्क वापसी योजनाओं को बढ़ाना। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बजट में 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एमएसएमई और अन्य निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता करना, उनकी विश्वसनीयता और विपणन क्षमता को बढ़ाना। ग्रामीण उपभोग विकास : बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं किसानों के लिए उत्पादन लागत कम करने के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करना। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आरआईडीएफ को 40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कनेक्टिविटी और बाजारों तक पहुंच में सुधार के लिए ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन है। कृषि के लिए विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और फसल की पैदावार में सुधार करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को वित्त पोषित करना।

बजट में मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है। युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए, बजट में कौशल भारत मिशन के विस्तार पर जोर दिया गया है, स्टार्टअप्स को विकास के शुरुआती चरणों में मदद करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग बढ़ाना। उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को संसाधन, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने के लिए और अधिक इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करना।

महिला सशक्तिकरणः बजट में महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला उद्यमियों के लिए ऋण तक आसान पहुंच को शामिल किया गया। बजट में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करना। बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है। बजट में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई पहलों के लिए 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं के लिए हेल्पलाइन और सहायता केंद्र स्थापित करना, उन्हें तत्काल सहायता और सहायता प्रदान करना।

कृषि क्षेत्रः कृषि सब्सिडी के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। किसानों पर लागत का बोझ कम करने और फसल उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक सब्सिडी का आवंटन बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कीट-संबंधी मुद्दों के समाधान और फसल की पैदावार की सुरक्षा के लिए कीटनाशक सब्सिडी के लिए धन बढ़ाया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए बजट में एमएसपी तंत्र को मजबूत करने के उपायों की रूपरेखा दी गई है। किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गेहूं, चावल और दालों जैसी प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

बजट में एक गारंटी योजना शुरू करने का प्रस्ताव है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार की कीमतें गारंटी स्तर से नीचे आने पर भी किसानों को एमएसपी मिले। फसल की किस्मों, कीट नियंत्रण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में अनुसंधान का समर्थन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसे संस्थानों के लिए धन में वृद्धि। बदलते मौसम के मिजाज के अनुकूल होने और स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए जलवायु-लचीला फसल किस्मों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फंडिंग को नई नहरों, जलाशयों और पाइप लाइनों के निर्माण सहित सिंचाई कवरेज का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 40,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच में सुधार करने के लिए कृषि बाजारों और भंडारण सुविधाओं का विकास। कहा जा सकता है कि बजट से सभी वर्गों को लाभ होगा।

प्रसंगवश

बजट से बैसाखियों की मजबूती

वर्ष का पूर्ण आम बजट आ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो नारे याद आ गए। पहलाः "सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास"। दूसराः"न खाएंगे न खाने देंगे"। ये नारे हमें अकारण नहीं याद आए हैं।

बजट देखकर प्रतिक्रिया स्वरूप ये स्मरण हो आए। बताते चलें कि वर्तमान में केन्द्र में पदस्थ मोदी सरकार का अपने दल का बहुमत नहीं है। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नाइडू की तेलगू देशम पार्टी की बैसाखियों पर टिकी है। बजट में इन राज्यों को दिल खोलकर वित्तीय पैकेज दिए गए। बिहार को 26 हजार करोड़ तो अकेले सड़क निर्माण हेतु ही दिए। कुछ और भी। कुल मिलाकर 58900 करोड़ की सौगात दी गई। नाइडू को विभिन्न मदों में पचास हजार करोड़ की मदद का ऐलान हुआ है। अब सवाल यह है कि कहीं तो मणिपुर जैसा राज्य है, जहां हिंसा और अभद्रता का तांडव चल रहा है और पीएम ने कोई सुधि नहीं ली। वहां झांकने तक नहीं गए और जिन राज्यों के मुखिया मोदी की सरकार संभाले हैं, उन्हें सब कुछ। क्या देश चलाने का यही सिद्धांत होना चाहिए कि जिससे तात्कालिक स्वार्थ सिद्ध होता हो वही अपना। तब तो नारा यह होना चाहिए,"जो हमारा खास,बस उसका विकास"। अब हम दूसरे नारे पर आते हैं। खाने कमाने से संबंधित। नीतीश का शासन बिहार में लंबे समय से है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों जिस तरह धड़ाधड़ पुल टूटे बहे, उससे नीतीश के सुशासन की कलई खुल गई। केवल कुछ इंजीनियर निलंबित हुए। क्या इन घटिया पुलों के निर्माण में की गई कमाई अकेले इंजीनियर हजम कर सके होंगे? नहीं। हिस्सा ऊपर तक गया होगा, लेकिन फंदा पतली गर्दन में आसानी से पड़ता है। उन्हें तो अल्पांश ही मिलता है। कहावत है "खाए बांदर। मरैं कूकुर"। अब फिर से भारी रकमें मिल रही हैं। कार्यों की जैसी गुणवत्ता होगी,आगे चलकर मालूम हो जाएगा। हां प्रसन्न नीतीश मोदी सरकार के बैसाखी लगाए रहेंगे। रही चन्द्रबाबू नाइडू की बात, तो वे तो घोटालों में जेल में रह चुके हैं। जो भी हो बजट से मोदी ने अपनी बैसाखियां मजबूत कर लीं।

आस्था और सामाजिक सद्भाव

प्रसिद्ध सावन मास आरंभ हो चुका है। इसके साथ शुरू हो चुकी है, शिव भक्तों की कठिन कांवड़ यात्र,जिसमें कई दिनों की हजारों लोग पैदल यात्रा कर हरिद्वार या अन्य गंगा घाटों से गंगाजल लाकर महादेव का अभिषेक करने की परंपरा है। यूपी सरकार के आदेश के बाद कि कांवड़ियों के मार्ग में जितनी भी दुकाने, ठेले और होटल इत्यादि हैं उनमें कारोबारी का नाम व पहचान अंकित करना आवश्यक है, राजनीतिक हलचलों के साथ सोशल मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव की भांति आदेश के समर्थन व विरोध में लामबंदी भी शुरू हो गई है। यूपी सरकार के पश्चात उत्तराखंड सरकार ने भी इसी प्रकार का आदेश जारी कर दिया था।

हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अंतरिम रोक लगा दी है। आदेश के पक्ष में सरकार व प्रशासन के अपने तर्क हो सकते हैं,परंतु आदेश के पश्चात जो सब्जियों पर थूकने, खाद्य सामग्री पर मूत्र विसर्जन के वीडियो व संदेश वायरल हो रहे हैं,वे दोनों ही समुदायों में पारस्परिक नफरत और अविश्वास का बीज बोने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही गंगा जमुना तहजीब को भी ध्वस्त करने में धीमे जहर का कार्य कर रही है। हम सभी जानते हैं सोशल मीडिया के इस दौर में सच और झूठ का प्रोपेगेंडा विभिन्न समूहों द्वारा निहित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। सरकार व प्रशासन को चाहिए कि ऐसे वीडियो और संदेशों की सत्यता की जांच करवाए और दोषी व्यक्ति चाहे किसी भी समुदाय के हों,उन्हें उचित दंड दिया जाए,क्योंकि मुट्ठी भर लोगों के उन्माद की कीमत सांप्रदायिक सौहार्द नहीं हो सकती। साथ ही खान-पान की शुचिता

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

> देश व हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में है।

व पवित्रता हिंदुओं के साथ साथ मुसलमानों के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। खान-पान की रोजमर्रा की वस्तुओं के उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रिया में विभिन्न रसायनों के रूप में धीमे जहर का पहले से ही प्रयोग हो रहा है,जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आ रहे हैं। अब उन्हें इस प्रकार नफरत रूपी जहर से विकृत करना शारीरिक व मानसिक रूप से तकलीफदेह तो है ही,सामाजिक समरसता पर भी आघात करने वाला घृणित कार्य है। इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ दोनों समुदायों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में हैं। यदि इसी प्रकार नफरती जहर फैलता रहा तो शायद अपनी-अपनी जाति और धर्म की प्रधानता पर आधारित आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की और पलायन करना होगा। रही बात कांवड़ यात्रा की तो यह गहन आस्था और आत्मिक संयम का प्रतीक है। इसमें खान-पान के साथ जीवनशैली में शुद्धता तथा पवित्रता का ध्यान कांवड़िया ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार रखता है। आप आस्था को चाहे अंधविश्वास का नाम दें, लेकिन यह यात्रा सनातनी परंपरा का अहम हिस्सा है। इस यात्रा के दौरान संभव है कि हिंदुओं के होटलों के जिन बर्तनों में एक समय लहसुन प्याज का भोजन बनाया जाता है, थोड़ी देर पश्चात उन्हीं बर्तनों में शाकाहार के नाम पर कांवड़ियों का भी भोजन बनाया जाए। उपवास के दिनों में ऐसे भोजन के मामले में मैं स्वयं मुक्तभोगी हूं,जहां होटल के सामने बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है व्रत का खाना,लेकिन कहीं न कहीं प्याज का उपयोग पहले से खाना पकाने के लिए हुआ होता है। अतः आवश्यक है इस यात्रा मार्ग में अधिक से अधिक शिविर लगाया जाएं।

यद्यपि ऐसे शिविर हमेशा से लगाए जाते हैं,जहां खान-पान की पूरी सुविधा और शुचिता के साथ कांवड़ियों के स्वास्थ्य और आराम की भी सुविधा का ध्यान रखा जाता है। अब ऐसे शिविर कम से कम दूरी में लगाने चाहिए, जिससे कांवड़ियों को भोजनालय या अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ज्यादा सोचना और भटकना न पड़े। आम लोगों को भी तन मन धन से सेवा का अवसर मिले। जब गुरुद्वारे में सिख लोग रोज लंगर लगा सकते हैं तो उचित दूरी पर शिविर भी अधिकाधिक मात्रा में लगाए जा सकते हैं,क्योंकि कई बार जबरन नियमों को थोप कर सामाजिक अविश्वास उत्पन्न करने से बेहतर है, मध्यम मार्ग निकालना,जिससे न भावनाएं भड़के,न विश्वास आहत हो और सात्विकता के साथ सांप्रदायिक सौहार्द भी बरकरार रहे। वैसे भी सावन का पवित्र माह सृजन का प्रतीक है न की विध्वंस का।

सोशल फोरम

धैर्य और समर्पण का महीना

जब बादल इकट्ठे होकर जमीन को नहलाने लगें। जमीन हरी घास सी तौलिया बांध मंद-मंद मुस्काए। बीज अखुए फोड़कर सलाम करने खड़े हो जाएं। नदियां भर पेट पानी पीकर इतराएं। तालाब शरारती बच्चों की तरह जगह-जगह खिलकर फैले हों। मिट्टी मक्खन बनकर फूली हो। हरी-हरी काई,मखमल की तरह जमीन पर टंकी हो। हवा जब खुद में नमी का वजन लेकर बदन को ताजगी दे जाए। तब जर्रा-जर्रा मुस्कुरा के कहता है,यही तो सावन का स्वाद है। जो दिल सावन में न झूमे, जिसे सावन की नरमी तरावट न दे, जिसमें सावन का भोलापन मासूमियत न भरे, जिसका दिल बड़ा और बराबरी की गवाही न दे,वह भला फुहारों के बीच नाचते सावन को समझा ही कब। सावन तो हर एक को बराबर आनंद देने का उत्सव है।

धरती पर मौजूद हर हृदय, जिसमें प्रेम है, उसमें ही तो सावन की आहट होगी। हे सावन मेरे दिल को ढक लो ताकि इसमें मोहब्बत के सिवा कुछ न रह जाए। मेरे दिल को ऐसा कर दे,जो संसार भर का जहर पी तो सके मगर दूसरों पर उगल न सके। मुझे खुद में समाकर मेरा वजूद मिटा दो मेरे सावन। पार्वती जी ने सबसे खूबसूरत महीनों में से एक सावन में तप करके दुनिया का सबसे शक्तिशाली, मासूम और समर्पित प्रेम शिव हासिल किया था, इसलिए मेरे लिए यह माह प्रेम को पाने का महीना है।

यह महीना धैर्य और समर्पण का महीना है। खुद के अंदर से सुई की नोक बराबर भी नफरत को खत्म करने का महीना है और सबसे बड़ी बात पिछले पूरे चक्र में की गई गलतियों के प्रायश्चित का महीना है,जब दिल प्रायश्चित के बाद साफ हो जाए, तब उसमें पहला पांव शिव रखते हैं और जिस हृदय में शिव पांव रख दें,वहां और कुछ रह ही क्यों जाएगा सिवाए शिव शिव के। सावन मंद-मंद मुझे खुद में घोल दे रहा है। अगर सावन गुजरता रहे और इसकी आहटें दिल में मचलती रहें, तब भी किसी हृदय में नफरत रह जाए, तो पृथ्वी पर उससे अभागा भला कौन सा हृदय होगा। यह तो खुद को मिटकर प्रकृति के साथ झूमने का वक्त है। मेरे शिव के पैतियाने बैठकर,हरी चादर ओढ़े भारत भूमि को निहारते रहने कह वक्त है। **-फेसबुक वॉल से**

हफीज किदवई
लेखक

समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास जरूरी

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते,तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है,जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए।

प्रयाग विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र से एमए करने तथा भारतीय संस्कृति का अध्ययन करके धर्म और दर्शन के ज्ञान में कुछ वृद्धि की। तीर्थराज प्रयाग तथा देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक राजधानी काशी में नियुक्ति के समय कुछ विद्वत जनों का स्नेह मिला। पुलिस अधीक्षक पौड़ी की नियुक्ति काल में मैं अधिकतर लक्ष्मण झूला, ऋषिकेश एवं हरिद्वार के बहुत से संत-महात्माओं के प्रवचनों को सुनने तथा उनसे वार्ता कर जिज्ञासा दूर करने का अवसर मिला, यद्यपि उन वार्ताओं में निराशा अधिक मिलती।

वर्ष 2010 में मुरादाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक था। एक दिन प्रातः घर के फोन ड्यूटी ने बताया कि शंकराचार्य जी आवास के फाटक पर खड़े हैं और सुरक्षा न मिलने से रुष्ट हैं। मैंने शंकराचार्य के विषय में पूछा तो वह नहीं बता सका, उनके सहायक ने फोन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी हरिद्वार जा रहे हैं रास्ते के सभी जिलों में उन्हें सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट गाड़ी मिली, लेकिन यहां नहीं मिली जबकि डीजीपी कार्यालय ने वायरलेस से इसका आदेश दे दिया था। मैं तुरंत उनकी सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट लगा दूं और आकर उनसे माफी मांगू। मैं सोकर उठा ही था। मैंने दिखवाया तो पता चला ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। मैंने उनके सहायक को आदेश न मिलने की बात बताकर पूछा कि वह कहां के शंकराचार्य हैं तो वह बोले कि काशी के हैं। मैंने कहा कि देश में कुल चार पीठ ही हैं, जहां शंकराचार्य जी होते हैं, उनमें काशी नहीं है। तब वह मुझे बरगलाना चाहा तो मैंने धमकाया कि फर्जी शंकराचार्य बनने पर जेल भेज दूंगा तब वह गलती मान गए। बात से पता चला सहायक जी मेरे गांव के पड़ोस के रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी थे। उनके आग्रह पर मैंने जनपद की सीमा तक एस्कॉर्ट लगा दी। उन्होंने मुझे बुलाकर शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने को कहा जिसे मैंने विनम्रता से मनाकर दिया।

देश में न जाने कितने स्वयंभू शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, विश्वगुरु, महामंडलेश्वर आदि हिंदुओं को बरगला रहे हैं और शिष्यों को धन का मोह त्याग ने का उपदेश देकर अपनी संपत्ति बढ़ा रहे हैं। आशाराम, राम रहीम तो कुछ ऐसे संत हैं, जिनको न्यायालय ने दंडित किया। देश में बहुत से ऐसे संत हैं जिन पर आरोप नहीं लगे या आरोप दबा दिए गए। बड़े नेताओं, अधिकारियों से संपर्क बढ़ाकर अकूत संपदा के स्वामी होने के बाद भी ऐसे धर्माचार्य जनहित या हिन्दू हित में शिक्षा, अस्पताल, अनाथालय, लंगर आदि चलाने में कोई रुचि नहीं लेते। यही नहीं, हिंदू धर्म में सदियों से व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में भी रुचि नहीं लेते।

सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते, तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है, जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए। देश में बहुत से विद्वान, अनासक्त संत हैं, उन्हें आकर हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने हेतु ठोस प्रयास करना चाहिए।

हिंदू धर्म में प्रतिदिन नए पंथ, संप्रदाय बनते रहे हैं, उनके आचार्यों में शास्त्रार्थ होते रहते थे और पराजित संत जीते हुए का पंथ स्वेच्छा से स्वीकार कर लेता था। आदि शंकराचार्य का मीमांसक मंडन मिश्र से हुए शास्त्रार्थ में मंडन पराजित होकर शंकराचार्य के शिष्य बन गए थे। धर्मांधता हिंदुओं का गुण कभी नहीं रहा। हम समझ लें कि "धुआं भरा हो जिन आंखों में नफरत का,उनसे कोई ख्वाब न देखा जाएगा।" सैकड़ों वर्षों देश पर मुस्लिम और ईसाई के द्वारा राज करने के बाद भी हिंदू धर्म न केवल बचा है, अपितु पल्लवित-पुष्पित हो रहा है। हमारे संत विश्व में हो रहे नव जागरण, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक उन्नति को दृष्टि में रखकर हिंदुओं को जागृत करें, जिससे देश और समाज प्रगति कर सके।

जरूरतों को सीमित करना आवश्यक

दुनिया में बढ़ रहा है मिनिमलिज्म यानी कम सामानों में बेहतर जिंदगी कैसे जिए,अगर आप अपने जीवन को सरल और सहज बनाने की सोच रहे हैं तो जरूरतों को सीमित करना होगा। यह तनाव कम करने और बचत करने का बेहतर तरीका होगा। इसका अर्थ है जीवन जीने के लिए कम से कम वस्तुएं खरीदना और उनका उपभोग सही तरीके से करना। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण है,जिन्होंने अपना जीवन बहुत साधारण तरीके से जिया बहुत कम कपड़ों में गुजारा किया। अति सूक्ष्मवाद को अपनाया और अपना सारा पैसा दान कर दिया।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

मिनिमलिज्म की शुरुआत आप अपने विचारों में परिवर्तन कर उपयोग में न आने वाली चीजों को दानकर अलमारी में भरे हुए अनावश्यक कपड़ों, जूतों, चप्पलों आदि को दूसरों को देकर कर सकते हैं। सभी इंसानों को और अधिक की चाह होती है, अधिक कपड़े, नए नए गजेट, ज्यादा घूमना, ज्यादा शॉपिंग, ज्यादा पार्टियां और न जाने क्या क्या, इसके लिए हम ज्यादा कमाना चाहते हैं और ज्यादा खर्च करना भी, लेकिन इससे अगर खुशी मिलती तो ऐसा करने वाले सब खुश दिखाई देते।

रिसर्चगेट की एक स्टडी में बताया गया है कि मिनिमनिज्म एक लोकप्रिय जीवनशैली है। इसे अपना कर लोग अपनी खुशी से कम संपत्ति और सीमित संसाधन के साथ जी सकते हैं। ऐसे लोगों में जागरूकता सहनशीलता व सकारात्मक सोच पैदा होती है और मानसिक शांति मिलती है। मिनिमलिज्म का मंत्र है, 'कम ही ज्यादा' है। मिनिमलिज्म का मतलब है कि आप अपनी जरूरत की चीजें ही खरीदें, बजाय इसके कि आप जो चाहें वो खरीद लें। कोई भी सामान लेने पहले एक बार जरूर सोचे।

पत्नी-बच्चों सहित 7 पर हमला, बच्ची की मौत

भोगनीपुर क्षेत्र के पिपरी गांव में हुई वारदात, सनकी पति ने बांका से किया ताबड़तोड़ हमला, छह गंभीर घायल

संवाददाता, कानपुर देहात

- पुलिस ने दबिश देकर हमलावर आरोपी को किया गिरफ्तार
- अकबरपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराए गए सभी घायल

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। सनकी पति ने पत्नी, सौतेले बच्चों और पत्नी के परिवार पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें छह वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अकबरपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक है। वारदात के बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी दीपू।

घटना के बाद पिपरी गांव में तैनात पुलिस और मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने रात में ही घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की। अमृत विचार

बांका से हमले में काव्या के गर्दन की हड्डी कटी

घटना के बाद भोगनीपुर पुलिस ने काव्या के शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम में काव्या के गले की हड्डी कटी मिली। बांका से हमला में हड्डी कटी है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने मौत का कारण अधिक खून का बहना बताया है।

इसी चारपाई पर लेटी थी पत्नी।

पुत्र सूरज (11), उमंग (15) पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले से चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला पूजा का देवर महेंद्र बचाने के लिए दौड़ा तो दीपू ने महेंद्र और उसकी पत्नी बीना, बेटी काव्या (6) और बेटे सूर्यांश (8) पर बांके से हमला कर जख्मी कर दिया। रात के सन्नाटे में चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े तो हमलावर मौके से भाग खड़ा हुआ। पड़ोसियों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने काव्या को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायलों की हालत गंभीर देखते हुए हैलट कानपुर के लिए रेफर किया गया, लेकिन उन्हें अकबरपुर के ही एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है। इस बीच पुलिस ने भागे हमलावर दीपू को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने घटनास्थल पहुंच कर तहकीकात की

- घटना की सूचना मिलते ही भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी संजय सिंह, कोतवाल अंजन कुमार सिंह, अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति को पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय के साथ रात में ही भारी पुलिसबल लेकर पिपरी गांव पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। एसपी ने परिवार और गांव वालों से घटना के बारे में तहकीकात की।

हमले में एक बच्ची की मौत हुई है। बाकी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हमले की वजह जानने की कोशिश की जा रही है।

– बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी

पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था दीपू

संवाददाता, पुखरायां

- शादी के बाद दीपू से कोई संतान नहीं चाहती थी पूजा
- सौतेले बच्चे करते थे अपमान देवर-देवरानी भड़काते थे

अमृत विचार। आरोपी दीपू पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था। इसी मकसद से उसने पत्नी, दोनों सौतेले बेटों, देवर-देवरानी और उनकी बेटी-बेटे पर हमला किया। हमले में देवर की बेटी की जान चली गई, जबकि बाकी लोग जिंदगी-मौत से जूझ रहे हैं।

पिपरी गांव के लोगों ने बताया कि दीपू अक्सर गांव की दुकानों पर बैठता था तो बताता था कि पूजा उसके बच्चे की मां नहीं बनना चाह रही है। आरोपी दीपू ने यह बात पुलिस की पूछताछ में भी बताई। उसने बताया कि गर्भ ठहरने पर पूजा गोलियां खा लेती थी, जिससे गर्भपात हो जाता था। पूजा के दोनों बच्चे उसके साथ गालीगलौज करते थे और उसे घर से भगाने की बात करते थे।

पूजा का देवर महेंद्र और उसकी पत्नी बीना भी सौतेले बच्चों को भड़काती थी कि दीपू को यहां से भगा दो। इसी बात को लेकर दीपू परेशान रहता था। आरोपी दीपू को पूजा और देवर महेंद्र के संबंधों पर भी शक था। इन्हीं वजहों से उसने पूरे परिवार को खत्म करने का इरादा बनाया था। उसने पूरे परिवार को खत्म करने के लिए बारी-बारी से सभी लोगों पर हमला किया, जिसमें महेंद्र की बेटी काव्या की मौत हो गई, जबकि बाकी सभी लोग अस्पताल में जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। पुलिस के अधिकारी इन सभी घायलों के बारे में पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। दरअसल, घायलों में दो की हालत चिंताजनक बनी है।

दोनों परिवारों के जख्मी होने के बाद घरों में ताला बंद है। अमृत विचार

अगल-बगल रहते हैं दोनों के परिवार

- पिपरी गांव में पूजा अपने बच्चों उमंग (15) और सूरज (11) के साथ रहती है। शादी के बाद दीपू परिवार का मुखिया बन गया था, जबकि पूजा का देवर महेंद्र अपनी पत्नी बीना और बेटी काव्या (6) के साथ बगल में ही रहता है। अलबत्ता महेंद्र ने पूजा की दूसरी शादी का विरोध किया था, लेकिन इधर दोनों परिवारों के बीच मेल-जोल था और एक-दूसरे के साथ उठना-बैठना था।

काव्या के नाना की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

कातिलाना हमले में बच्ची काव्या की मौत होने और छह लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में कानपुर नगर जनपद के रेउना थाना क्षेत्र के लल्लूपुरवा मजरे दहेली गांव के रहने वाले महेंद्र के ससुर यानी पूजा की देवरानी बीना के पिता विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दीपू के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रात के सन्नाटे में चीख-पुकार से फैली सनसनी

संवाददाता, पुखरायां

- जिस समय हमला हुआ, उस वक्त गहरी नींद में पड़ोसी
- चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े तो भाग निकला आरोपी

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार की आधी रात सन्नाटे के बीच एकबारगी चीख-पुकार मचने से सनसनी फैल गई। जिस समय घटना हुई, उस वक्त गांव वाले गहरी नींद में थे। अचानक चीख-पुकार मचने से पड़ोसी दौड़े तो हमलावर मौके से भाग निकला। घर पर पूजा और उसके देवर का परिवार खून से नहाया तड़प रहा था।

आधी रात दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद हर कोई स्तब्ध है। घटना के बाद आस-पड़ोस के बच्चों की आंखों में दहशत साफ झलक रही है। घटना के बाद से मंगलवार को दिन भर पूजा और महेंद्र के दरवाजे पर गांव वालों का मजमा लगा रहा। लोग हमलावर आरोपी दीपू को कोसते रहे। इस घटना के बाद पूरे गांव में अजीब सी सिहरन दौड़ रही है। पड़ोस की महिलाएं रात के मंजर को याद कर सिहर जाती हैं।

घटना के बाद पड़ोस की महिलाएं स्तब्ध हैं। अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना है कि पूजा ने पति की मौत के बाद दूसरी शादी कर खुद ही अपनी जिंदगी को नरक बना लिया। उसके दो बेटे हैं, जिनके सहारे वह अपनी जिंदगी गुजार सकती थी, लेकिन देवर के एतराज जताने के बाद भी उसने बहन के देवर दीपू से शादी कर आफत मोल ले ली।

हालांकि गांव वाले यह भी बताते हैं कि आरोपी दीपू किसी तरह के नशे का लती नहीं है, लेकिन उसने पूरे परिवार को खत्म करने का जिस तरह कदम उठाया, वह उसे फांसी के फंदे तक ले जा सकता है। गनीमत है कि महेंद्र की बेटी काव्या को छोड़कर दोनों परिवारों के बाकी सदस्य अभी जिंदा हैं।

देवर ने शादी का किया था विरोध

संवाददाता, कानपुर देहात

- विरोध के बाद भी शादी कर साथ रहने लगी थी पूजा
- शादी के बाद तीन दिन के लिए ससुराल औरैया गई

अमृत विचार। भोगनीपुर क्षेत्र के पिपरी गांव में पत्नी और सौतेले बच्चों के साथ देवर के परिवार पर कातिलाना हमले के मामले में अहम खुलासा हुआ है। बताते हैं कि पति की मृत्यु के बाद पूजा की शादी का देवर ने विरोध किया था, लेकिन पूजा नहीं मानी और अपनी बहन के देवर के साथ शादी कर ली और उसके साथ पिपरी गांव में ही रहने लगी। शादी के बाद पूजा सिर्फ तीन दिन के लिए अपनी दूसरी ससुराल औरैया गई थी।

कातिलाना हमले के बाद घायल पूजा, उसके दोनों बच्चे और उसके देवर का परिवार अस्पताल में भर्ती है। पिपरी गांव के लोगों ने बताया कि पूजा के पति सुरेंद्र की करीब पांच वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सुरेंद्र की मृत्यु के एक वर्ष के बाद ही उसकी पत्नी पूजा ने औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुर में ब्याही अपनी बहन पूनम के देवर दीपू पुत्र मन्नीलाल के साथ शादी करने की इच्छा जताई तो उसके देवर महेंद्र ने यह कहते हुए विरोध किया था कि अगर वह दूसरी शादी कर लेगी तो बच्चों का क्या होगा, लेकिन पूजा नहीं मानी और उसने दीपू से दूसरी शादी कर ली।

परिवार के सभी सदस्यों पर हमले के बाद गांव वाले अवाक हैं। अमृत विचार

शादी के बाद पूजा सिर्फ तीन दिन के लिए दीपू के साथ मुरलीपुर ससुराल गई और फिर दीपू को पिपरी गांव लाकर यहीं बच्चों के साथ रहने लगी। कुछ दिन बाद दीपू अपने साथ पूजा को लेकर दिल्ली चला गया और वहीं काम करने लगा, लेकिन सही ढंग का काम नहीं मिलने पर कुछ समय बाद वह फिर पिपरी गांव लौट आया और यहीं रहकर मेहनत-मजदूरी करने लगा।

दीवार फांदकर नकदी जेवरात ले गए शातिर

पुखरायां। पुखरायां कस्बा के राजीव नगर निवासी शक्ति सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार की देर रात घर में परिवार के सभी लोग सो रहे थे। उसी दौरान चोर घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आए और अलमारी का लाकर तोड़कर सोने की बेसर, झाला, दो मंगलसूत्र, टप्स, चांदी की तोड़िया, हाफपेटी और पायल समेत अन्य सामान के साथ 40 हजार चोरी कर ले गए।

अचानक गृहस्वामी की नींद खुलने पर बिखरा पड़ा सामान देखकर चोरी की जानकारी हुई। जिसपरयूपी डायल पुलिस और चौकी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। वहीं घर के बाहर खाली पड़े प्लाट के किनारे खाली पर्स और सामान बिखरा पड़ा मिला। चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सिकंदरा थाना क्षेत्र में सात साल पहले हुई थी घटना

अमृत विचार। करीब सात साल पहले सिकंदरा क्षेत्र की एक युवती को लखीमपुर खीरी निवासी आरोपी युवक बहलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सिकंदरा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि मई 2017 को उसकी पुत्री घर से सामान लेने के लिए बाजार गई थी। वहां से घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए युवती की तलाश कर उसके बयानों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर लखीमपुर खीरी के मथौरा कहारनपुरवा निवासी दिनेश उर्फ संजय के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी दिनेश उर्फ संजय को दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी। साथ ही उस पर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को दस माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। अदालत ने अर्थदंड की समस्त धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

लूट के खुलासे को पुलिस टीमें गठित

मूसानगर। अकबराबाद में महिला को राड से पीटकर लाखों के जेवर-नकदी लूट मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। खुलासा करने के लिए पुलिस टीमें गठित हुई हैं।

अकबराबाद के किसान रामनाथ के घर रविवार रात पत्नी करुणा देवी आंगन में सो रही थी। देर रात पिछले दरवाजे से घुसे बदमाश करुणा का मुंह दबाकर लोहे की राड से हमला किया था और कमरे का ताला खुलवाकर सेफ में रखे करीब 12 लाख रुपये के जेवरात व 20 हजार नकदी समेत मोबाइल फोन लूट ले गए थे। बदमाश महिला को उसी कमरे में बंद कर भाग गए थे। बदमाशों ने सभी कमरों के दरवाजे व मेन गेट बाहर से बंद कर दिए थे। एएसपी राजेश पांडेय ने छानबीन की थी। देर रात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि पुलिस की टीमें गठित कर कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

पत्नी की हत्या में पति को मिला आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जैनपुर में सात साल पहले चाय के विवाद में हुई थी हत्या

अमृत विचार। अकबरपुर क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी जैनपुर में करीब सात साल पहले घरेलू विवाद होने पर पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि यूपीएसआईडीसी जैनपुर निवासी जीत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसके मकान में मध्य प्रदेश के शिवपुरी भौंती निवासी मनोज चौहान उर्फ सुनील कुमार मार्च 2017 से अपनी पत्नी अंजली के साथ किराए पर रह रहे थे। 22 नवंबर 2017 की सुबह पति-पत्नी में विवाद हो रहा था। उसने मनोज से पूछा तो उसने कहा कि चाय बनाने को लेकर झगड़ा हुआ है। कुछ देर बाद मनोज जाते हुए दिखा तो उसने टोका। मनोज ने मोबाइल रिचार्ज करवाने जाने की बात कही। उसने घर पर देखा तो मनोज के कमरे में ताला लगा था। उसने शंका के आधार पर ताला तोड़कर कमरे के अंदर देखा तो अंजली फर्श पर खून से लथपथ पड़ी थी। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने विवेचना कर उसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। जिला जज जय प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, 10 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

सार-संक्षेप

माध्यमिक शिक्षक संघ कल देगा धरना

कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश माध्यमिक षिक्षक संघ ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण न होने पर धरने की सूचना दी है। मंगलवार को संगठन के जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह भदौरिया ने डीआईओएस को लिखित पत्र देकर कहा कि शिक्षकों की पुरानी बहाली की मांग अभी तक पूरी नहीं की गई है। इसी तरह वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, दतर्थ शिक्षकों व प्रधानाचार्यों को विनियमित करने, सामूहिक बीमा, माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त पदों में तत्काल नियुक्ति समेत 14 मांगे पूरी नहीं की गई हैं। इसके विरोध स्वरूप 25 जुलाई को सभी शिक्षक एक दिवसीय प्रदर्शन करेंगे।

धरने की सूचना देते शिक्षक नेता।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री अपनी बुआ के साथ शाम को शौच के लिए गई थी। तभी गांव के ही एक युवक पुत्री की कनपटी पर तमंचा लगाकर खेत में घसीट ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक के हाथ में तमंचा होने के कारण किशोरी की बुआ उसका विरोध नहीं कर पाई। खेतों से आकर परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

रूरा क्षेत्र के बंबा में मिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

रूरा। थाना क्षेत्र के मजरा पांडेय निवादा गांव के पास से निकले बंबे में एक अज्ञात शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची सीओ सदर व थाना प्रभारी ने छानबीन की। काशीपुर गांव के मजरा पांडेय नेवादा गांव के पास निकले रजबहे में मंगलवार को एक अज्ञात शव उतराता मिला। वहां से निकल रहे राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर सीओ सदर तनु उपाध्याय, थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा मौके पर पहुंचे और छानबीन की। फॉरेंसिक टीम को बुलवाकर साक्ष्य संकलित करवाए। सीओ सदर ने बताया कि शव करीब 15 से 20 दिन पुराना है। शिनाख्त के काफी प्रयास किए गए है, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है।

शव मिलने पर जांच करतीं सीओ सदर तनु उपाध्याय।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

रसूलाबाद। सोमवार रात गहलू गावं निवासी हीमराव ने किसी बात को लेकर पहले शराब पी और फिर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होते देख परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने हालत गंभीर होने के चलते कानपुर हैलट रेफर कर दिया, लेकिन हीमराव ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसपर परिजन शव घर ले आए और मंगलवार को खेरेश्वर घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था।

सड़क दुर्घटना में पति की मौत पर दर्ज कराई रिपोर्ट

रसूलाबाद। कस्बा के केशव नगर निवासी नीतू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति संजय कुमार व पुत्र सोहन बाइक से बीती 18 जुलाई की सुबह रूरा की तरफ से रसूलाबाद आ रहे थे। तभी मिण्डाकुआं की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने गलत दिशा में मोड कर लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पति व पुत्र घायल हो गए। सीएचसी में डॉक्टर ने पति को मृत घोषित कर पुत्र को कानपुर हैलट रेफर किया था। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

विकसित भारत वाला बजटः अरुण पाठक

कानपुर देहात। मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे टर्म का पेश हुआ बजट युवाओं, किसान, महिला, व गरीब वर्ग को प्रोत्साहित करने वाला बजट है। यह बात स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के संकल्प को प्रदर्शित कर रहा है। इसमें जहां युवाओं के लिए भारी तादात में सरकारी व प्राइवेट नौकरी तो किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि छह हजार से बढ़ाकर आठ हजार रुपये करने के साथ महिलाओं के उत्थान के लिए तीन लाख करोड़ रुपये किए गए हैं। यह प्रावधान सरकार के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को दोहराता है।

अरुण पाठक।

अनदेखी मटर का सूखा भूसा खिलाने से दो गोवंशों की हालत मरणासन्न, अफसर नहीं दे रहे कोई ध्यान

छोलापुर गौशाला में गाय की मौत, नोच रहे कुत्ते-कौआ

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र की छोलापुर गौशाला में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खामियों का अंबार है। गोवंशों को सूखा भूसा खिलाने से दम तोड़ रहे हैं। मंगलवार को गौशाला में एक मृत गाय को आवारा कुत्तों का झुंड और कौवे नोचते रहे। कई गाय मरणासन्न हालत में हैं। इसके बावजूद अधिकारी अंजान बने हैं।

प्रदेश सरकार ने गोवंशों की समुचित देखभाल व संरक्षण के लिए कान्हा, वृहद व गांवों में अस्थायी गौशालाएं संचालित की हैं। इसके लिए हर महीने लाखों रुपये का बजट भी दिया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते गौशालाओं में ही गोवंशों की देखभाल में पलीता लगाया जा रहा है। कुछ इसी तरह का हाल सिकंदरा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बकसौंधी के मजरा छोलापुर गौशाला में देखने को मिल रहा है। यहां पर गोवंशों को चारे के तौर पर केवल मटर का सूखा भूसा दिया जाता है। गोवंश बारिश के मौसम में भी हरे चारे के लिए तरसते हैं, जिससे वह कुपोषित होकर मरणासन्न व दम तोड़ रहे हैं।

गौशाला में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और बरसाती पानी से कीचड़ की स्थिति है। इन्हीं खामियों के चलते मंगलवार को एक गोवंश ने दम तोड़ दिया। अनदेखी के चलते आवारा कुत्तों का झुंड व कौवे गौशाला में मृत गोवंश के शव को नोचते रहे और जिम्मेदार अंजान बने रहे। वहीं दो गोवंश मरणासन्न हालत में पाए गए। उनके भी समुचित उपचार की व्यवस्था नहीं की गई है। राजपुर बीडीओ हरिगोविंद गुप्ता ने बताया कि छोलापुर गौशाला में गंदगी की जानकारी मिली है। मृत गोवंश के शव को कुत्तों के नोचने की जांच कराई जाएगी।

गौशाला में गोवंशों की हालत दयनीय है। अमृत विचार

छोलापुर गौशाला में मरणासन्न गाय। अमृत विचार

बजट सराहनीय लेकिन महंगाई नियंत्रण पर नहीं दिखा जोर

बजट पर महिलाओं, युवाओं, कारोबारियों व उद्यमियों ने जताई प्रतिक्रिया, महंगाई में कमी न आने से लोग दिखे नाराज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

06 हजार रुपये मिलेंगे अप्रेंटिस करने वालों को

03 करोड़ से अधिक पीएम आवास बनेंगे

बुनियादी जरूरतों पर दिया गया जोर: आईआईए

लोकसभा में बजट पेश होने के बाद हुई आईआईए की बैठक में वक्ताओं ने एमएसएमई के लिए बैंकों द्वारा आंतरिक क्रेडिट रेटिंग घोषणा और उद्योगों के लिए वित्तपोषण व तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का स्वागत किया। कहा कि कुशल श्रमशक्ति की अनुपलब्धता बड़ी बाधा रहा है। अब 20 लाख युवाओं को कौशल सिखाकर रोजगार प्रोत्साहन दिए जाने से प्रशिक्षित युवा कामगार उद्यमियों की चिंता कम करेंगे। संगठन के जिला चैप्टर के अध्यक्ष मोहन बंसल, जीएन मिश्र, पूर्व चेयरमैन अरुण महेश्वरी, अशोक व संदीप शुक्ला ने औद्योगिक कारीडोर विकसित किए जाने के प्रावधानों की सराहना की।

अमृत विचार। आयकर में रियायत, मुद्रालोन धनराशि में बढ़त, पीएम आवास के बजट में बढ़ोतरी के जरिए केंद्र सरकार ने संबंधित वर्गों को साधने की कोशिश जरूर की लेकिन बढ़ती महंगाई कम करने का प्रावधान न होने से आम आदमी को निराशा हुई है। लोगों का कहना है कि रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं के दाम कम करने के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है।

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में न सिर्फ तीन लाख वार्षिक आय को कर मुक्त किया गया बल्कि तीन से सात लाख की आय तक पांच फीसदी, सात से 10 लाख तक की आय पर 10 प्रतिशत और 10 से 12 लाख वार्षिक आय पर 15 फीसदी दर से आयकर का प्रावधान किया गया है। यही नहीं वेतन भोगिया के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार करना भी नौकरी पेशा लोगों को लाभ पहुंचाएगा। इसके अलावा मुद्रालोन लेकर समय पर अदा करने वालों को 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक ऋण दिए जाने का प्रावधान भी छोटे कारोबारियों को खुश करने वाला रहा। इसी तरह शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के माध्यम से तीन करोड़ से अधिक आवासों के निर्माण का प्रावधान भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को खुश करने वाला है। इसके अलावा पीएम शहरी गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव भी आम शहरी लोगों की बाछें खिलाने वाला है। वहीं 500 शीर्ष निजी कंपनियों में अगले पांच वर्षों में अप्रेंटिस करने वाले एक करोड़ युवाओं को छह हजार रुपये मानदेय देने के प्रावधान से फिलहाल युवा खुश हैं।

गृहिणी स्मिता ने बजट को लेकर कहा कि महंगाई कम करने के उपाय न किया जाना दुखद है। इसलिए आम व मध्यम वर्गीय परिवारों की सबसे बड़ी जरूरत उपभोक्ता वस्तुओं के दाम में गिरावट किया जाना है।

पिंकी श्रीवास्तव ने पेट्रोल-डीजल व कुकिंग गैस की महंगाई कम करने के लिए प्रावधान न किए जाने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि डीजल व कुकिंग गैस की महंगाई रसोई को प्रभावित करती है।

छात्रा राशि तिवारी ने शीर्ष कंपनियों में अप्रेंटिस कराने की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं को रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी शामिल होनी चाहिए थी। यह लाभ महानगरीय युवाओं तक सीमित रह जाएगा।

छात्रा शिवानी कश्यप ने शिक्षा ऋण के प्रावधान की सराहना की। कहा कि छोटे शहरों व आसपास ग्रामीण युवाओं के लिए उच्च शैक्षिणक संस्थान व शीर्ष कंपनियों की गतिविधियां बढ़ाने का व्यवस्था भी करनी थी।

व्यापारी नेता अमित मिश्र ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि छोटे कारोबारियों, किसानों, युवाओं व महिलाओं को देखकर तैयार बजट निश्चित तौर पर दूरगामी परिणाम देगा। जिससे देश सामर्थ्यवान बनेगा।

उद्यमी संजय राठी ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास की दृष्टि से यह सराहनीय है। इसमें एमएसएमई के लिए नए ऋण आकलन माडल बनाने की बात है। युवाओं का कौशल विकास उद्यमियों को लाभ देगा।

बजट पर लोगों की राय

आम जनमानस विरोधी है यह बजट किसानों को उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिले, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नये चिकित्सा शिक्षा शोध कैसे होंगें पर्यावरण जो आने वाले समय में सबसे बड़ी त्रासदी बनने जा रही है इस पर बजट कोई काम नहीं किया गया है व्यापारियों को टैक्स में कोई छूट नहीं दी गई है मंहगाई पर नियंत्रण का कोई प्रावधान नहीं है।

–वीरेन्द्र शुक्ला सपा नेता

सभी वर्गों को बजट में राहत दी गई है। अगर बजट को अमलीजामा पहनाया गया तो लोगों के हित में होगा। सरकार ने हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुये बजट पेश किया है। जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा।

–अमरेन्द्र गुप्ता भाजपा नेता

यह बजट आम जनता को राहत भरा है, हर वर्ग को तरजीह देते हुये तमाम प्रकार की योजनाएं लाई गई है। जिससे सभी को इसका लाभ मिलेगा। सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सबसे सही साबित होगी।

–अवनीश शुक्ला भाजपा नेता

हर बार की तरह इस बार भी केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से गरीब, बेरोजगार, पिछड़े समाज को ठगने का काम किया है, व्यापारी वर्ग भी इस बजट से जो उम्मीदें लगाया था उसमें भी उसे निराशा ही मिली, अपने महागठबंधन के प्रमुख साथी रहे बिहार और आंध्र प्रदेश को सबसे ज्यादा बजट देकर अन्य प्रदेशो के साथ भेदभाव किया है।

शुभ गुप्ता, सपा नगर अध्यक्ष

बदमाशों ने जनसेवा केंद्र के संचालक को पीटकर 1.50 लाख रुपये लूटे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कैफे बंद कर लौट रहे जनसेवा केंद्र के संचालक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने सिर पर हमला कर उसका बैग छीन लिया। जिसमें डेढ़ लाख की नकदी व अन्य कागज थे। उन्नाव-लालगंज हाईवे पर हुई लूट से हड़कंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची अचलगंज व सदर कोतवाली पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद उसकी तहरीर पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। एडीजी के कानून व्यवस्था की समीक्षा कर लौटते ही हुई वारदात में पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी, एएसपी सहित सदर व बीघापुर सर्किल के सीओ ने घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की।

अचलगंज थानाक्षेत्र के हुलास खेड़ा निवासी शिवम वर्मा (22)

घायल शिवम वर्मा। अमृत विचार

- कानून व्यवस्था की समीक्षा कर एडीजी के जाते ही बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

सदर कोतवाली क्षेत्र के बाबाखेड़ा के पास जनसेवा केंद्र चलाता है। सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी दुकान से 500 मीटर आगे घात लगाए खड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोका और बिना कुछ बात किए पीटने लगे। इनमें से एक ने उसके सिर पर भी वार किया। इसके बाद उनमें से एक युवक ने उसका बैग छीन लिया। जिसमें 1.50 लाख रुपये, एटीएम व क्रेडिट कार्ड था। इसके बाद बदमाश अचलगंज की ओर भाग निकले। मारपीट व लूट की सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सदर सोनम सिंह, सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, सदर कोतवाल, अचलगंज व दही थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। पीड़ित को पास के निजी अस्पताल ले जाकर उपचार कराया और उसके बयान दर्ज किए। पीड़ित के पास इतने रुपये कहां से आए फिलहाल वह अभी इसका जवाब नहीं दे पाया है। तहरीर के आधार पर रात में ही अज्ञात के खिलाफ मारपीट और लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

स्टेशन के पास खड़ी ट्रेन व नशे में धुत पड़ा युवक।

पटरी पर पड़े नशेबाज के लिए रुकी ट्रेन

उन्नाव। रेलवे स्टेशन परिसर अराजकतत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। मंगलवार को नशे में धुत एक युवक पटरियों पर लेट गया। इससे कानपुर से आई गुड्स ट्रेन के चालक ने ब्रेक लेकर आरपीएफ से शराबी को पटरियों से हटवाया तब गाड़ी आगे जा सकी।

स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक पर आरपीएफ पोस्ट सहित जीआरपी थाना संचालित है। इसके बावजूद स्टेशन परिसर के आसपास शराबियों की आवाजाही लगी रहती है। रेल अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है कि मंगलवार को रामपुरी बंद रेलवे क्रासिंग के पास नशे में धुत एक युवक पटरियों पर लेटा रहा। इसी बीच कानपुर की ओर से एक मालगाड़ी आ गई। चालक दल हार्न बजाता रहा, लेकिन पटरी पर लेटा व्यक्ति टस से मस नहीं हुआ। इस पर चालक को मालगाड़ी रोककर आरपीएफ को इसकी सूचना देनी पड़ी। आरपीएफ जवानों ने पटरी पर लेटे व्यक्ति को हटवाकर गुड्स ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना कराया। प्रभारी सब इंस्पेक्टर लालजी यादव ने स्वीकार किया कि नशेबाज की सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा जा रहा है।

कीटनाशक निगलकर युवक ने दी जान

उन्नाव। मुहम्मद खेड़ा गांव निवासी बबलू पासवान (30) पुत्र रमेश पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता था। एक सप्ताह पहले बहन अंजू की शादी में शामिल होने आया था। मंगलवार को उसका पत्नी रामकली से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज बबलू ने घर पर रखा कीटनाशक निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इस पर उसे सीएचसी मियागंज लाया गया। लेकिन हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन वहां पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बजट में महिलाओं, किसानों व व्यापारियों को राहत

शुक्लागंज उन्नाव। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद मंगलवार को पहला बजट पेश किया गया। इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 7वें बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुये अनेक घोषणाएं की है। जिसमें युवाओं को रोजगार, किसानों के हित की योजनाएं, महिलाओं व सीनियर सिटीजन के लिए अनेक योजनाओं का ऐलान किए गए। पौने आठ लाख तक इनकम टैक्स पर कोई टैक्स नहीं पड़ेगा। आपके अपने अखबार अमृत विचार ने नगर के व्यापारी और आम लोगों से राय जानी। जिस पर व्यापारियों ने अंतरिम बजट को राहत भरा बताया। इसके साथ ही किसानों के लिये कई योजनाएं चालू की गई हैं। जिससे किसानों को राहत मिलेंगी। वहीं महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिये 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान दिया है। इसके साथ ही कस्टम ड्यूटी कम होने से मोबाइल सस्ते होंगे, सोने चांदी में भी कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। इसके साथ ही कैंसर की दवाइयों में भी कस्टम ड्यूटी घटने से इलाज कराने वालों को कुछ राहत मिलेगी। वहीं विपक्ष ने बजट को लॉलीपॉप बताया है। क्योंकि इस बजट से छोटे व्यापारी संतुष्ट दिखे। वहीं बड़े व्यापारियां को राहत न मिलने से बजट को हवा हवाई बताया। वहीं देखा जाए तो यह बजट आम आदमी का था ही नहीं। आम आदमी को राहत मिले, ऐसी तो कोई घोषणा ही नहीं हुई। आम आदमी के लिए ये बजट निराशाजनक रहा क्योंकि महंगाई सिर चढ़कर बोल रही है। वहीं सपा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सिर्फ लोगों को भ्रम में रखकर अपना बजट पेश किया है।

वर्ग पहेली-140

बाएं से दाएं

1. 1. एक होने की अवस्था या भाव, अविरोध 2. मिलकर एक होना, समूहबद्धता, संगठन, (यूनिटी) 3. उद्देश्य
3. माल-विभाग का वह कर्मचारी जो ज़मीन की पैमाइश और बंटवारे आदि का प्रबंध करता है।
4. 1. केवल एक अंगवाला 2. विकलांग।
6. 1. सूखा फल, फल 2. किशमिश
7. 1. जो फुसलाने या उकसाने का काम करता हो 2. छलपूर्ण, भरमाने वाला।

ऊपर से नीचे

1. छोटी इकाई, किसी बड़े संस्थान का एक विभाग।
2. 1. हिजड़ा, नपुंसक 2. वह व्यक्ति जिनमें शारीरिक अक्षमता के कारण बच्चे उत्पन्न करने की शक्ति न हो 3. वह व्यक्ति जिसका हाव-भाव
3. 1. बेमेल होना 2. अनौचित्य 3. अर्थालंकार का एक भेद
4. पृथ्वी के किसी देश-महादेश या स्थान विशेष के नक्शे की पुस्तक, मानचित्रावली।
5. पांव की चमड़ी का फटना, बेवाई, पैर की एड़ियों में दरारें पड़ना।



वर्ग पहेली -139 का हल

1 मि	से	ज़	■	■	2 भृ
ल	■	■	3 झ	■	गु
नी	■	4 सु	प	ठ	■
■	5 शिं	■	टा	■	■
■	6 शि	व	ना	7 मी	■
■	या	■	■	टिं	■
■	■	8 मं	जु	ग	ति

परियर-बिठूर मार्ग पर बिछने लगा खड़ंजा

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर-बिठूर मार्ग से गंगातट तक मार्ग बेहद खराब था। रास्ते में पूरी तरह से दलदल हो गया था। इस मामले की खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग की नींद टूटी और पीडब्ल्यूडी एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने एई शानू रहमान को भेजकर मौके का निरीक्षण कराया। इसके बाद विभाग द्वारा इस मार्ग पर मिट्टी डालकर रास्ता सही कराया जा रहा था। तभी सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रयास से गंगातट जाने वाले इस मार्ग पर खड़ंजा लगवाया जा रहा है। जिससे आशु, गुड्डू, ओमप्रकाश, पप्पू, बउआ, भानु व राजू आदि ने अमृत विचार अखबार व सदर विधायक पंकज गुप्ता को धन्यवाद दिया। रास्ता सही होने से दाह संस्कार, गंगा स्नान व सावन माह में कांवड़ियों को आवागमन में सहूलियत हो गई है।

परियर-बिठूर मार्ग पर बिछाया जाता खड़ंजा। अमृत विचार

गृह कलह से ऊबकर दो युवकों ने फांसी लगा कर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत कस्बा क्षेत्र निवासी युवक ने पत्नी के मायके जाने के बाद घर में फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। पत्नी का फोन न उठने पर पड़ोसी की बेटी उसके घर पहुंची तो लोगों को इसकी जानकारी हुई। **वहीं बांगरमऊ** कोतवाली क्षेत्र के गंजमुरादाबाद में भी एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों को पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गंजमुरादाबाद। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला गढ़ी निवासी शिवशंकर (27) बीती सोमवार शाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर की छत पर लेट गया। देररात उसने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में कुंडी के

राकेश।

- अचलगंज और बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की घटना

सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी। मंगलवार सुबह उसका शव फंदे से लटका देख परिजन बेहाल हो गए। परिजनों ने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

अचलगंज थानाक्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला रामेश्वर नगर निवासी राकेश (32) अपने पुस्तैनी मकान में परिवार से अलग रहता था। वह लोहचा स्थित एक ईंट भट्ठा व्यवसाई के यहां निजी चालक था। मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे वह गाड़ी खड़ी कर अपने घर गया था। जहां उसकी पत्नी शीला ने गोद लिए बेटे को साथ लेकर शहर के छोटा चौराहा निवासी बीमार ससुर महेश को देखकर आने की बात कही। इसे लेकर दोनों में कहासुनी हुई। पत्नी बच्चे के साथ बीमार पिता को देखने आ गई। मायके पहुंचने के बाद उसने पति को फोन मिलाया तो उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर उसने पड़ोसी की बेटी को फोन किया और पति से बात कराने को कहा। पड़ोसी की बेटी फोन से बात कराने उसके घर पहुंची तो कमरे में राकेश का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका देख वह उसकी चीख निकल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो जामातलाशी में उसकी जेब से एक लेटर मिला। पुलिस के मुताबिक उसे सुसाइड नोट नहीं कह सकते। पत्नी ने बताया कि कोई बच्चा न होने से दोनों ने एक रिश्तेदार के बेटे को गोद लिया है।

सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			3			9
	4		1					
	7					8		
2				4				
9	8					2	3	
				2		1		6
			9				7	
		3			5			
1			6			2		

सुडोकू -52 का हल

1	5	6	8	4	9	3	7	2
8	4	7	5	2	3	1	9	6
9	3	2	1	7	6	8	4	5
4	1	9	6	8	5	7	2	3
7	6	5	3	9	2	4	8	1
3	2	8	4	1	7	6	5	9
6	8	3	9	5	4	2	1	7
5	7	1	2	3	8	9	6	4
2	9	4	7	6	1	5	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 07.30 तक तत्पश्चात चतुर्थी 25 जुलाई 04.39 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

वृष आज अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग उच्च पद पर आसीन हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लेना अत्यंत हितकारी होगा।

मिथुन आज आप प्रकृति के बीच समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें। लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है।

कर्क आज मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है। उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।

सिंह आज जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

कन्या आज व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के बढ़ियां अवसर मिलेंगे। अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

तुला आज नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। धार्मिक स्थल की यात्रा का विचार बनाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी।

वृश्चिक आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। पिता का मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। जॉब की स्थितियां आपके लिए काफी प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

धनु आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। आप घर पर आराम की और फिल्मों का आनंद उठाने की योजना बना सकते हैं।

मकर आज सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कुंभ आज जोखिम भरे कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। व्यवसायियों को अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आप अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने ला पाएंगे। महत्वपूर्ण मीटिंग का हिस्सा बन सकते हैं।

मीन आज कर्मचारियों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर रखें। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें। किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। तनाव का असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्मा
सुबह : 11.14
प्रेम
रात : 07.00
बादल
सुबह : 11.02
फोरेंसिक
रात : 08.00

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट
सुबह : 10.25
घोस्ट राइडर
रात : 09.00

&pictures
वलाटी
दोपहर : 12.18

ZEE CINEMA
फुकरे 3
रात : 08.00

मुंबईकर
सुबह : 11.08

colors CINEPLEX
इंस्पेक्टर विजय
शाम : 05.49

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पड़ोस की भाभी को देखने के लिए गप्पू पेड़ पर चढ़ गया।
तभी आंटी ने गप्पू को देख लिया
आंटी-बेटा पेड़ पर क्या कर रहो हो ?
गप्पू-बिजली देखने का इरादा है पर नागिन दिख गई।
फिर क्या पेड़ से उतरने पर गप्पू की जमकर कुटाई हुई।

इंटरव्यू में बॉस ने पूछा- क्या आपको ब्रिटिश भाषा आती है?
लड़का- हां
बॉस- कुछ बोल के दिखाओ
लड़का- डूगना लागान डेना पड़ेगा बुवन।
बॉस- बॉस बेहोश...

शहीद चंद्रशेखर आजाद के शौर्य का किया बखान

विधायक पंकज गुप्ता ने आजाद के पद चिह्नों पर चलने का किया आह्वान, 'मै आजाद हूं' नाटक का हुआ प्रदर्शन

जयंती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिला पर्यटन, प्रशासन व संस्कृति विभाग की ओर से निराला प्रेक्षागृह में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने आजाद के राष्ट्र भक्ति के जज्बे को नमन करते हुए उनके अमर बलिदान को याद करते हुए उनके शौर्य का बखान किया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायक सदर पंकज गुप्त ने अमर शहीद के जीवन को याद करते हुए कहा स्वयं को आजाद कहलाने वाले अमर शहीद को दुनिया के तमाम देशों में शासन करने वाली गोरी सरकार जीवित गिरफ्तार नहीं कर सकी। इसीलिए भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी तरह विधायक आशुतोष शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने भी शहीद का स्मरण किया। वक्ताओं सहित अन्य लोगों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस दौरान डीडीओ संजय पांडेय, बीएसए संगीता सिंह, डीआईओएस एसपी सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील वर्मा, क्षेत्रीय सांस्कृतिक अधिकारी कमलेश पाठक व पंकज तिवारी के अलावा बड़ी संख्या विभिन्न स्कूलो के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद रहे। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया।

बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

शहीद आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व अन्य।

सीडीओ ने रवाना की स्वतंत्रता रैली

- जीजीआईसी पहुंचकर प्रेम प्रकाश मीणा ने विद्यार्थियों व स्वयं सेवकों द्वारा निकाली गई स्वतंत्रता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका कार्यक्रम स्थल निराला प्रेक्षागृह पहुंचने पर समापन हुआ। प्रेक्षागृह परिसर में अमर शहीद के जीवन व विभिन्न क्रांतिकारियों पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही विकास प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती रही।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर खूब बजीं तालियां

- प्रेक्षागृह में आजाद व स्वतंत्रता आंदोलन आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर रहे। वहीं शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर आधारित लघु फिल्म 'मै आजाद हूं' के प्रदर्शन के दौरान प्रेक्षागृह परिसर में शांति छाई रही। आल्हा गायन के समापन पर श्रोता देर तक करतल ध्वनि करते रहे।

जगह-जगह मनाई गई आजाद की जयंती

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार को अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई गई। जहां उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। वहीं पालिकाध्यक्ष सभासदों के साथ ऋषि नगर स्थित शहीद पार्क में पहुंची। जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गये और उन्हें याद किया गया। अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की जयंती पर ऋषि नगर स्थित शहीद पार्क में मनाई गई। जहां पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, प्रतिनिधि संदीप पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने भारत माता को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिये अपने प्राणों की आहूति दे दी। इस मौके पर विजय तिवारी, संजय तिवारी, राजन, बब्बन मौजूद रहे। इसके अलावा जेई घनश्याम मौर्या, अनूप शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, योगेश मिश्रा, संजय जायसवाल, प्रद्युम्न मिश्रा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

पिता-पुत्रों को पांच साल की सजा

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में खेत में खंभे लगाने को लेकर हुए विवाद में पिता ने दो बेटों के साथ मिलकर अधेड़ की पिटाई करने के साथ धारदार हथियार से हमला किया था। एडीजे ने तीनों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी सूरत पासी पुत्र खग्गा पांच फरवरी-2018 को गांव निवासी पिता-पुत्रों पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि वह चार फरवरी की शाम पांच बजे वह अपने खेत पर पत्नी श्यामवती व बेटी सीमा के साथ लकड़ी के खंभे लगा रहा था। तभी उसके पड़ोसी खेत स्वामी मेवालाल व उसके बेटे सुशील व जगदीश आए और उसे खंभे लगाने से मना किया। उसने कारण पूछा तो तीनों ने उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय व आनन्द गौड़ की दलीलों को सुनने के बाद एडीजे शिप्रा आर्य ने मेवालाल व उसके दो बेटों को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी पाते हुए उन्हें पांच-पांच साल की सजा के साथ पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने के भी आदेश दिए।

कुएं में गिरी बकरी निकालने उतरे दो युवकों की जहरीली गैस से मौत

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया था
- अग्निशमन कर्मी दोनों को जिला अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में तोड़ा दम

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के वजीरगंज गांव में घर के अंदर बने कुएं में गिरी बकरी को निकालने के लिए रस्सी के सहारे उतरे दो युवक जहरीली गैस की वजह से अचेत हो गए। किसी तरह अग्निशमन कर्मियों की मदद से उन्हें कुएं से निकालकर सामुदायिक स्वासथ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाते समय दोनों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना से घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। परजिनों के साथ साथ अन्य ग्रामीणों की आंखें भी नम दिखीं।

सफीपुर कोतवालीक्षेत्र के गांव नौबतपुर के मजरा वजीरगंज निवासी धनीराम के घर में पुराना कुआं है। कुआं वर्षों पहले सूख गया था। मंगलवार देरशाम धनीराम की बकरी कुएं में गिर गई। बकरी निकालने के लिए धनीराम का पुत्र लाल (40) और पड़ोसी बबलू (23) पुत्र दर्शन रस्सी के सहारे कुएं में रस्सी में उतर गए। लेकिन कुछ देर तक जब देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने उन्हें पुकारा पर कोई जवाब नहीं मिला तो चीख पुकार मच गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर एसएचओ श्याम नारायण सिंह पहुंचे और अग्निशमन कर्मियों को मौके पर बुलाया। एएसपी दक्षिणी प्रेम चंद, एसडीएम सफीपुर नवीन चंद और सीओ माया राय पहुंचीं।

टार्च की रोशनी में देखा गया तो पता चला कि दोनों अचेत पड़े हुए हैं। दमकल कर्मियों ने कांटा डालकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को रेस्क्यू किया। आनन फानन में उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी सफीपुर लाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना से गांव में मातम का माहौल छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

चंदन घाट पर डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- घाट पर मिले कपड़ों और मोबाइल से पुलिस ने कराई शिनाख्त

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर सावन के पहले सोमवार पर गंगा स्नान के दौरान भारी भीड़ रही। जहां अचलगंज थानाक्षेत्र निवासी एक युवक स्नान के दौरान डूब गया। दूसरे दिन घाट पर मौजूद पंडा ने उसका शव गंगा में उतराता देखा। जिसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने के बाद परिजनों को सूचना दी ।

अचलगंज थाना क्षेत्र के बदरका चौकी के गड़सर गांव निवासी सुरेश पासी का 32 वर्षीय बेटा अंकित पासी सावन के पहले सोमवार पर गंगा नहाने के लिये जाजमऊ चंदन घाट पर आया था। जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। तट पर मौजूद लोगों की उस पर नजर नहीं पड़ी। मंगलवार सुबह घाट पर पूजा पाठ का काम करने वाले उन्नाव साईपुरम निवासी विक्रम ने उसका शव गंगा में उतराता देखा। जिसकी जानकारी जाजमऊ चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को गंगा से बाहर निकलवाया। जिसके बाद तट पर मृतक के कपड़े मिले। जिसमें मोबाइल मिलने पर फोन कर रिश्तेदारों को जानकारी दी और मृतक की शिनाख्त कराई।

अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच माह पूर्व उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव के दो युवक नशीला पदार्थ सुंघाकर अपने साथ लुधियाना ले गए थे। जहां अपने दो अन्य साथियों के साथ पांच माह तक बेटी को बंधक बनाकर रखा और सभी ने उससे दुष्कर्म किया। किसी तरह से बेटी वहां से भागकर घर आ गई और अपने साथ हुई घटना बताई। आरोप लगाया कि बेटी तीन माह की गर्भवती भी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पांच माह पूर्व बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट लिखी गई थी। किशोरी वापस घर आ गई है। जांच की जा रही है।

जेबकतरों ने गल्ला व्यापारी के 50 हजार रुपये उड़ाये

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- ई-रिक्शा में बैठ कर जाते समय घटना को दिया अंजाम

अमृत विचार। ई-रिक्शा पर बगल में बैठे दो जेबकतरों ने एक गल्ला व्यापारी की जेब काटकर 50 हजार रुपये पार कर दिये। बाद में जेबकतरे ई-रिक्शा से उतरकर तीसरे साथी की बाइक से भाग निकले। जनकारी होने पर पीड़ित ने तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी अनिल गल्ला व्यापारी है। मंगलवार को वह गल्ला खरीदने फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव मुन्नी खेड़ा गया था। सौदा न होने से वह ई-रिक्शा से वापस घर आ रहा था। उसकी जेब में 50 हजार रुपए थे। रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित आलमपुर रेतवा गांव के पास दो जेबकतरे ई-रिक्शा रोककर अनिल के बगल में बैठ गए। बाद में दोनों ने गल्ला व्यापारी की जेब काटकर 50 हजार रुपये पार कर दिये। इसके बाद वे एक पेट्रोलियम के पास उतरकर पीछे से आ रहे अपने साथी की बाइक पर बैठकर भागने लगे। जेब कटी देख व्यापारी ने उन्हें रोकने की कोशिश की। किंतु तीनों जेबकतरे बाइक से भाग निकले। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। इसके पूर्व बीती शनिवार को अज्ञात बाइक सवार जेबकतरे ने कोतवाली क्षेत्र के गांव लोनारी निवासी किसान लक्ष्मीकांत की जेब काटकर 20 हजार रुपये पार कर दिये थे।

दरोगा ने दो दर्जन हमलावरों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

फॉलोअप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- सोमवार देरशाम बांगरमऊ के मऊ गांव में दो पक्षों में हुआ था संघर्ष
- इस दौरान कोतवाली में तैनात दो सिपाही भी गंभीर रूप से हो गए थे घायल

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में बीती सोमवार देरशाम दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में जमकर लाठी-डंडे व गोलियां चलीं थीं। सूचना पर पहुंचे दो पुलिस कर्मियों को भी हमलावरों ने ईंट मारकर जख्मी कर दिया था। दरोगा ने दोनों पक्षों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में बीती सोमवार देरशाम दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के आरिफ़ पुत्र चिंकू व मुहीब पुत्र रहीस के बीच तनाव उत्पन्न हो गया था। तभी दोनों पक्षों की ओर से दर्जनों लोग आमने-सामने आ गए थे और एक-दूसरे पर लाठी-डंडे व ईट-पत्थर व गोलियां चलाने लगे थे। एक पक्ष के हमलावरों ने दूसरे पक्ष के दरवाजे पर खड़ी जेसीबी व कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। झगड़े में एक पक्ष के ताहिर के भांजे जुनैद पुत्र मोबीन उर्फ पप्पू निवासी गांव रमजानी पुरवा माधौगंज हरदोई व मुहीब पुत्र रहीस निवासी मऊ बांगरमऊ सहित आधा दर्जन और दूसरे पक्ष के नियाजुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन सहित आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हुए थे। घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। झगड़े की सूचना पर हल्का पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां दोनों पक्षों से जारी पथराव के दौरान कोतवाली में तैनात सिपाही कमल सैनी व रमेश सैनी गंभीर घायल हो गए थे।

हल्का दरोगा हरेंद्र प्रसाद ने दोनों घायल सिपाहियों को सीएचसी में भर्ती कराया था। मंगलवार को दरोगा ने दो दर्जन हमलावरों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

युवकों पर जबरदस्ती करने का लगाया आरोप

औरास। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में दी तहरीर में बताया कि दोपहर करीब 2 बजे वह घर से शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के युवकों ने हाथ पकड़कर उसे जंगल में खींच लिया और गलत काम करने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर परिजन पहुंचे तो वे युवक वहां से भाग गए। जब उसके पिता ने युवकों के घर जाकर शिकायत की तो आरोपियों ने अपने भाइयों को बुलाकर पिता से बाजार जाते समय रास्ते में मारपीट की। जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। इस पर पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामला बढ़ता देख पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराकर जांच शुरू की है।

बिजली न आने से लाखों लोग गर्मी में हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- फीडर 3 में खराबी आने से ठप रही बिजली, रात भर जागे लोग

अमृत विचार। कुंदन रोड पर ब्रेक डाउन होने के कारण पूरे नगर की बिजली गुल रही। रात के समय बिजली न आने पर गलियों में अंधेरा पसरा रहा। बिजली कर्मियों ने मरम्मत कर आपूर्ति चालू की। जिसके बाद ओवरलोडिंग होने के कारण सोमवार रात फीडर तीन की बिजली की आवाजाही लगी रही। जिससे लोग परेशान रहे।

सोमवार रात लगभग पौने दस कुंदन रोड पर ब्रेक डाउन हो गया। जिस कारण गोकुल बाबा सबस्टेशन, शुक्लागंज पॉवर हाउस, गंगाघाट टाउन, त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन से होने वाली सप्लाई बंद हो गई। रात के समय बिजली न आने पर गलियों में अंधेरा पसरा रहा। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया और रात करीब ग्यारह बजे क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।

बिजली न आने से लाखों की आबादी को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं फीडर तीन पर अधिक लोड पड़ने से बार-बार 10 एमवीए ट्रांसफार्मर की एमसीवी ट्रिप होने से दर्जनों मोहल्लों की सप्लाई रात दो बजे तक आती जाती रही। जिससे गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये।

दो डंपर चालकों से साढ़े 7 हजार की लूट

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा चौराहा पर गिट्टी भरने जाने के लिए खड़े दो डंपर चालकों से बदमाशों ने साढ़े सात हजार रुपये लूट लिये।

क्षेत्र के गदन खेड़ा चौराहा पर खड़े दो डंपरों के चालकों से दो बाइक व एक स्कूटी से आए पांच बदमाशों ने तमंचे की नोक पर गिट्टी भरने जा रहे माखी थानाक्षेत्र निवासी चालक अरुण व अमित से 7500 रुपये लूट लिये। चालक की सूचना पर पीआरवी पहुंची और कानपुर की ओर भागे बदमाशों का पीछा करते हुए आगे लगे फोर्स को अलर्ट किया। बताते हैं कि इनमें से बदमाश हाईवे पर बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने घायल चालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के महरामऊ निवासी अजयपाल यादव (46) खेती कर परिवार पालता था। पांच जुलाई को वह बाइक से अलचगंज कस्बा आया था। वह लौट रहा था। तभी उन्नाव-लालगंज हाईवे पर कोलुहागाढ़ा के पास एक वैन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उसके सिर व अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई थीं।

परिजन उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए लेकिन, उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इस पर उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसे आईसीयू में रखा गया था। सोमवार शाम इलाज के दौरान उसकी सांसे थम गईं।

जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी गंभीर

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सेरसा के मजरा ठेरुआ निवासी राजेंद्र सिंह की नातिनें बरखा व वर्षा उसके पास ही रह रही हैं। बरखा ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। पड़ोसी ने बरखा को बेसुध पड़े देख उसकी नानी को बताया। इस पर आनन-फानन उसकी नानी बरखा को स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

राजकीय कृषि बीज भंडार न खुलने से किसानों ने किया हंगामा

बिछिया। ब्लॉक स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार का दोपहर 12 बजे तक ताला न खुलने से नाराज़ किसानों ने दो घंटे तक हंगामा काटा। धना खेड़ा निवासी वृद्ध प्रेमा पीएम सम्मान निधि की जानकारी करने पहुंची थी। वहीं मयंक शुक्ला सहित अपना काम कराने पहुंचे करीब एक दर्जन किसान हंगामा करने लगे। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद साढ़े 12 बजे ऑफिस खुला। लेकिन तब तक काफी किसान जा चुके थे।

देशी शराब की दुकान से नकदी व शराब पार

सफ़ीपुर उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के साल्हेनगर करौंदी गांव में कन्हैया लाल जायसवाल की देशी शराब की दुकान है। बेलरावा गांव निवासी सेल्समैन मनोज यादव ने बताया कि वह सोमवार देररात दुकान बंद कर एक किमी दूर गांव खाना खाने चला गया। वापस आने में उसे देर हो गई। जब देररात वह दुकान पहुंचा तो दुकान में लगी खिड़की की लोहे की ग्रिल कटी थी। अंदर जाकर देखा तो गुल्लक में रखे पांच हजार रुपये व देशी शराब के 65 क्वार्टर गायब थे।

महिला की जहरीले कीड़े के काटने से गई जान

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कन्हऊ निवासी सुनील की 30 वर्षीय पत्नी बालेश्वरी बीती सोमवार रात घर में चारपाई पर सो रही थी। तभी अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सड़क हादसे में घायल वृद्ध की दो महीने बाद मौत

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी संतलाल (65) खेती करते थे। 17 मई को वह घाटमपुर चौराहे पर लगने वाली सब्जी मंडी से पैदल लौट रहे थे। तभी लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर गांव आड़ाखेड़ा के सामने बाइक की टक्कर से वह घायल हो गए थे। उनका इलाज कानपुर में चल रहा था। वहीं उनकी मौत हो गई।

युवक का शव पहुंचते ही परिजनों में छाया मातम

औरास। थानाक्षेत्र के मक्का खेड़ा गांव निवासी रेहान (22) पुत्र रहीश बरेली जिले के बास गांव में एक होटल में नौकरी करने गया था। सोमवार को उसकी जेनरेटर बंद करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मंगलवार को उसका शव लेकर परिजन गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया।

मारपीट व जान से मारने की धमकी देने पर एक साल की सजा

उन्नाव। बिहार थानाक्षेत्र निवासी अखिल सिंह ने पांच जुलाई-2018 को थाने में दी तहरीर में बताया था कि थानाक्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी जुबेर अहमद उससे गालीगलौज करने लगा। ग्रामीणों को आता देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे ममता सिंह ने जुबेर अहमद को दोषी ठहराते हुए एक साल की सजा सुनाई है।

घटने के बाद 5 सेंटीमीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार को पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने से एक बार फिर केन्द्रीय जल आयोग ने गंगा के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की है। इधर कई दिनों से जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही थी। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार सोमवार शाम पांच बजे 110 .590 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद मंगलवार दोपहर एक बजे 110 .640 मीटर पहुंच गया जो शाम छह बजे तक स्थिर रहा। मंगलवार को पांच सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मारपीट के मामले में 9 के खिलाफ हुई कार्रवाई

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नेहरु नगर निवासी वीरेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनके मकान में किराये पर रहने वाले अशोक और दीपक से उनका विवाद हो गया। जिस पर दोनों ने उन्हें मारा पीटा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं डकारी के कुटेवा गांव में देर रात पुरानी खुन्नस का लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिस पर पुलिस ने एक पक्ष से रजऊ की तहरीर पर देशराज, प्रहलाद और संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकी वहीं दूसरे पक्ष से देशराज की बेटी सोनाली ने रजऊ, सुनील, गुड्डन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

समस्या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व सीइटीपी के जिम्मेदारों ने बंद कर रखी हैं आखें, सिटी मजिस्ट्रेट बोले- इसकी जांच कराकर होगी कार्रवाई

उद्योगों के प्रदूषित पानी से लोन नदी हो रही 'जहरीली'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर व पुरवा विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिये कभी जीवन दायिनी कही जाने वाली लोन नदी का पानी अब पीना तो दूर सिंचाई तक के लिये बेकार साबित हो रहा है। हालात यह हैं कि इसके पानी से जो भी किसान अपने खेत की सिंचाई कर देते हैं वह बंजर की स्थिति तक पहुंच जाता है। इससे क्षेत्र के किसानों में बीमारी फैलने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी बिगड़ रही है। ऐसा सिर्फ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों और उद्यमियों की मिलीभगत के चलते हो रहा है। उद्यमी अफसरों का हाथ पीठ पर होने से उद्योग से निकलने वाले केमिकलयुक्त व प्रदूषित पानी को लोन नदी में पहुंचा रहे हैं।

कामन इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीइटीपी) व प्रदूषण अफसरों की मिलीभगत से दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित स्लॉटर हाउसों व टेनरियों के संचालक खुले नालों से लोन नदी में प्रदूषित पानी गिरा रहे हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि स्लॉटर हाउस व टेनरी संचालकों को विभागीय अफसरों का संरक्षण प्राप्त है जिससे वे यह कारनामा खुलेआम करने से भी नहीं चूक रहे हैं। अफसरों व उद्यमियों की मिलीभगत से लोन नदी के आज यह हालात हैं कि इसके प्रदूषित पानी से अगर किसी खेत की सिंचाई कर दी जाती है तो वह बंजर तक की स्थिति में पहुंच जाता है। इस कारण से किसानों ने लोन नदी के पानी से सिंचाई करनी बंद कर दी है। उनका कहना है कि इसके पानी से सिंचाई करने पर फसलें नष्ट हो जाती हैं। वहीं लोन के प्रदूषित पानी से क्षेत्र के भूगर्भ में फ्लोराइड की भी समस्या बढ़ी है। इससे गावों के ग्रामीण विकलांगता के अलावा दांत व पेट की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

औद्योगिक क्षेत्र के नालों में बहता उद्योगों का प्रदूषित पानी। लोन नदी में गिरता टेनरियों का केमिकलयुक्त पानी। अमृत विचार

नदी के किनारे बसे इन गांवों के पानी में फ्लोराइड

- सदर व पुरवा विधानसभा की डेढ़ लाख से अधिक आबादी के एक सैकड़ा से अधिक गावों में चांदपुर, रायपुर बुजुर्ग, ओरहर, तारगांव, जमुका, बडौरा, नेवरना, जरगांव, तिवारी खेड़ा, पड़री खुर्द, भटखेरवा, जगेथा, पौंगहा, झाऊखेड़ा, मीरपुर, बैगांव, मझखोरिया, अतरसई ,मंगतखेड़ा, मिर्जापुर सुम्भारी, भूलेमऊ, गदोरवा, सेमरीमऊ पूरी तरह से फ्लोराइड की समस्या से जूझ रहे हैं।

क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिये नहीं आ रहे रिश्ते

- लोन नदी के किनारे बसे कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां के निवासी फ्लोराइड, आंख, दांत व विकलांगता समेत पेट की बीमारियों से ग्रसित हैं। स्थिति यह है कि वहां पर कोई भी अपने लड़के व लड़कियों की शादी तक करना नहीं चाहता है। जिससे क्षेत्र में युवक-युवतियों की शादियां नहीं हो रही हैं।

कभी पीने के साथ सिंचाई के काम आता था लोन का पानी

- लोन नदी के पानी से किसान फसलों की सिंचाई करने के साथ घरेलू काम में भी उपयोग करते थे। लेकिन, अब इस पानी को पीने व खेतों की सिंचाई करना तो दूर अगर गलती से कोई इसमें स्नान कर ले तो शरीर में दाने और फफोले पड़ जाते हैं। जिससे ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है।

मुझे तो कहीं भी ऐसा नहीं दिखा...

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने कहा कि जैसा आप बता रहे हैं मुझे तो कहीं भी ऐसा नहीं दिखा। आप हमारे कार्यालय आइये और दिखाइये कि कहां लोन में प्रदूषित पानी बहाया जा रहा है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि जांच करायेंगे

सिटी मजिस्ट्रेट राजीव ने कहा कि आपके द्वारा इसकी जानकारी मिली है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ से इसकी जानकारी करके इसकी जांच कराई जाएगी।

विजय दिवस का जश्न

बीकानेर के आर्मी क्षेत्र में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस का जश्न मनाया गया। एक के बाद एक कर्तव्य करते हुए भारतीय सेना के जवानों ने लोगों में जोश भर दिया। एजेंसी

जाली नोट गिरोह में शामिल व्यक्ति को पांच साल कैद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भारतीय मुद्रा के उच्च गुवावत्ता के जाली नोट चलाने के एक प्रमुख आरोपी को यहां की एनआईए अदालत ने पांच साल कठोर कैद की सजा सुनाई। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। राज्य के मालदा में गोपालगंज इलाके के निवासी फैजुल एसके पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। राशि जमा करने में विफल रहने पर तीन महीने की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। एक फरार बांग्लादेशी नागरिक समेत तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई जारी है।

यूपीएससी परीक्षा में माता-पिता के अलग होने का दावा कर ट्रेनी आईएएस ने गलत तरीके से लिया लाभ

केंद्र ने वैवाहिक स्थिति की जानकारी मांगी

पुणे, एजेंसी

केंद्र ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया है कि वह विवादों में घिरीं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता की वैवाहिक स्थिति से उसे अवगत कराए।

अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने यह निर्देश पूजा पर यह आरोप लगने के बाद दिया है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने माता-पिता के अलग होने का दावा कर यूपीएससी परीक्षा में गलत तरीके से ओबीसी गैर क्रीमी लेयर का लाभ लिया। खेडकर पर महाराष्ट्र के पुणे जिला कलेक्टरेट में प्रशिक्षण के

दौरान ऐसी सुविधाएं और भत्तों की मांग करके ताकत और विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप है, जिनकी वह हकदार नहीं थीं। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आस-पास के सभी लोगों को धमकाया और अपनी निजी ऑडी (एक लग्जरी कार) कार के ऊपर लाल-नीली बत्ती (उच्च पदस्थ अधिकारी को दर्शाती) लगाई। पूजा खेडकर के खिलाफ पिछले हफ्ते दिल्ली में गलत जानकारी देने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस किया जारी

यूपीएससी ने भी 2022 की परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में भाग लेने से रोकने पर विचार कर रहा है। पुणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि केंद्र सरकार ने यह बताने को कहा है कि क्या पूजा खेडकर की मां मनोरमा और पिता दिलीप का तलाक हो गया है। उन्होंने कहा हमें यह पता लगाने और केंद्र सरकार को सूचित करने को कहा गया है कि क्या पूजा खेडकर के माता-पिता का तलाक हो गया है। संक्षेप में हमसे उनकी शादी/तलाक की वास्तविक स्थिति को सत्यापित करने के लिए कहा गया है। यूपीएससी ने पिछले सप्ताह पूजा खेडकर के खिलाफ फर्जी पहचान के आधार पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से शामिल होने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने सहित कई कार्रवाई की थी।

एक नजर

रक्षा मंत्री को दी युद्धपोत में आग के कारण हुई क्षति की जानकारी

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के कारण हुई क्षति की जानकारी दी है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र में सोमवार को आग लग गई थी। इस हादसे में युद्धपोत को काफी नुकसान पहुंचा है। नौसेना के अनुसार बाद में यह युद्धपोत एक तरफ झुक गया और कोशिशों के बावजूद इसे सीधा नहीं किया जा सका। एडमिरल त्रिपाठी ने सिंह को सोमवार शाम को इस हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अज्ञात बदमाशों ने रेलवे लाइन पर सरिया डाला, हादसा टला

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में कुछ अज्ञात बदमाशों ने रविवार देर रात रेलवे लाइन पर सरिया डाल दिया। हालांकि, वहां से गुजरने वाली ट्रेन के चालक ने समय पर ब्रेक लगा दिया, जिससे संभावित हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि असारवा-जयपुर एक्सप्रेस के रविवार रात करीब 11 बजे डूंगरपुर स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद यह घटना घटी। पुलिस के मुताबिक, लगभग चार किलोमीटर की यात्रा के बाद लोको पायलट ने पटरियों पर पड़े सरिये को दूर से देख लिया और ब्रेक लगा दिए।

मुंबई में इमारत ढहने से तीन लोग घायल

मुंबई। महाराष्ट्र में मध्य मुंबई के धारावी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा नजदीक की चॉल पर गिर जाने से तीन लोग घायल हो गये। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार देर शाम को हुई। निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा पास के एक घर पर गिर गया, जिसमें एक महिला अनीता सिंह (28), एक शिशु कियांश पटवाल (नौ) और एक बालक मनप्रीत सिंह (पांच) घायल हो गये।

प्रख्यात गायक रमन बरुआ का नहीं लगा सुराग

गुवाहाटी। असम पुलिस ने सोमवार से लापता प्रख्यात गायक, संगीतकार और निर्देशक रमन बरुआ की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुवाहाटी के लतासिल इलाके में रहने वाले 84 वर्षीय बरुआ सोमवार सुबह मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन जब देर शाम तक नहीं लौटे तो उनके परिवार के सदस्यों ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक वह मंदिर के नजदीक स्थित गुवाहाटी उच्च न्यायालय की नई इमारत के पास सुबह करीब सवा 10 बजे आखिरी बार देखे गए थे।

नीट-यूजी : आईआईटी के विशेषज्ञों ने कहा- केवल एक उत्तर ही सही था

भौतिकी के प्रश्न को लेकर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को भौतिकी के इस विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

सुनवाई शुरू होने पर सीजेआई ने रिपोर्ट में लिखी बातों का हवाला दिया और कहा हमें आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट मिली है। आईआईटी निदेशक रंगन बनर्जी ने भौतिकी विभाग की एक समिति गठित की और वे बताते हैं कि तीन विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रश्न की जांच की। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प सही जवाब है। सीजेआई ने कहा कि चौथा विकल्प, जो कहता है कि 'पहला कथन सही है, लेकिन

दूसरा कथन गलत है, सही जवाब है। पीठ ने कहा समिति ने साफ तौर पर कहा है कि केवल एक सही विकल्प था, जो कि चौथा विकल्प है। इसलिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था। अभी इस मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र और एनटीए की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दलीलें पेश कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को इस आधार पर दोबारा कराने का अनुरोध करने संबंधी याचिका भी शामिल है कि इसका प्रश्न पत्र लीक किया गया तथा परीक्षा के आयोजन में अन्य अनियमितताएं भी थीं। सोमवार को पीठ को दिन भर चली बहस के दौरान भौतिकी के एक प्रश्न को लेकर असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा। ऐसी दलील दी गई कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिसने दो सही उत्तर में से एक विशेष उत्तर दिया था, उसे चार अंक दिए गए। कुछ वकीलों ने यह भी कहा कि अभ्यर्थियों के तीन समूह थे, और एक समूह को सही उत्तर के लिए माइनस पांच अंक मिले, दूसरे समूह को दूसरे सही उत्तर के लिए चार अंक मिले, और तीसरे समूह में वे लोग शामिल थे, जिन्होंने या तो जवाब पता न होने या नेगेटिव अंक मिलने के डर से इसे छोड़ दिया था। पीठ को बताया गया कि इसका सफल अभ्यर्थियों की योग्यता सूची पर काफी असर पड़ेगा। इस दलील के बाद कोर्ट ने आईआईटी के निदेशक से तीन विषय विशेषज्ञों की समिति गठित करने को कहा था।

प्रश्न पर मांगी गई थी प्रतिक्रिया

इस विवादित प्रश्न पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर और आईआईटी, मद्रास के पूर्व छात्र नवीन गौड़ से प्रतिक्रिया मांगी थी। प्रश्न में लिखा है नीचे दो कथन दिए गए हैं। कथन 1 : परमाणु विद्युत रूप से न्यूट्रल होते हैं, क्योंकि उनमें समान संख्या में धनात्मक और ऋणात्मक आवेश होते हैं। कथन 2 : प्रत्येक तत्व के परमाणु स्थिर होते हैं और अपने विशिष्ट स्पेक्ट्रम का उत्सर्जन करते हैं। उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें

- (1) कथन 1 गलत है, लेकिन कथन 2 सही है।
- (2) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
- (3) कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।
- (4) कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है।

दयाल सिंह कॉलेज में पढ़ाने वाले प्रोफेसर गौड़ ने कहा कि विकल्प चार ही एकमात्र सही उत्तर है। पांच मई को 23 .33 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) दी थी। इन शहरों में 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। देशभर के सरकारी और निजी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है।

आईएएस की पत्नी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा मैं निर्दोष

अहमदाबाद। गुजरात के आईएएस अधिकारी रंजीत कुमार जे. की अलग रह रही पत्नी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में उन्होंने दक्षिणी राज्य में उनके खिलाफ दर्ज दो मामलों में खुद को निर्दोष बताया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूर्या (45) की 21 जुलाई को गांधीनगर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। एक दिन पहले उन्होंने अपने पति के सरकारी आवास के पास एक उद्यान में जहर खा लिया था। कुमार 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है। कुमार वर्तमान में गुजरात विद्युत नियामक आयोग (जीईआरसी) के सचिव के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि आठ महीने पहले पति को छोड़कर गईं सूर्या शनिवार को जब वापस लौटीं तो वह घर पर नहीं थे।

अस्पताल में भर्ती की आड़ में विलासिता की अनुमति नहीं दे सकते

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में 80 वर्षीय व्यवसायी याचिका खारिज की

मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार 80 वर्षीय व्यवसायी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की आड़ में किसी आरोपी को विलासिता की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीएमएलए अदालत ने सोमवार को एसोसिएट हाई प्रेशर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष मनोहरलाल अगीचा की अस्पताल में रहने की अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

आरोपी व्यवसायी को ईडी ने नवंबर 2023 में एक बैंक से 149.89 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के आदेश के अनुसार, न्यायिक हिरासत में रहते हुए अगीचा को मार्च 2024 में 15 दिनों के इलाज के लिए बांद्रा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से, आदेश को कई बार बढ़ाया गया और वह लगातार अस्पताल में भर्ती रहे।

हाल में, अगीचा ने आगे के इलाज के लिए अस्पताल में अपने रहने की अवधि को कुछ और महीनों के लिए बढ़ाने की याचिका दायर की। हालांकि, विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश ए.सी. डागा ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया और आर्थर रोड जेल अधिकारियों को आरोपी को मध्य मुंबई की जेल में वापस ले जाने का निर्देश दिया।

मालेगांव विस्फोट : निर्णायक चरण में सुनवाई

मुंबई। मालेगांव में बम विस्फोट के करीब 16 साल बाद इस मामले की सुनवाई निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की विशेष अदालत अंतिम दलीलों की सुनवाई बुधवार से करेगी।

वर्ष 2008 में हुए इस बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज इस मामले के सात आरोपियों में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर शामिल हैं। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने उनमें से एक समीर कुलकर्णी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मंगलवार को बचाव पक्ष के अंतिम गवाह के परीक्षण के साथ साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग पूरी कर ली। न्यायाधीश ए के लाहोटी अब फैसला सुनाने से पहले अभियोजन और बचाव पक्ष की आखिरी बार दलील सुनेंगे।

- एनआईए अदालत 24 जुलाई से सुनेगी अंतिम दलील

दुष्कर्म पीड़िता की प्रसव के दौरान मौत, मामला दर्ज

ठाणे, एजेंसी। यहां के वाशी पुलिस थाने में 18 वर्षीय लड़की की प्रसव के दौरान मौत के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूंकि कथित अपराध दिघी में हुआ था इसलिए इस संबंध में शून्य प्राथमिकी दर्ज कर उसे रायगढ़ जिले के दिघी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रीवर्धन निवासी आरोपी हेमंत और पीड़िता की मुलाकात पिछले साल कंप्यूटर की कक्षा के दौरान हुई थी जिसके बाद दोनों दोस्त बन गए। लड़की के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसने कथित तौर पर दो मौकों पर उसके साथ दुष्कर्म किया जिसके बाद लड़की गर्भवती हो गई।

मुस्लिमों के बिना अमरनाथ यात्रा संभव नहीं : उमर

श्रीनगर, एजेंसी

- कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नाम लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का किया स्वागत

नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाने का मंगलवार को स्वागत किया और कहा कि मुस्लिमों के सहयोग के बिना अमरनाथ यात्रा तक संभव नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने संबंधी आदेश देना नहीं चाहिए था। वार्षिक अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्राओं का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि ये मुसलमानों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। अमरनाथ यात्री मुसलमानों के कंधों पर यात्रा करते हैं। जो लोग माता वैष्णो देवी यात्रियों को घोड़ों या पिट्ठुओं पर ले जाते हैं, वे किस धर्म से ताल्लुक रखते हैं? उन्हें (भाजपा को) वहां धर्म नहीं दिखता। आरएसएस के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के केंद्र के फैसले के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि अगर उन्हें ऐसा करना है तो सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में शिरकत से भी प्रतिबंध को हटाया जाना चाहिए(

भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को गोवा तट के पास एमवी मार्सक फ्रैंकफर्ट पर अग्निशमन अभियान चलाया। एजेंसी

राष्ट्रगान गाने को मजबूर किए गए युवक की मौत की जांच सीबीआई को

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में पुलिस कर्मियों द्वारा फैजान को चार अन्य मुस्लिम पुरुषों के साथ कथित तौर पर राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाने के लिए मजबूर करते हुए एवं पीटते हुए देखा जा सकता है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने फैजान की मां द्वारा (एसआईटी से जांच कराने के लिए दायर याचिका पर कहा मैं याचिका को स्वीकार कर रहा हूं। मैं मामले को सीबीआई को स्थानांतरित कर रहा हूं। किस्मतुन ने 2020 में दाखिल याचिका में आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके बेटे के साथ मारपीट की और उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा एवं उसे अति आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित किया। इसकी वजह से रिहाई के बाद उसी साल 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति वाली याचिका पर रोक

मुंबई, एजेंसी

- शीना बोरा हत्याकांड में की आरोपी हैं इंद्राणी मुखर्जी, यूरोप जाने की मांगी थी अनुमति

बंबई उच्च न्यायालय ने शीना बोरा हत्याकांड में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को यूरोप की यात्रा पर जाने की अनुमति देने वाले विशेष अदालत के आदेश पर मंगलवार को अंतरिम रोक लगा दी। इंद्राणी मुखर्जी पर 2012 में अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या का आरोप है और वह फिलहाल जमानत पर है। न्यायमूर्ति एसवी कोतवाल की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर न्यायमूर्ति एस सी चांडक की नियमित पीठ के समक्ष 29 जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति चांडक मंगलवार को उपलब्ध नहीं थे। सीबीआई ने न्यायमूर्ति कोतवाल की वैकल्पिक पीठ के समक्ष याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा कि बेहतर होगा कि याचिका पर नियमित पीठ सुनवाई करे। उन्होंने कहा कि तब तक विशेष अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई जाती है। इंद्राणी के वकील रंजीत सांगले ने बताया कि वह वैसे भी यात्रा नहीं कर सकती, क्योंकि उसके पास पासपोर्ट नहीं है। सीबीआई कोर्ट ने 19 जुलाई को इंद्राणी को अगले तीन महीनों के दौरान बीच-बीच में दस दिनों के लिए यूरोप (स्पेन और ब्रिटेन) की यात्रा करने की अनुमति दी थी।

देश छोड़ने की इजाजत देना उचित नहीं : श्रीराम

जांच एजेंसी के वकील श्रीराम शिरसाट ने मंगलवार को अदालत को बताया कि इंद्राणी हत्या के एक मामले में मुख्य आरोपी है, जिसकी सुनवाई अभी जारी है। उन्होंने दलील दी कि इस समय आरोपी को देश छोड़ने की इजाजत देना उचित नहीं होगा। विशेष अदालत ने अनुमति देते हुए इंद्राणी पर कुछ शर्तें भी लगाई थीं। अदालत ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान उन्हें कम से कम एक बार भारतीय दूतावास या उसके संबद्ध राजनयिक मिशन के कार्यालय में उपस्थित होना होगा और उपस्थिति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

आठ हजार रुपये की रिश्वत के आरोप में अधिकारी गिरफ्तार

पालघर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पालघर जिले के विक्रमगढ़ में आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी सहायक अभियंता (श्रेणी-2) संदीप जवाहर विक्रमगढ़ में तैनात है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने पिता के नाम पर दो बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था। स्थानीय लाइनमैन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्वीकृति के लिए अपनी रिपोर्ट अनुभाग कार्यालय को भेज दी। लेकिन दो मीटर लगाने की स्वीकृति देने के लिए आरोपी इंजीनियर ने शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपये की मांग की। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सुनवाई आपत्तिजनक पोस्ट पर एक्स, गूगल व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी

लोस अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ पोस्ट हटाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरपीएस अधिकारी की बेटी की तस्वीर हटाने के आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक्स कॉर्प और गूगल इंक को भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) अधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला ने अंतरिम आदेश में अज्ञात पक्षों को अंजलि बिरला द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में उल्लिखित कथित मानहानिकारक सामग्री को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पोस्ट करने, प्रसारित करने, संचारित करने, ट्वीट करने या रीट्वीट करने से भी रोक दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट को मध्यस्थों द्वारा 24 घंटे के भीतर हटाया जाएगा, और यदि वादी को समान तरह की किसी

अन्य पोस्ट के बारे में पता चलता है, तो वह इसके बारे में एक्स और गूगल को सूचित करेंगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले में एक्स, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा अज्ञात पक्षों को भी नोटिस जारी किया तथा चार सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा। अधिकारी ने सोशल मीडिया पर उन पोस्ट को हटाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने पिता के प्रभाव के कारण पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर ली और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी बन गईं।

अंजलि के वकील ने बताया कि वह यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) में शामिल हुई थीं और उनका चयन 2019 की समेकित आरक्षित सूची में हुआ था। वह आईआरपीएस अधिकारी के रूप में भारतीय रेलवे में शामिल हुईं। सुनवाई के दौरान अंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने कहा तीन साल बाद, यह सोशल मीडिया अभियान फिर से शुरू हो गया है जो न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी बदनाम करता है, जिसमें उनके पिता भी शामिल हैं जो एक राजनीतिक व्यक्ति होने के साथ संवैधानिक पद पर आसीन हैं।

मॉडल का हवाला दे पोस्ट की जा रहीं थी निजी तस्वीरें

अधिवक्ता ने कहा कि उनकी मुवक्किल 2021 में एक अधिकारी बनी, लेकिन अब नीट और यूपीएससी परीक्षा विवाद के कारण अचानक ये चीजें फिर से सामने आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से ऐसा महसूस होता है जैसे हम सब इसका हिस्सा हैं। अधिवक्ता ने कहा कि अंजलि (वादी) की निजी तस्वीरें यह कहते हुए ऑनलाइन पोस्ट की जा रही हैं कि वह एक मॉडल हैं। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि साइबर अपराध विभाग में भी इसकी शिकायत की गई है। अंजलि ने एक्स कॉर्प, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और अज्ञात व्यक्तियों को मुकदमे में पक्षकार बनाया है।

केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ आवंटित

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपये में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपये के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपये अधिक है।

इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपये था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपये था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इसे

596.39

करोड़ रुपये खेलो इंडिया के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में हुआ था आवंटित

हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपये किया गया था।

खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है। मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपये से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपये हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का बजट भी 795.77 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 822.60 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें 26.83 करोड़ रुपये का उछाल है। साइ देश भर में अपने स्टेडियमों के रख रखाव अलावा वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का प्रबंधन भी करता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को बजट में मामूली वृद्धि मिली है। नाडा और एनडीटीएल का काम खिलाड़ियों की डोपिंग जांच करना है। नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है जबकि एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है।

पाकिस्तान ने यूएई को हराकर किया सेमीफाइनल का दावा मजबूत

महिला एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के नाबाद अर्धशतक से पाकिस्तान ने महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में यूएई को 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। यूएई के 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुल की 55 गेंद में आठ चौकों से नाबाद 62 रन की पारी और मुनीबा अली (नाबाद 37) के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

यूएई की टीम इससे पहले सादिया (11 रन पर दो विकेट), तुबा हसन (17 रन पर दो विकेट) और नासरा संधू (22 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशा ओझा (16) और खुशी शर्मा (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। इस जीत से पाकिस्तान के तीन मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम का सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत हो गया है। यूएई की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है।

भारत ने नेपाल को दिया 179 रन का लक्ष्य

दाम्बुला। भारत ने महिला एशिया कप टी-20 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ तीन विकेट पर 178 रन बनाये। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 81 जबकि दयालन हेमलता ने 47 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। नेपाल के लिए सीता राणा मागर ने दो विकेट चटकाए।

खेल डायरी

हरमनप्रीत, शेफाली 11वें स्थान पर, मंधाना पांचवें पर

दुबई। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट रैंकिंग में पांचवां स्थान बनाए रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत को एक पायदान का फायदा मिला जबकि शेफाली बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर आ गई। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रौड्रिग्स 19वें स्थान पर हैं। रिचा घोष 24वें स्थान पर है। बेथ मूनी 769 अंक लेकर शीर्ष पर है। गेंदबाजों की सूची में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवे स्थान पर हैं। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव 20वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं।

विश्व जूनियर टीम स्क्वाश में भारत के सामने इंग्लैंड

ह्यूस्टन। भारतीय लड़कों ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया जबकि लड़कियों की टीम इंग्लैंड से इसी अंतर से हार गई। लड़कों की टीम का सामना पांचवें स्थान के लिए इंग्लैंड से होगा जबकि लड़कियों की टीम सातवें स्थान के लिये हांगकांग से खेलेगी। लड़कों की टीम में शौर्य बावा ने कोनोर एर्ल को 12-10, 7-11, 11-6, 11-7 से हराया जबकि अयान वाजिराली ने जुडा फिलिप्स को 11-4, 11-4, 11-8 से हराया। लड़कियों की टीम में शमीना रियाज इंग्लैंड की एमेली हावर्थ से 8-11, 4-11, 10-12 से हार गई जबकि उन्नति त्रिपाठी को एमिली कूचेर पोर्टर ने 11-8, 14-12, 11-4 से हराया।

वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने वापस लिया नाम

पेरिस। तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापिस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जायेंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मर्रे



पेरिस। दो बार ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मर्रे ने पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। 37 वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।

गंभीर के साथ श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी-20 मुकाबला 27 को होगा, वनडे श्रृंखला के लिए बाद में पहुंचेगे दिग्गज खिलाड़ी

पाल्लेकल, एजेंसी

नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई।

इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था। कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और वनडे श्रृंखला खेलनी है। पहला टी-20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकल। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची।



टी-20 विश्वकप जश्न पर द्रविड़ चीख और रो रहे थे : अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद विराट कोहली का पूर्व कोच द्रविड़ को टी-20 विश्व कप ट्रॉफी सौंपना और कोच का खुशी में चीखना और रोना कुछ ऐसा था जो हमेशा उनकी यादों में रहेगा।

पिछले महीने भारत ने दक्षिण अफ्रीका को करीबी फाइनल में हराकर अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता था जिसके बाद पूर्व कोच द्रविड़ ट्रॉफी को हाथ में उठाकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते नजर आए थे। अश्विन ने स्वीकार किया कि यह 51 साल के द्रविड़ के लिए विशेष लम्हा था जो खिलाड़ी के रूप में आईसीसी का खिताब नहीं जीत पाए लेकिन अंततः कोच के रूप में ऐसा करने में सफल रहे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल कहा मेरे लिए सबसे शानदार लम्हा वह है जब विराट कोहली राहुल द्रविड़ को बुलाते हैं और उन्हें कप देते हैं। मैंने उन्हें कप को गले लगाते हुए और रोते हुए देखा।

भारत के खिलाफ टी-20 में असलंका संभालेंगे श्रीलंका की कमान, 16 सदस्यीय टीम घोषित

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने 27 जुलाई से भारत के साथ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए चरिथ असलंका को टीम का नया कप्तान बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वह हाल ही में कप्तानी से इस्तीफा देने वाले वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। असलंका ने इस वर्ष की शुरुआत में बंगलादेश दौरे पर दो टी-20 मैचों में श्रीलंका टीम की कप्तानी की थी। उन्होंने श्रीलंका अंडर-19 की भी कप्तानी की है। 34 वर्षीय दिनेश चांदीमल की श्रीलंका की टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2022 की शुरुआत में टी-20 मैच खेला था। इस साल एलपीएल में 168.82 के स्ट्राइक रेट से आठ मैचों में 287 रन बनाए। जो कि उनके करियर के 123.03 के स्ट्राइक रेट से कहीं अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में वानिंदु हसरंगा के छह महीने के कार्यकाल के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल जेनिथ परेरा (विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंथा चमीरा और बिनुरा फर्नांडो को शामिल किया गया है।

यातायात महंगा, सीन की सुरक्षा पर सवाल

पेरिस, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिये यहां पहुंचे करीब 45,000 वालिंटियर का यहां आना सार्थक हो गया जब उन्हें हवाई अड्डे पर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से मिलने का मौका मिला। पेरिस में 100 साल बाद ओलंपिक हो रहे हैं और वालिंटियर्स के लिए यह जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। पेरिस हवाई अड्डे पर एक उत्साही वालिंटियर ने कहा मैं 60 साल का हो चुका हूं और मेरे जीवन में तो पेरिस में फिर ओलंपिक नहीं होने वाला। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए जीवन भर नहीं भूलने वाला अनुभव है। बीस मिनट पहले अल्काराज यहां पहुंचे और मैंने उन्हें एक्रिडिटेशन (पहचान पत्र) दिलाने में मदद की। यह अनुभव यादगार हो गया है।

ओलंपिक 2 दिन शेष

- 100 साल बाद पेरिस में ओलंपिक, गर्व पर दर्द का भी बना है सबब

स्थानीय यातायात महंगा

पेरिस में रहने वाले सभी लोग ओलंपिक के आयोजन से खुश नहीं है क्योंकि इसका उनके दैनंदिनी जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय यातायात 2.15 यूरो से बढ़कर 4 यूरो तक पहुंच गया है और आठ सितंबर को पैरालंपिक के खत्म होने तक यही किराया रहेगा। ओलंपिक आयोजन स्थलों के आसपास आवागमन पर भी पाबंदियां हैं। शहर के सबसे व्यस्त ट्रेन स्टेशन पर खड़ी विक्टोरी डेलारू ने कहा पेरिसवासियों के लिए ओलंपिक की मेजबानी गर्व का विषय है लेकिन इससे लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

आधे होटल हैं खाली

ओलंपिक के दौरान होटलों की भारी मांग दिखाई गई जिससे पेरिस के कई लोगों ने कमाई के लिए अपने घरों को किराये पर लगा दिया लेकिन होटलों की उतनी मांग है नहीं। पेरिस में यह पर्यटन का मौसम है लेकिन मांग फिर भी कम है। एक होटल के मैनेजर समीर ने कहा इस समय हमारे होटल में एक रात का किराया 120 यूरो रहता है लेकिन हम आधे दाम पर लगा रहे हैं। ओलंपिक की मेजबानी हमारे लिए अच्छी नहीं रही। काफी पाबंदियां हैं और कई जगहों पर जाने के लिए क्यूआर कोड चाहिए।

क्या वाकई साफ है सीन नदी

ओलंपिक के लिए स्थानीय प्रशासन का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सीन नदी की सफाई था जहां उद्घाटन समारोह, ट्रायथलन और मैराथन तैराकी होनी है। इतिहास में पहली बार पानी पर उद्घाटन समारोह हो रहा है जिसमें सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीन नदी में तैराकी पर 100 साल पहले प्रतिबंध लग गया था लेकिन इसकी सफाई पर डेढ़ अरब यूरो खर्च किए गए। पिछले सप्ताह बारंबार देरी के बाद आखिरकार डुबकी लगाकर इसे तैराकी के लिये सुरक्षित करार दिया।

असम के मुख्यमंत्री ने अभिनव को ओलंपिक आर्डर मिलने पर दी बधाई

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनके असाधारण योगदान के लिये ओलंपिक आर्डर मिलने पर बधाई दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा उम्मीद है कि वह आने वाली पीढियों को खेलों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने बिंद्रा को बताया कि उन्हें ओलंपिक आर्डर दिया गया है और पुरस्कार समारोह 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान होगा। असम सरकार ने गुवाहाटी और जोरहट में दो हाई परफार्मेंस खेल ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने के लिए असम सरकार के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के 250 सरकारी और गुवाहाटी के निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) लागू करने के लिए भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद बदलती जीवन शैली, एकाग्रता के अभाव और स्कूल से बच्चों का नाम वापिस लेने जैसी समस्याओं से निपटना है।

विश्वास, टीम भावना सफलता की कुंजी : क्रेग

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले साल भारतीय पुरुष हॉकी टीम से जुड़े कोच क्रेग फुल्टोन का लक्ष्य आपसी विश्वास मजबूत करना था और उन्हें यकीन है कि उनके प्रयासों का नतीजा पेरिस ओलंपिक में पदक के बेहतर रंग के रूप में मिलेगा।

14 माह पहले पदभार संभालने वाले फुल्टोन ने कहा मुझे नहीं पता कि तोक्यो ओलंपिक से पहले क्या तैयारियां थी लेकिन 14 महीने पहले मेरे आने के बाद से फोकस खिलाड़ियों में आपसी विश्वास बेहतर करने पर रहा है। उन्होंने बेहतर नतीजों के लिये दक्षिण अफ्रीका के मानसिक अनुकूलन कोच पैडी उपटन की सेवाएं ली जो 2011 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम कर चुके हैं। उपटन टीम के साथ पेरिस में हैं। मानसिक दृढता के लिये उन्होंने इस महीने की शुरूआत में स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिन का शिविर लगाया। फुल्टोन ने कहा मैने अल्पकालिन और दीर्घकालिन रणनीति बनाई और उसके हिसाब से काम किया।

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टोन बोले- आपसी तालमेल को बेहतर करने पर रहा पूरा ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा हमारी तैयारियां अच्छी रही और स्विट्जरलैंड में तीन दिन का शिविर बहुत अच्छा साबित हुआ। हमने आपसी विश्वास, टीम भावना और एकजुटता बढाने पर काम किया । इसके बाद नीदरलैंड में नौ दिन अभ्यास किया और कुछ अभ्यास मैच भी खेले। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक विजेता से अपेक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा मुझे अपेक्षाओं का पता है और मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत का हॉकी का गौरवमयी इतिहास रहा है और हम उस विरासत को आगे बढाना चाहते हैं। मैं पोडियम पर रहने के बारे में कयास नहीं लगा सकता क्योंकि ओलंपिक में 12 टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। पहले तीन मैच अहम है जिन पर फोकस रहेगा।

ओलंपिक से इतर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरू में सीनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन खिलाड़ियों को बुलाया है जो पेरिस ओलंपिक की टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें विकास ग्रुप और जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम में शामिल खिलाड़ी छोटे ब्रेक के बाद 24 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे जो चार सितंबर तक चलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा सीनियर टीम पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत की तैयारी में जुटी है लेकिन हमारे पास उससे इतर भी खिलाड़ियों का मजबूत पूल है जो भारत के लिये फिर खेलने के मौके के इंतजार में हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के कुछ सप्ताह बाद ही है लिहाजा इसके लिये बेंगलुरू के साइ केंद्र में शिविर लगाया जा रहा है । ये खिलाड़ी उसके लिये तैयारी करेंगे और ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनसे जुड़ेगी।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है।कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म ''खेल खेल में'' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज फिल्म, वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया हैं। यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

जियो सिनेमा पर 9 से स्ट्रीम होगी घुड़चढ़ी

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म ''घुड़चढ़ी'' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित ''घुड़चढ़ी'' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। ''घुड़चढ़ी'' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। ''घुड़चढ़ी'' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म घुड़चढ़ी का पोस्टर शेयर किया है।पोस्टर में रवीना-संजय और पार्थ-खुशाली रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, प्यार डबल और कन्फ्यूजन डबल।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

नेपाल में भारतीयों को टक्कर मारकर घायल वाला चालक गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में एक कार चालक को नशे में वाहन चलाने और उससे (कार से) टक्कर मारकर तीन भारतीय राहगीरों को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात कालीमाटी-कुलेश्वर सड़क खंड पर हुई। उन्होंने बताया कि गलत लेन से आ रही कार ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भारतीयों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि कार चालक भूपेंद्र श्रेष्ठ (40) ने मादक पदार्थ का सेवन कर रखा था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों की पहचान प्रियांशु कुमार (18), भोला कुमार (25) और श्याम बाबू ठाकुर (18) के रूप में हुई है।

अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत में सोमवार को एक एयर शो स्थल के पास खेत में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कल दोपहर पूर्वी विस्कॉन्सिन शहर नेकिमी में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है। मृतकों के नाम का अभी खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमान दुर्घटना की जांच में जुट गया है।

म्यांमार के प्रधानमंत्री बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

नाएप्यीडॉ। म्यांमार के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय प्रशासन परिषद के अध्यक्ष मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद की गतिविधियों से संबंधित मामलों को हल करने के लिए अस्थायी रूप से कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियां दी गई हैं। एमडब्ल्यूडी न्यूज ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। सैन्य सरकार ने कहा, "कार्यवाहक राष्ट्रपति के कर्तव्य राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।" रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति माइंट स्वे बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।

अमेरिका की अधीनस्थ अदालत पर साइबर हमला

लॉस एंजिलिस। अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ अदालत 'सुपीरियर कोर्ट ऑफ लॉस एंजिलिस काउंटी' पिछले सप्ताह रैनसमवेयर हमले के कारण कम्प्यूटर प्रणाली में खराबी आ जाने के कारण सोमवार को बंद रही। शुक्रवार की सुबह साइबर हमले का पता चलने पर अदालत की कंप्यूटर प्रणाली को बंद कर दिया गया था, जो सप्ताहांत तक बंद रही। अदालतें शुक्रवार को काम-काज के लिए खुली रहीं, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि काउंटी की सभी 36 अदालतें सोमवार को बंद रहेंगी।

मशहूर कन्नड़ निर्देशक ने धोंडले ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। जाने-माने कन्नड़ टीवी सीरीज निर्देशक विनोद वी धोंडले ने अपनी पहली फिल्म के बढ़ते बजट और फिल्म के वास्ते लिए गए तीन करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण से कथित रूप से परेशान होकर 20 जुलाई को आत्महत्या कर ली। उनके साझेदार और फिल्म के निर्माता 'वृद्धि क्रिएशन' के वर्धन हरि ने कहा कि उन्हें वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फिल्म की शूटिंग की अवधि निर्धारित दिनों से लगभग दोगुनी हो गई। हरि ने कहा, "हमारा मूल बजट करीब 1.5 करोड़ रुपये था, लेकिन हम कई गुना ज्यादा खर्च कर बैठे। अब हमें कुछ दृश्यों के साथ-साथ एक गाना और एक लड़ाई का दृश्य भी दोबारा शूट करना था। इन सबके लिए और अधिक पैसे की जरूरत थी।"

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की मुखिया चीटल का इस्तीफा

वाशिंगटन, एजेंसी

- डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को बताया था सबसे गंभीर चूक

अमेरिकी खुफिया सेवा की निदेशक किंबरले चीटल ने एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की घटना को लेकर मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। चीटल ने विभाग के सहयोगियों को किए गए ई-मेल में यह जानकारी दी। चीटल ने अपने ई-मेल में कहा, 'मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। हाल की घटनाओं के मद्देनजर, भारी मन से मैंने निदेशक पद से इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लिया है।'

ट्रंप पर हमले की घटना के बाद से ही खुफिया सेवा पर गंभीर चूक करने के आरोप लग रहे थे। इसे लेकर अगस्त, 2022 से ही निदेशक पद संभाल रहीं चीटल पर इस्तीफा देने का चौतरफा दबाव था। एक दिन पहले ही चीटल ने सांसदों के समक्ष स्वीकार किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास, 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने की घटना के बाद से 'सबसे गंभीर' सुरक्षा चूक है। चीटल ने ट्रंप की हत्या के प्रयास को लेकर सदन की निगरानी व जवाबदेही समिति के समक्ष अपनी पेशी के दौरान यह बात स्वीकार की।

भारत ने बजट में पड़ोसियों का भी रखा ख्याल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव को मदद बरकरार, भूटान के लिए सबसे ज्यादा आवंटन

भारत ने 'पड़ोसी पहले की नीति' के तहत बजट 2024-25 में भूटान को मदद का सबसे बड़ा हिस्सा दिया है। इस वित्तीय वर्ष में उसे 2,068 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भूटान में विभिन्न योजनाओं के लिए 2400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। वहीं, बांग्लादेश को मौजूदा आम बजट में 120 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये था।

वहीं, मॉरीशस के लिए मदद भी 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्तीय मदद कम की गई है। उसके लिए 370 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 400 करोड़ रुपये थी। म्यांमार के लिए भी इस साल का बजट 400 करोड़ रुपये से घटकर 250 करोड़ रुपये हो गया।

इस बीच, मालदीव के लिए आवंटन में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस साल भारत सरकार ने केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए मालदीव को 400 करोड़ रुपये आवंटित किए।

मालदीव और भारत के बीच राजनयिक संबंध इस साल जनवरी की शुरुआत में तनावपूर्ण हो गए थे। दोनों देशों के बीच विवाद उस समय पैदा हुआ, जब मालदीव के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, बाद में इन सांसदों को निलंबित भी किया गया। मोहम्मद मुइज्जी के मालदीव के राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद विवाद शुरू हुआ। चीन के समर्थन माने जाने वाले मुइज्जी ने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। इस कदम ने भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों को और प्रभावित किया था। इसके अलावा, ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए भी 100 करोड़ रुपये का आवंटन बरकरार रखा गया है।

नेपाल-श्रीलंका के लिए भी बजट आवंटन में वृद्धि

नेपाल और श्रीलंका के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेपाल को सहायता के रूप में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो कि पिछले साल 550 करोड़ रुपये था। श्रीलंका के लिए इस साल 245 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि पिछले साल यह राशि 150 करोड़ रुपये थी।

इथियोपिया: भूस्खलन में बच्चों समेत 157 लोगों की मौत

अदीस अबाबा। इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है, जहां भूस्खलन हुआ है।

कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़

खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर की दीवार पर लिखे आपत्तिजनक नारे

ओटावा, एजेंसी

एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर पर हमले में खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। अलबर्टा प्रांत की राजधानी एडमॉन्टन में एक हिंदू मंदिर में मंगलवार को तोड़फोड़ की गई और उन पर घृणित भित्तिचित्र बनाए गए। इसके पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को विरूपित किए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "पिछले कुछ वर्षों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को घृणित भित्तिचित्रों के साथ नष्ट किया जा रहा है।"

ऐसी घटनाओं को भड़काने वाले चरमपंथी तत्वों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बहुसांस्कृतिक मुद्दों पर अपनी वकालत के लिए जाने जाने वाले लिबरल सांसद का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नून ने पिछले साल सार्वजनिक रूप से हिंदुओं को भारत वापस जाने के लिए कहा था। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन और वैंकूवर में घातक हथियारों की तस्वीरें लहरा कर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाया था।

आर्य ने जोर देकर कहा, "जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच जाते हैं।" उन्होंने मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार की एक तस्वीर के साथ आग्रह करते हुए अपनी पोस्ट समाप्त की, "एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह मैं फिर से कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं, इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू-कनाडाई लोगों के खिलाफ भौतिक कार्रवाई में तब्दील हो जाए।"

तोड़ी गई मंदिर की दीवार पर लिखा है, "प्रधानमंत्री मोदी सांसद आर्य हिंदू आतंकवादी कनाडा विरोधी हैं।" पिछले साल नवंबर में एक वकालत संस्था 'कनाडा-इंडिया फाउंडेशन' ने देश के राजनेताओं से अपनी चुप्पी तोड़ने और बहुत देर होने से पहले कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने के लिए कहा था।

कनाडाई राजनेताओं और मीडिया ने हालांकि इस खतरे को नजरअंदाज कर दिया। स्थिति के जवाब में उन्होंने एक खुले पत्र में कहा था, "हमें इस बात से और भी निराशा हुई है कि हमारे नेताओं ने इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। आतंकवाद और खतरों से निपटने के लिए यह चयनात्मक दृष्टिकोण इस दुनिया को सुरक्षित जगह नहीं बनाएगा।"

हाल के दिनों में तोड़े गए हिंदू मंदिरों में मिसिसॉगा में राम मंदिर, रिचमंड हिल में विष्णु मंदिर, टोरंटो में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर शामिल हैं। इन हमलों को धर्म की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखा जाता है और एक खतरनाक प्रवृत्ति माना जाता है। वकालत संस्था ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि चरमपंथियों ने आम हिंदुओं को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है और उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है।

हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं: सांसद आर्य

सांसद चंद्र आर्य ने अपनी पोस्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।'

जेल में अच्छी सुविधाओं के लिए कोर्ट पहुंचे इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में अंतर्राष्ट्रीय मानक की सुविधाएं दिए जाने का अनुरोध करते हुए इस्लामाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद इमरान और बुशरा ने वहां उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के अनुरोध को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की। इमरान को वर्ष 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किया गया था।

ऋषि सुनक 2 नवंबर तक नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे

लंदन, एजेंसी

- नवंबर तक सुनक के उत्तराधिकारी का किया जाएगा चुनाव

ब्रिटेन की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 2 नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी की समय सारिणी के अनुसार नवंबर तक उनके उत्तराधिकारी का चुनाव किया जाएगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) का नेतृत्व कौन करेगा, यह तय करने के लिए संसद के बैकबेंच सदस्यों की 1922 समिति ने सोमवार शाम को दो चरण की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसके तहत दो नवंबर को नए नेता की नियुक्ति की जाएगी।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक (44) ने आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद 5 जुलाई को अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता, तब तक वह टोरी के अंतरिम नेता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। सुनक ने कहा, 'पार्टी का नेतृत्व हासिल करने के उम्मीदवारों या इससे जुड़े अभियान के बारे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा।'

अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंची कमला

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए अपनी डेमोक्रेट पार्टी के 'डेलीगेट' का समर्थन जुटाने के वास्ते मंगलवार को अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंचीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं के हैरिस के पक्ष में लामबंद होने के बीच वह राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनने के लिए रविवार से शुरू किए गए अपने अभियान के तहत मिलवॉकी से समर्थन जुटाना शुरू करेंगी। बाइडन (81) ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था।

फिलिस्तीन के दो विरोधी गुटों हमास और फतह में समझौता

रामल्ला (वेस्ट बैंक), एजेंसी

- वर्षों से जारी मतभेद खत्म करने के लिए बीजिंग में घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच फिलिस्तीन के प्रतिद्वंद्वी समूहों हमास और फतह ने वर्षों से जारी आपसी मतभेदों को खत्म करने के लिए बीजिंग में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच यह घोषणापत्र फलस्तीनी क्षेत्र में मिलकर सरकार बनाने के मकसद से हमास और फतह को एकजुट करने के लिए जारी कई दौर की बातचीत का नतीजा है।

हालांकि दोनों पक्ष आपसी मतभेद दूर करने के लिए पहले भी कई ऐसे घोषणापत्र पर दस्तखत कर चुके हैं, जो विफल रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि क्या चीन प्रायोजित वार्ता से वास्तव में कोई समाधान निकल सकता है। इस घोषणापत्र पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए गए हैं, जब इजराइल और हमास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघर्ष-विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जो गाजा पट्टी में नौ महीने से जारी युद्ध को समाप्त कर सकता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की आजादी का रास्ता खोल सकता है। हालांकि, समझौते पर सहमति बनने के बावजूद युद्ध के बाद गाजा पट्टी की स्थिति को लेकर संशय बरकरार रहेगा, क्योंकि इजराइल इस क्षेत्र के शासन में हमास की किसी भी भूमिका के खिलाफ है। उसने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा को फतह-प्रभुत्व वाले फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित करने के अमेरिका के आह्वान को भी खारिज कर दिया है।

माली में हिंसक हमले में 26 ग्रामीणों की मौत

बमाको। बुर्किना फासो की सीमा के समीप माली के मध्य क्षेत्र के एक गांव पर एक सशस्त्र समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। बैंकोस कस्बे के मेयर मौलाये गुइंडो ने बताया कि डेंबो गांव में हमलावरों ने रविवार शाम को ग्रामीणों पर उस समय हमला कर दिया, जब उनमें से अधिकतर लोग अपने खेतों में काम कर रहे थे। देश की सैन्य सरकार उत्तरी क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है।

मध्य माली में ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं। रविवार के हुए हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन इसके पीछे अल-कायदा से जुड़े चरमपंथी संगठन 'जेएनआईएम' का हाथ माना जा रहा है, जो ग्रामीणों को अक्सर निशाना बनाता है। विद्रोहियों ने जुलाई में भी इसी तरह एक विवाह समारोह पर हमला किया था।

ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' दोषी करार

पाकिस्तान मूल के ब्रिटिश नागरिक अंजम चौधरी को हो सकती है उम्रकैद

लंदन, एजेंसी

- आतंकी संगठन अल-मुहाजिर में कार्यवाहक की भूमिका निभाता था

ब्रिटिश-पाकिस्तानी कट्टरपंथी इस्लामवादी उपदेशक अंजम चौधरी को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को दिशा-निर्देश देने का दोषी पाया गया है। संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय जांच के बाद ब्रिटेन में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। अंजम चौधरी को ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' भी कहा जाता है।

अंजम चौधरी (57) को अल-मुहाजिर (एएलएम) में कार्यवाहक की भूमिका निभाते पाया गया था और लंदन के 'वूलविच क्राउन कोर्ट' में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि उसने 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए आतंकवादी समूह को दिशा-निर्देश दिए थे और ऑनलाइन माध्यम से की गई बैठकों को संबोधित करके संगठन के लिए समर्थन को प्रोत्साहित किया था। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को उसे सजा सुनाई जाएगी। माना जा रहा है कि उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस, न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की ओर से की गई जांच के परिणामरूप दोषसिद्धि हो पाई।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद-रोधी कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा, 'अल-मुहाजिर दुनिया भर में अपनी पहुंच बना चुका है और इसका जन सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।' अल-मुहाजिर को पहली बार 2006 में अल घुरबा नाम से ब्रिटेन द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। अल-मुहाजिर को 2010 में वैकल्पिक नाम के रूप में प्रतिबंध में शामिल किया गया। चौधरी इसके मूल तीन सदस्यों में से एक था।

पिछले साल जुलाई में लंदन के एक एयरपोर्ट से चौधरी के एक सहयोगी 29 वर्ष के खालेद हुसैन को हिरासत में लिया गया था। उसे एएलएम का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि जून 2022 से अपनी गिरफ्तारी होने तक चौधरी ने छोटे-छोटे समूहों में ऑनलाइन उपदेश देकर ब्रिटेन में इस्लामिक स्टेट की स्थापना पर जोर दिया।

श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। इसी के साथ इस वर्ष श्रीलंका द्वारा ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 261 हो गई है। नौसेना ने कहा कि उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के डेल्फ्ट द्वीप पर नौ मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त की गई। नौसेना ने 11 जुलाई को कहा था कि इस साल अवैध शिकार करने को लेकर 252 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। इस माह के आरंभ में श्रीलंका ने भारत के समक्ष एक नौसैनिक की मौत के मामले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। दोनों देशों के मछुआरों को अक्सर अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के जरिये करेंगे हल: ओली

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल के प्रधानमंत्री ने एक सांसद के सवाल का दिया जवाब

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा है कि भारत के साथ लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी जैसे क्षेत्रों सहित सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के माध्यम से हल करने के लिए समझ बनी हुई है। ओली ने प्रतिनिधि सभा में एक सांसद के सवाल का जवाब देते हुए सोमवार को उल्लेख किया कि नेपाल-भारत सीमा पर सीमा चौकियों का निर्माण और बहाली चल रही है।

'माई रिपब्लिका' ने ओली के हवाले से कहा, "संघीय संसद, नेपाल सरकार और सभी नेपाली नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के संबंध में स्पष्ट और दृढ़ रहे हैं। 17 जून, 2020 को नेपाल के संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से नए मानचित्रों को संविधान की अनुसूची-3 में शामिल किया गया है और सीमा मुद्दों पर एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय सहमति है। वर्ष 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, नेपाल सरकार दृढ़ और स्पष्ट है कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाल के हैं।" उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के अवसर पर हुई बैठकों के दौरान, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी थी।

खोज-खबर -सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर के आपसी संपर्क को किया उजागर

भौतिकीविदों का अंतिम पारसेक समस्या के निदान का प्रस्ताव

संवाददाता, नैनीताल



ब्लैक होल की तस्वीर।

अमृत विचार: खगोल भौतिकीविदों ने अंतिम पारसेक समस्या के निदान के लिए नया समाधान प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में सुपरमैसिव ब्लैक होल व डार्क मैटर कनेक्शन को उजागर किया गया है। जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

दरअसल, पारसेक एक खगोलीय मापन मात्रक है, जो सर्वाधिक दूरी को मापने के लिए उपयोग में लाई जाती है। मगर अंतिम पारसेक समस्या वैज्ञानिकों के लिए अभी तक रहस्य बना हुआ था। इसे नए शोध के जरिए सुलझाने का प्रयास किया गया है, जिसमें एक सुपरमैसिव ब्लैक होल बाइनरी सिस्टम द्वारा उत्सर्जित प्रकाश पर शोधकर प्रस्ताव दिया गया है। शोध में वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड की कुछ सबसे बड़ी और छोटी वस्तुओं के बीच एक संबंध पाया है।

यह संबंध सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर कण के बीच है। उनकी नई गणना से पता चलता है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल (एसएमबीएच) के जोड़े डार्क मैटर कणों के पहले से नजरअंदाज किए गए व्यवहार के कारण एक बड़े ब्लैक होल में विलीन हो सकते हैं और यही अंतिम पारसेक समस्या के समाधान का प्रस्ताव है।

यह शोध प्रतिरूपित डार्क मैटर कणों के बीच परस्पर क्रिया गैलेक्टिक डार्क मैटर हेलो के आकार को भी स्पष्ट करता है। साथ ही डार्क मैटर के व्यवहार में भी प्रकाश डालता है। शोध में टोरंटो विश्वविद्यालय, मैकगिल विश्वविद्यालय, ट्रॉटियर अंतरिक्ष संस्थान, स्विट्जरलैंड के सीईआरएन सैद्धांतिक भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक और शोध छात्र शामिल थे।

खगोलीय मापन की इकाइयां

नैनीताल: खगोलीय मापन में तीन प्रकार की इकाइयां उपयोग में लाई जाती हैं। जिनमें सबसे छोटी इकाई को खगोलीय मात्रक यानी पृथ्वी व सूर्य के बीच की औसत दूरी को लिया जाता है। इसे एक खगोलीय इकाई कहा जाता है। दूसरी इकाई प्रकाश वर्ष यानी एक वर्ष में चलने वाले प्रकाश की दूरी होती है। इसके अलावा सबसे लंबी दूरी को मापने के लिए पारसेक इकाई का उपयोग किया जाता है। यह सबसे बड़ा मात्रक है। जिसका मान 3 गुणा 6 प्रकाश वर्ष होता है।

मुस्लिमों के जबरन दाह संस्कार पर माफी मांगेगा श्रीलंका

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति की थी लागू

श्रीलंका की सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 से जान गंवाने वाले मुस्लिम व्यक्तियों के जबरन दाह संस्कार के लिए देश के मुस्लिम समुदाय से औपचारिक रूप से माफी मांगेगी। श्रीलंकाई सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति लागू की थी।

वर्ष 2020 में कोविड-19 पीड़ितों के दाह संस्कार का अनिवार्य आदेश जारी किया गया था, जिससे मुसलमानों सहित कई अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को उनके धार्मिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। हालांकि, बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बीच फरवरी 2021 में इस आदेश को रद कर दिया गया था। एक कैबिनेट नोट के अनुसार, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बैठक में मार्च 2020 में थोपे गए आदेश के लिए मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने सरकार की ओर से सभी समुदायों से माफी मांगने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने ऐसे विवादास्पद कदमों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानून लाने का भी निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने धर्म के आधार पर शवों को दफनाने या दाह संस्कार पर एक प्रस्तावित कानून को भी मंजूरी दे दी है।